दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 14 | अंक : 319 | जयपुर | सोमवार, 23 सितम्बर, 2024 | आश्विन, कृष्ण पक्ष षष्ठी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


# जनता की अदालत में मोदी पर बरसे अरविंद केजरीवाल

## कहा पीएम ने उन्हें और आप नेताओं को क्यों जेल में डाला

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर आम आदमी पार्टी ने रविवार को जनता की अदालत का आयोजन किया। इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने जनता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से काम करने की वजह से पीएम मोदी ने उन्हें जेल में भिजवाया।

केजरीवाल ने कहा कि पिछले दस साल से वह ईमानदारी से सरकार चला रहे थे, उन्होंने बिजली और पानी मुफ्त किया, लोगों के लिए इलाज मुफ्त किया, शिक्षा को उत्कृष्ट बनाया।

पीएम को उनकी ईमानदारी देखकर लगने लगा कि इनसे जीतने के लिए इनकी ईमानदारी पर हमला करना होगा, इसलिए उन्होंने आप को बेईमान साबित करने के लिए उनके एक-एक नेता को जेल में डाल दिया।

पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए केजरीवाल ने आगे कहा, मोदी जी ने हमारे ऊपर देश का सबसे कठोर कानून लगाया, पीएमएलए कानून, इसमें बेल भी नहीं मिलती लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने हम सभी को बेल दे दी। मैं इस दाग के साथ नहीं जी सकतकाम करना तो दूर की बात, मैं इस दाग के साथ जी भी नहीं सकता। उन्होंने आग कहा, इसलिए मैंने सोचा कि मैं जनता की अदालत में जाऊंगा। अगर मैं बेईमान होता तो मुफ्त बिजली के लिए दिए गए तीन हजार करोड़ रुपए गबन कर लेता, महिलाओं के लिए किराया मुफ्त नहीं करता, बच्चों के लिए स्कूल नहीं बनवाता, 22 राज्यों में उनकी सरकार है, कहीं भी बिजली मुफ्त नहीं है, कहीं भी महिलाओं के लिए किराया मुफ्त नहीं है, फिर चोर कौन है मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि केजरीवाल चोर है या केजरीवाल को जेल भेजने वाले चोर हैं

जंतर-मंतर पर अपना संबोधन शुरू करते हुए केजरीवाल ने कहा, आपके बीच आकर अच्छा लग रहा है। आज यहां जंतर-मंतर पर पुराने दिन याद आ गए। मुझे आज भी तारीख याद है, 4 अप्रैल 2011 का दिन था जब आज़ाद भारत का भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन अन्ना आंदोलन यहां से शुरू हुआ था।

उस वक्त की सरकार हमें चैलेंज करती थी कि चुनाव लड़कर दिखाओ और जीतकर दिखाओ, चुनाव लड़ने के लिए पैसा, गुंडे, आदमी चाहिए थे और हमारे पास यह सब नहीं था। हमारे पास न पैसा था न आदमी थे न गुंडे थे, हम चुनाव कैसे लड़ते, फिर हम चुनाव लड़ लिए और जनता ने हमें जीता दिया। देश में हमने 2013 में साबित कर दिया कि ईमानदारी से चुनाव लड़े भी जा सकते हैं और ईमानदारी से चुनाव जीते भी जा सकते हैं।

दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने पर केजरीवाल ने जनता से कहा कि आपके मन में चल रह होगा कि मैंने इस्तीफा क्यों दिया। मैंने इस्तीफा इसलिए दिया क्योंकि मैं भ्रष्टाचार करने नहीं आया था, मुझे सत्ता का लालच, सीएम की कुर्सी की भूख नहीं है, मैं पैसे कमाने नहीं आया, पैसे कमाने होते तो मैं इनकम टैक्स की नौकरी करता था, उसमें करोड़ो रुपए कमा लेता बल्कि हम तो देश के लिए आए थे।




### 10 साल में 10 बंगले, 10 प्लॉट हो जाते लेकिन मैंने कुछ नहीं कमाया

केजरीवाल ने कहा- 10 साल में 10 बंगले, 10 प्लॉट हो जाते। मैंने कुछ नहीं कमाया। आज जब मैं घर छोड़ूंगा तो लोगों के फोन आ रहे हैं मेरे पास मेरा घर ले लो। हम पैसा नहीं लेंगे। श्राद्ध खत्म होने के बाद नवरात्रि शुरू होगी तो मैं घर छोड़ दूंगा और आपके पास ही आकर रहूंगा। मैंने मन में सोचा था कि जब तक कोर्ट बरी नहीं कर देती मैं दोबारा कुर्सी पर नहीं बैठूंगा। वकीलों ने कहा कि 8-10 साल चलेगा केस, तो मैंने तय किया कि जनता की अदालत में जाऊंगा, वो बताएगी कि मैं ईमानदार हूं। झाड़ू का बटन दबाने से पहले वोटर भगवान का नाम लेता है आने वाला चुनाव मामूली नहीं है, ये केजरीवाल की अग्नि परीक्षा है। ईमानदार लगता हूं तो ही वोट देना।

## भारत को चेस ओलिंपियाड में 2 गोल्ड

### 97 साल में पहली बार विमेंस और ओपन दोनों कैटेगरी में खिताब



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत ने चेस ओलिंपियाड में ओपन और विमेंस कैटेगरी में ऐतिहासिक गोल्ड मेडल जीत लिए हैं। ओलिंपियाड के 97 साल के इतिहास में भारत ने दोनों कैटेगरी में पहली बार ही पहला स्थान हासिल किया। 11वें राउंड की ओपन कैटेगरी में भारत ने स्लोवेनिया को 3.5-0.5 से हराया। वहीं, विमेंस टीम ने अजरबैजान को 3.5-0.5 के अंतर से ही आखिरी राउंड हराया। ओपन कैटेगरी में भारत ने 10वें राउंड के बाद ही पहली पोजिशन कन्फर्म कर ली थी, लेकिन विमेंस टीम का गोल्ड 11वें राउंड के बाद कन्फर्म हुआ। क्योंकि दूसरे नंबर पर मौजूद कजाकिस्तान की टीम ने अमेरिका के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेल लिया। इस कारण भारत 19 पॉइंट्स के साथ पहले और कजाकिस्तान 18 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर रहा। चेस ओलिंपियाड 10 सितंबर से हंगरी के बुडापेस्ट शहर में हुआ। 11वें राउंड में भारत ने 3 मैच जीते विमेंस इवेंट में 10वें राउंड के बाद भारत और कजाकिस्तान 17-17 पॉइंट्स के साथ पहले नंबर पर थे। 11वें राउंड में भारत ने अजरबैजान को 3.5-0.5 से हरा दिया। टीम से हरिका द्रोणावल्ली, दिव्या देशमुख और वंतिका अग्रवाल ने अपने-अपने मैच जीते। वैशाली रमेशबाबू ने ड्रॉ खेलकर भारत को 3.5 पॉइंट्स तक पहुंचाया। कजाकिस्तान और अमेरिका के बीच मैच के नतीजे से विमेंस इवेंट में गोल्ड का फैसला होना था। दोनों के बीच मुकाबला 2-2 से ड्रॉ हो गया। इस कारण कजाकिस्तान 18 पॉइंट्स पर अटक गया, वहीं भारत ने 19 पॉइंट्स के साथ पहला स्थान हासिल किया और गोल्ड जीत लिया। विमेंस कैटेगरी में भारत ने लगातार 7 राउंड जीते, फिर 8वें राउंड में पोलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

## अमेरिका में भारतवंशियों के बीच पीएम मोदी, कहा : अपना नमस्ते मल्टीनेशनल हो गया, नेशनल से ग्लोबल हो गया





बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी दौरे के दूसरे दिन रविवार को न्यूयॉर्क में भारतीय मूल के लोगों को संबोधित करे रहे थे। न्यूयॉर्क के नासाउ वेटरंस कॉलेजियम पहुंचने के बाद हजारों लोगों ने मोदी-मोदी के नारे लगाए। इसके बाद अमेरिका का राष्ट्रगान फिर भारत का राष्ट्रगान हुआ। इसके बाद मोदी ने कहा, अपना नमस्ते मल्टीनेशनल हो गया, नेशनल से ग्लोबल हो गया। मोदी ने कहा जब मैं न सीएम था न पीएम था तब इस धरती पर कई सवालों के साथ आता था। किसी पद पर नहीं था अमेरिका के 29 देशों का दौरा किया था। इस इवेंट का नाम मोदी एंड रू प्रोग्रेस टुगेदर रखा गया है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 25 हजार से अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। प्रवासी भारतीयों में इसे लेकर काफी उत्साह है। पीएम मोदी के संबोधन से पहले सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत हो गई है। इस दौरान सोशल मीडिया पर मशहूर सिंगर और रैपर्स की परफॉर्मेंस हुई। आदित्य गड़वी ने गुजराती गाने गोटिलो गाना गाया।

इससे पहले बाइडेन के साथ बैठक और क्वॉड समिट में शामिल हुए। अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात में भारत और अमेरिका के बीच 2 अहम समझौते हुए हैं। अमेरिका की स्पेस फोर्स भारत में सेमीकंडक्टर प्लांट लगाएगी।

इसमें बनी सेमीकंडक्टर चिप्स का इस्तेमाल भारत, अमेरिका की आर्मड फोर्सेस करेंगी। इसके अलावा अमेरिका ने भारत को 31 एमक्यू-बी ड्रोन देने की घोषणा की है। इनका इस्तेमाल सीमा पर निगरानी बढ़ाने के लिए होगा।

### मोदी बोले- क्वाड का साथ मिलकर चलना जरूरी


इससे पहले पीएम मोदी ने शनिवार को डेलावेयर में क्वाड शिखर सम्मेलन में अहम बातें कही। उन्होंने कि दुनिया संघर्षों से घिरी हुई है। ऐसे में क्वाड का साथ मिलकर चलना बहुत जरूरी है। समिट से पहले पीएम मोदी ने शनिवार रात राष्टपति बाइडेन से डेलावेयर स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। दोनों के बीच करीब 1 घंटे द्विपक्षीय बैठक हुई। बाइडेन ने पीएम मोदी के यूक्रेन और पोलैंड दौरे की तारीफ की। इसके अलावा दोनों नेताओं के बीच ड्रोन डील पर भी बात हुई।

## तिरुपति लड्डू विवाद : आंध्र डिप्टी सीएम बोले-भगवान से क्षमा मांगी

बढ़ता राजस्थान

**हैदराबाद ( एजेंसी )।** आंध्र प्रदेश के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) में प्रसादम (लड्डुओं) में जानवरों की चर्बी मामले में आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने कहा- जब हिंदू मंदिरों को अपवित्र किया जाता है तो हमें चुप नहीं रहना चाहिए। अगर ऐसा मस्जिदों या चर्चों में होता तो देश में गुस्सा भड़क उठता। पवन कल्याण ने रविवार (22 सितंबर) से 11 दिनों की प्रायश्चित दीक्षा की शुरुआत की। इस दौरान वह उपवास करेंगे। पवन ने कहा- मुझे अफसोस है कि मैं मिलावट के बारे में पहले क्यों नहीं पता लगा पाया। मुझे दुख हो रहा है। इसके लिए प्रायश्चित करूंगा।

**पवन बोले- जगन सरकार की गलती से हिंदू जाति पर कलंक लगा**-पवन कल्याण ने सोशल मीडिया ट्वीटर पर लिखा, पवित्र माने जाने वाले तिरुमाला लड्डू प्रसादम को जगन रेड्डी की सरकार की



भ्रष्ट नीतियों के कारण अपवित्र कर दिया गया है। इस पाप को शुरू में न पहचान पाना हिंदू जाति पर एक कलंक है। जिस पल मुझे पता चला कि लड्डू प्रसादम में जानवरों की चर्बी हैं, मैं हैरान रह गया। खुद को दोषी महसूस कर रहा हूं। चूंकि मैं लोगों के कल्याण के लिए लड़ रहा हूं, इसलिए मुझे दुख है कि मैं इसे पहचान क्यों नहीं पाया।

## जजपा-एएसपी का गठबंधन हरियाणा में लाएगा बड़ा बदलाव : चौटाला

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने शनिवार को कहा कि जननायक जनता पार्टी (जजपा) और आजाद समाज पार्टी (एएसपी) के गठबंधन को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है और यह गठबंधन हरियाणा में बड़ा बदलाव लाकर दिखाएगा। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की मौजूदा परिस्थितियों के अनुसार जनता भाजपा से नाखुश है और कांग्रेस को वोट नहीं देना चाहती है, ऐसे हालातों में जजपा-एएसपी का गठबंधन जनता के लिए बड़ा विकल्प बन गया है। वह नरवाना और उचाना इलाके में आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद के साथ चुनाव प्रचार के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे।

विभिन्न गांवों में दुष्यंत चौटाला और चंद्रशेखर आजाद का ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया। चौटाला ने कहा कि प्रदेश में बदलाव की लहर चल पड़ी है और जनता इस बदलाव के दौर में जजपा-एएसपी का बढ़-चढ़कर साथ दे रही है।






## एमपी में आर्मी ट्रेन डिरेल करने की साजिश

### ट्रैक पर डेटोनेटर बिछाए, कानपुर में फिर ट्रैक पर मिला सिलेंडर; पंजाब में पटरी पर सरिया रखी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश के 3 राज्यों में ट्रेन पलटने की साजिश की गई। हालांकि, तीनों जगहों पर ही लोको पायलट ने साजिश को नाकाम कर दिया। मध्य प्रदेश के बुरहानपुर में सेना के जवानों को ले जा रही ट्रेन में विस्फोट की कोशिश की गई थी। यह घटना 18 सितंबर की है। रेलवे सूत्रों ने बताया कि बुरहानपुर के नेपानगर में रेलवे ट्रैक पर डेटोनेटर बिछाए गए। हालांकि, ट्रेन के पहुंचने से पहले ही कुछ डेटोनेटर फूट गए। इससे रेलवे अधिकारी अलर्ट हो गए और स्टेशन पर ट्रेन रुकवा दी गई। यूपी के कानपुर में प्रेमपुर स्टेशन के पास ट्रैक पर एक छोटा सिलेंडर रखा मिला। जेटीटीएन गुड्स ट्रेन के लोको पायलट ने सिलेंडर देखते ही इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को 10 फीट पहले ही रोक लिया। पंजाब के बठिंडा में रेलवे ट्रैक पर सरियों का बंडल रख दिया गया। इसे देखकर मालगाड़ी के लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगा दिया, जिससे हादसा टल गया। बिहार के मुजफ्फरपुर में शनिवार रात मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर रेल लाइन के बीच इंजन के कुल 6 चक्के पटरी से उतर गए। घटना शनिवार की रात 8.31 की है। शुरुआती जांच में लोको पायलट और पॉइंट मैन की लापरवाही सामने आई है।

### रेलवे एक्ट में बदलाव की तैयारी, डिरेलमेंट में मृत्युदंड पर विचार

रेलवे एक्ट के मौजूदा प्रावधानों में रेलवे अधिनियम-1989 की धारा 151 के तहत रेल हादसे की साजिश सिद्ध होने पर अधिकतम 10 साल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। अब इस अधिनियम में उपधारा जोड़कर इसे देशद्रोह की श्रेणी में लाने की तैयारी है।



गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक रेल पटरियों पर अवरोधक रखना हादसे की साजिश है। इससे यदि हादसा होता है और जानमाल का नुकसान होता है तो आरोपी के खिलाफ सामूहिक हत्या की धारा भी लग सकती है। बदलाव हुआ तो उम्रकैद से लेकर मृत्यु दंड तक का प्रावधान हो सकता है। इसे लेकर कानूनी सलाह-मशविरा किया जा रहा है। जल्द ही इस बारे में नए प्रावधान अधिसूचित हो सकते हैं। सूत्रों ने बताया, धरना-प्रदर्शन आदि के जरिए रेल यातायात प्रभावित करने पर नए परिवर्तित नियम प्रभावी नहीं होंगे।


सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

### जेडीसी ने ली समस्त प्रकोष्ठों की समीक्षा बैठक, जेडीसी ने दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

# राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 से संबंधित कार्य 10 अक्टूबर तक करवाये जायेंगे पूर्ण

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** स्वायत्त शासन, नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा के मार्गदर्शन में जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में रविवार को जेडीए के मंथन सभागार में जविप्रा के समस्त प्रकोष्ठों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिसमें समस्त प्रकोष्ठों द्वारा पीपीटी के माध्यम से अपने-अपने प्रकोष्ठों का प्रेजेंटेशन दिया गया। बैठक में जेडीए सचिव डॉ. निशांत जैन, समस्त निदेशकगण, समस्त अतिरिक्त आयुक्तगण, मुख्य प्रवर्तन नियंत्रक, समस्त उपायुक्त उपस्थित थे। अन्य संबंधित अधिकारी ऑनलाईन बैठक में जुडे। बैठक में बताया गया कि जविप्रा को 50 प्रतिशत से अधिक राजस्व नीलामी के माध्यम से प्राप्त हो रहा है। जोन कार्यालयों से नीलामी के प्रस्ताव अपेक्षित है, जिससे जविप्रा की आय में वृद्धि हो सकेगी। जेडीसी द्वारा सेक्टर व्यावसायिक भूखण्डों, मुख्यतः जोन-09, 10 व 11, रिंग रोड परियोजना में नीलामी हेतु उपलब्ध भूखण्डों का चिन्हिकरण किया जाकर नीलामी में रखे जाने के निर्देश दिये। जोन-10 में गोविंदपुरा योजना, जोन-11 स्थित चिरोंता में वेयर हाउस योजना, जोन-12 स्थित जयरामपुरा में ईको-फ्रेंडली फार्म हाउस स्कीम (292 भूखण्ड) स्कीम, नाहरी का बास, जोन-14 स्थित कैलाशपुरा में खोखावास में नई स्कीम लांच करने के निर्देश दिये। लाईट्स प्रकरणों (कोर्ट कैसेज) का निस्तारण त्वरित गति से करने एवं इससे संबंधित प्रकरणों की निरंतर मॉनिटरिंग कर पेन्डेन्सी शून्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कोर्ट में लंबित प्रकरणों की पैरवी कर रहे अधिवक्ताओं को संबंधित प्रकरण के बारे में सुनवाई से पूर्व विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने हेतु संबंधित प्रकोष्ठ के ओआईसी को निर्देश दिए, जिससे निर्णय जेडीए के पक्ष में पारित हो। इसके पश्चात कोर्ट निर्णय उपरांत तत्काल प्रभाव से यथा अनुकूल कानूनी कार्यवाही करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि नियमों/आदेशों की जानकारी से पूर्णतया अवगत होने के पश्चात ही अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा पत्रावलियों पर टिप्पणी अंकित की जाये। जेडीसी ने जोन लिपिक स्तर पर पत्रावलियां अनावश्यक रूप से एक - दूसरे को प्रेषित की जाती रहती है, इस प्रवृति को रोके जाने के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त उपायुक्तों को अपने अधीनस्थ स्टाफ से अतिरिक्त प्रयास करते हुए उच्च कुशलता के साथ कार्य करवाने के निर्देश दिये।

बैठक में आयोजना शाखा के अधिकारियों को बीपीसी एलपी/बीपी से संबंधित समस्त लंबित प्रकरणों का निस्तारण आगामी आयोजित होने वाली बैठक से पूर्व निस्तारित करने के निर्देश दिये गये। इस संबंध में संबंधित आवेदको से आवश्यक पत्राचार करने के भी निर्देश दिये, जिससे प्रकरण शीघ्र निस्तारित किये जा सकेंगे।

जोन में सहायक नगर नियोजकों द्वारा मास्टर प्लान में पत्रावलियां अनावश्यक रूप से प्रेषित नहीं की जायेंगी। किसी प्रकार के मार्गदर्शन वांछित होने पर मास्टर प्लान में स्वयं जाकर मार्गदर्शन प्राप्त कर पत्रावली का नियमानुसार तत्काल रूप से निस्तारण किया जाये। इस क्रम में जेडीसी द्वारा निदेशक आयोजना को आदेश जारी करने के निर्देश दिये गये। जेडीसी द्वारा निदेशक अभियांत्रिकी को शहर में चल रहे मुख्य प्रोजेक्ट्स की प्राथमिकता तय करते हुए एक्शन प्लान बनाने हेतु निर्देश दिये गये। सभी जोन उपायुक्तों को अपने-अपने जोन में लैण्ड बैंक की सूचना 30 सितम्बर, 2024 तक भिजवाने के निर्देश दिये। जोन उपायुक्त इस हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त हैं एवं उनके द्वारा राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट - 2024 से संबंधित मुख्यालय से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही करवाने के निर्देश दिये। बैठक में वर्ष 2023-2024 में 10 हजार वर्गमीटर से अधिक भूमि रूपान्तरण एवं 5 हजार वर्गमीटर से अधिक भूमि आवंटन के प्रकरणों की सूची तैयार करने के निर्देश दिये गये। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट - 2024 की वेबसाइट पर लैण्ड बैंक से संबंधित सूचना 30 सितम्बर, 2024 तक अपलोड करने के निर्देश दिये।

## खण्डेल में बालिका संसद का तीसरा अधिवेशन हुआ आयोजित




बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स.)।** बालिका सांसद का तीसरा अधिवेशन रविवार फुलेरा के निकटवर्ती निर्माण संस्था खंडेल प्रांगण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था निदेशक रामेश्वर लाल वर्मा ने की। इस अधिवेशन में 50 सांसदों में से 42 सांसद एवं 15 ग्रामीण सहायिकाएं सम्मिलित हुई। समारोह में दैनिक जीवन में आने वाले समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही उनके समाधान हेतु सामूहिक रूप से अपने-अपने स्तर पर काम करना निश्चय हुआ। गांव में सभी बालिकाओं को बालिका संसद से जोड़ना निश्चित हुआ साथ ही समूह बनाकर अपनी समस्या पर चर्चा करना निश्चित हुआ। सभी बालिका सांसदों को नवंबर माह के प्रथम सप्ताह में जयपुर भ्रमण करने का निश्चय हुआ। साथ ही बालिका संसद का चौथा अधिवेशन 6 दिसंबर को आयोजित करने का निश्चय हुआ। अन्त में सभी बालिकाओं ने अपने-अपने माता-पिता के मार्गदर्शन में खुशहाल भविष्य बनाने के लिए अपने-अपने स्तर पर परिवर्तन करने का निश्चय किया गया।

बालिका संसद की सभी बालिकाओं को बालिका सांसद खंडेल नाम से छपी हुई टी-शर्ट उपलब्ध कराई गई। अधिवेशन में निर्माण संस्था खंडेल की साथ कार्यकर्त्ता सभी महिला सेविकाएं एवं स्टाफ के रूप में श्रीमान रामेश्वर लाल वर्मा, बागेश्वर वर्मा, अर्जुन सिंह शेखावत, चंद्रकांता निशा कंवर, पूरे समय उपस्थित रहे।

## एसओजी ने पकड़ा विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में डमी अभ्यर्थी बैठाने वाले इनामी दो आरोपितो को

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने रविवार को कार्रवाई करते हुए विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में डमी अभ्यर्थी बैठाने वाले दस-दस हजार रुपए के इनामी दो आरोपितो को गिरफ्तार किया हैं। दोनों फरार आरोपित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में फरार थे, जिन पर इनाम घोषित किया हुआ था। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसओजी के एडीजी वीके सिंह ने बताया कि एसओजी ने पटवारी परीक्षा के संबध में दर्ज मामले फरार चल रहे दस-दस हजार रुपए के ईनामी दो आरोपी महेश मीणा निवासी बामनवास जिला सवाई माधोपुर हाल हाल लिपिक ग्रेड-11, कनिष्ठ सहायक कार्यालय वाणिज्यिक कर विभाग व दीपक कुमार निवासी लालसोट जिला दौसा मीणा को गिरफ्तार किया हैं। जांच में सामने आया है कि आरोपितों द्वारा उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा, पटवारी भर्ती परीक्षा-2021 व एलडीसी भर्ती परीक्षा-2021 में डमी अभ्यर्थी बैठा कर पास की थी। उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा में आरोपितों ने आरपीएससी में आयोजित साक्षात्कार में भी डमी अभ्यर्थी भेज कर परीक्षा पास करवाई थी। दोनों आरोपितों ने अपने साथी मनीष मीणा व दिनेश मीणा के साथ मिलकर तीन भर्ती परीक्षाओं में छह अभ्यर्थियों की जगह डमी अभ्यर्थी बैठा कर परीक्षा पास करवाया था। सभी परीक्षाओं में रोशन लाल मीणा डमी अभ्यर्थी के रूप में बैठा था। जो पूर्व में गिरफ्तार हो चुका है।

एडीजी ने बताया कि दीपक मीणा की जगह उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा में रोशन लाल बैठा था। जिसमें दीपक मीणा लिखित परीक्षा में पास हो गया था। इसी प्रकार दीपक मीणा के भाई मनीष मीणा की जगह लिखित परीक्षा व साक्षात्कार में भी रोशन लाल बैठा था। जिसमें मनीष मीणा का उप निरीक्षक में चयन होकर वर्ष 2020 से इंटेलिजेंस में उप निरीक्षक के पद पर कार्यरत था जो वर्तमान में फरार चल रहा है। इसी प्रकार फरार दिनेश कुमार मीणा व गिरफ्तार महेश कुमार मीणा की जगह लिपिक ग्रेड-सेकंड की लिखित परीक्षा में रोशन लाल बैठा था। जिस में ये दोनों चयनित होकर वर्तमान में वाणिज्यिक कर विभाग दौसा में नौकरी कर रहे हैं। मनीष कुमार मीणा, दिनेश कुमार मीणा व दीपक कुमार मीणा तीनों सगे भाई हैं। महेश कुमार मीणा इनका मामा है। मनीष कुमार मीणा इस गिरोह का मुख्य सरगना है। मनीष कुमार मीणा ने अपने साथी रोशन लाल मीणा के साथ मिलकर अपने रिश्तेदारों व जानकारों को डमी अभ्यर्थी बैठा कर चयनित करवाया था। एसओजी ने फरार मनीष कुमार मीणा पर 25 हजार रुपए का इनाम व दिनेश कुमार मीणा पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया हुआ है। इसके अलावा कंचन लाल मीणा व सागर मीणा की जगह पटवार सीधी भर्ती परीक्षा में भी रोशन लाल ने डमी अभ्यर्थी के रूप में लिखित परीक्षा दी थी। जिसमें दोनों का चयन होकर वर्तमान में कंचन लाल मीणा अलवर व सागर मीणा अजमेर में कार्यरत हैं। प्रकरण में अब तक तीन आरोपित रोशन लाल मीणा, महेश कुमार मीणा व दीपक कुमार मीणा को गिरफ्तार किया जा चुका है। फरार मनीष कुमार मीणा, दिनेश कुमार मीणा व सागर मीणा के खिलाफ पुलिस ने कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी करवाया जा चुका हैं।

## महिला से दुष्कर्म के प्रयास

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** बगरू थाना इलाके में एक मकान मालिक के महिला से दुष्कर्म के प्रयास करने का मामला सामने आया है। झगड़ा नहीं करने की समझाने के बहाने वह किराएदार महिला के कमरे में आया था। जबरदस्ती करने का विरोध करने पर धमकी देकर भाग निकला। पीड़िता ने थाने में मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि बगरु निवासी महिला ने मामला दर्ज करवाया है कि वह परिवार के साथ किराए के मकान में रहती है। आरोप है कि 18 सितम्बर को वह घर पर अकेली थी। लड़ाई-झगड़ा नहीं करने की समझाने के लिए मकान मालिक उसके कमरे में आया।

बातचीत के दौरान समझाने के बहाने आरोपी मकान मालिक उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर जबरन रेप का प्रयास किया। विरोध कर शोर मचाने पर धमकी देकर आरोपी वहां से चला गया। बगरु थाने में पीड़िता ने आरोपी मकान मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

**जीजा-साले ने किया महिला से दुष्कर्म :** वही रामगंज थाना इलाके में जीजा-साले द्वारा एक महिला से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीडिता का आरोप है कि झूठी शादी कर जीजा ने लिव-इन में रखकर दुष्कर्म किया। वहीं मौका पाकर डरा-धमकाकर आरोपित साले ने भी दुष्कर्म किया। पीड़िता ने आरोपित जीजा-साले के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि रामगंज निवासी एक महिला ने मामला दर्ज करवाया है कि वह एक कपड़ा शोरुम में नौकरी करती थी। नौकरी के दौरान शोरुम मालिक ने उसे प्रेम जाल में फांस लिया। करीब 9 महीने पहले झूठी शादी कर दूसरी जगह किराए से मकान दिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। लिव-इन में रखकर आरोपी उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। करीब 2 महीने पहले मौका पाकर आरोपित के साले ने घर में अकेला पाकर महिला से दुष्कर्म किया। दरिंदगी का शिकार महिला ने आरोपित शोरूम मालिक पर शादी करने का दबाव बनाया। पहले से शादीशुदा होना बताकर आरोपी ने मना कर दिया। धोखे का एहसास होने पर पीड़िता ने आरोपित जीजा-साले के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

## पुलिस कांस्टेबल पांच हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जोधपुर टीम ने रविवार को कार्रवाई करते हुए पुलिस थानालूणी पुलिस कमिश्नरेट जोधपुर के पुलिस कांस्टेबल मुन्नाराम को परिवादी से पांच हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की जोधपुर टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके द्वारा दर्ज कराये गये मुकदमें में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की एवज में पुलिस हेड कांस्टेबल शम्भू सिंह एवं कांस्टेबल मुन्नाराम दस हजार रुपये की रिश्वत की मांग कर रहे है। जिस पर एसीबी की जोधपुर टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चक्रवर्ती सिंह राठौड़ के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए पुलिस कांस्टेबल मुन्नाराम को पांच हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है। वहीं इस मामले में पुलिस हेड कांस्टेबल शम्भू सिंह की संलिप्तता होने के कारण उसकी दस्तयाबी के प्रयास किये जा रहे हैं।

## पॉक्सो एक्ट में फरार चल रहा आरोपित केरल से गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** सांगानेर सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पोक्सो एक्ट में फरार चल रहा आरोपित केरल से गिरफ्तार किया है। आरोपित मामला दर्ज होने के बाद से ही केरल में फरारी काट रहा था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि सांगानेर सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग पीडिता से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपित महेश चंद शर्मा निवासी सांगानेर हाल बजीरपुर जिला गंगापुर सिटी को मट्टानूर शहर जिला कन्नूर( केरल) को दस्तयाब कर जयपुर लाया गया है।

### विवाहिता ने फांसी का फंदा लगाकर की आत्महत्या

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर ग्रामीण जिले के कालाडेरा थाना इलाके में विवाहिता ने अपने कमरे में लोहे के पाइप से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को चौमू अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस की सूचना पर जयपुर से पहुंची फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। थानाधिकारी प्रभारी कमल सिंह ने बताया कि घटना कालाडेरा थाना क्षेत्र के खपरिया गांव में रविवार की है। जहां मृतक सोहनी देवी बुनकर (40) पत्नी द्वारिका प्रसाद बुनकर ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की है। पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया है कि शनिवार रात दंपती के बीच घरेलू विवाद होना सामने आया है। एफएसएल और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पूरे मामले का खुलासा होगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार मृतका सोहनी देवी के दो लड़कियां हैं, जो कॉलेज की पढाई कर रही हैं। मृतका के परिजनों की ओर से थाने में मर्ग दर्ज करवाई गई है।

### राजकार्य में बाधा पहुंचाने वाले चार युवक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** विद्याधर नगर थाना पुलिस ने राजकार्य में बाधा पहुंचाने वाले चार युवकों को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस जानकारी के अनुसार कुछ युवक जब्त की गई गाय उपायुक्त पशु प्रबंधन नगर निगम ग्रेटर जयपुर के कब्जे से छुड़ाकर अपने साथ ले गए थे। निगम से मिली शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर चार युवकों को पकडा है और वहीं अन्य की तलाश की जा रही हैं।

## अपहरण मामले में पांच हजार रुपये का इनामी आरोपित अभिमन्यु उर्फ लाला गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** सांगानेर सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जानकार व्यक्ति से अपनी मांग मनवाने के लिए अपहरण करने के मामले में पांच हजार रुपये के इनामी आरोपित अभिमन्यु उर्फ लाला को गिरफ्तार किया है । वहीं पुलिस ने पूर्व में उसके एक साथी को गिरफ्तार किया जा चुका है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि सांगानेर सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जानकार व्यक्ति से अपनी मांग मनवाने के लिए अपहरण करने के मामले में पांच हजार रुपये के इनामी आरोपित अभिमन्यु उर्फ लाला निवासी नादौती जिला गंगापुर सिटी को गिरफ्तार किया है। मामला 17 फरवरी का है और इस मामले में एक अन्य आरोपित मोहन सिंह पहले ही गिरफ्तार हो चुका है और मुख्य आरोपित अभिमन्यु उर्फ लाल फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी के लिए पांच हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया हुआ था।

## जयपुर पूर्व जिला पुलिस ने 26 मामले दर्ज कर 27 लोगों को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जिला स्पेशल टीम जयपुर पूर्व (डीएसटी) ने जिले के बस्सी, कानोता, तुंगा,सांगानेर सदर,एसएमएस,सांगानेर, रामनगरिया,मालपुरा गेट,प्रताप नगर खोह नागोरियान,बजाज नगर,जवाहर सर्किल,मालवीय नगर जवाहर नगर और ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में अवैध शराब, आर्म्स एक्ट और मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 26 मामले दर्ज कर 27 लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक देसी पिस्टल मय मैगजीन, 14.55 ग्राम स्मैक, 12.066 किलोग्राम गांजा, 500 ग्राम अफीम, कुल 30 लीटर अवैध हथकड़ शराब, कुल 790 अवैध देशी शराब के पव्वे सहित 5 लाख 21 हजार 900 रुपये जब्त किए गए है। पुलिस उपायुक्त कावेन्द्र सिंह सागर द्वारा बताया कि जिले में आगे भी इसी प्रकार की सख्ती रखी जाकर अवैध शराब, अवैध हथियार एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

## बीसीआई के जयपुर में पहले चैप्टर की शुरुआत व्यापारिक सहयोग और विकास के नए आयाम होंगे स्थापित

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** बिजनेस सर्कल इंडिया (बीसीआई) ने जयपुर में अपने नए चैप्टर की सफलतापूर्वक शुरुआत की। इस महत्वपूर्ण मौके पर जयपुर के 20 प्रमुख व्यापारी और प्रोफेशनल शामिल हुए। उन्होंने व्यापारिक सहयोग, नए कोलाब्रेशन और विकास के अवसरों पर मंथन किया। बीसीआई के संस्थापक मुकेश माधवानी ने इस पहल की जानकारी देते हुए बताया कि जयपुर चैप्टर, व्यापारियों को आपसी सहयोग से व्यापारिक प्रगति के लिए एक नया मंच प्रदान करेगा। बीसीआई के जयपुर चैप्टर के अध्यक्ष के रूप में हिम्मत सिंह नाथावत (सीईओ, जस्ट हेल्थ एंड वैलनेस) को नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर हिम्मत सिंह नाथावत ने कहा कि, बीसीआई सिर्फ एक मंच नहीं, बल्कि व्यापारियों का एक ऐसा समुदाय है, जो मिलकर एक-दूसरे के व्यवसायों को आगे बढ़ाने में सहयोग करेगा। हमें विश्वास है कि जयपुर चैप्टर आपसी सहयोग के नए आयाम स्थापित करेगा। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में (वित्त निदेशक, नारायणा अस्पताल) बलविंदर सिंह वालिया उपस्थित रहे। जिन्होंने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की चुनौतियों और संभावनाओं पर अपने विचार साझा किए और बीसीआई द्वारा व्यापारियों के लिए एक प्रभावी मंच स्थापित करने की सराहना की।

# नगर परिषद की साधारण सभा मे बगैर स्वीकृति के शहर मे धड़ल्ले से हो रहे है निर्माण कार्य और बिक रही है सरकारी सम्पत्तियां

बढ़ता राजस्थान






**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** शहर मे कई स्थानों पर अवैध रूप से निर्माण जारी हैं। नगर परिषद की साधारण सभा मे स्वीकृत होने वाली निर्माण स्वीकृति नहीं मिलने के बावजूद अवैध रूप से बेखौफ होकर निर्माण कर रहे हैं। शहर मे गत दिनों कुछ सरकारी सम्पत्तियों को भी नगर परिषद के आयुक्त व सभापति ने साधारण सभा की बैठक मे कोई निर्णय लिये बगैर ही खुर्द-बुर्द कर डाली हैं। शहर मे कुछ लोगों ने नगर परिषद की छतों को ओने पोने दामो मे खरीदकर नगर परिषद को लाखो रूपयों का चुना लगाया हैं। जानकार सूत्रों ने बताया कि नगर परिषद सीमा मे बनी नगर परिषद की दुकानों व उनकी छतों को डीएलसी रेट मे नगर परिषद के आयुक्त सभापति ने बेचकर ऊपर का भारी मुनाफा कमाया हैं। हालांकि यह जरूर है कि नगर परिषद की वर्षो पुरानी दुकानों का किराया भी ऊंट के मुंह मे जीरे के समान आया करता था। ब्यावर जिला बनने के साथ ही आयुक्त व सभापति ने बगैर साधारण सभा की बैठक मे नगर परिषद की सम्पत्तियों को बेचने अथवा उन्हें किसी भी तरह से खुर्द बुर्द करने के लिये ना तो कोई साधारण सभा मे प्रस्ताव लिया हैं और ना ही किसी तरह का स्वायत्त शासन विभाग ने आदेश दिया हैं। केवल मात्र शहर मे अपनी मनमर्जी व तानाशाही के चलते शहर की बेशकीमती जमीनों को ओने पोने दामों मे बेचकर ऊपर से कमाया जाने वाला मुनाफा जरूर रास आ रहा हैं। लेकिन नगर परिषद की हालत जस की तस बनी हुई हैं। नगर परिषद के पूर्व कर्मचारियों को पेन्शन व उनकी बकाया राशि आदि देने मे कठिनाई हो रही हैं वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी की सरकार होने के बावजूद जो अपने आप को स्वच्छ छवि व ईमानदारी का मुखौटा ओढे हुये हैं उसके पीछे भाजपा बोर्ड के ही कुछ सदस्यों ने सांठ-गाठ कर लाखो रूपये की जमीनों को खुर्द-बुर्द कर मुनाफा कमाने मे लगे हैं। वहीं दूसरी ओर यदि नगर परिषद की निर्मित दुकानों का जिला बनने के बाद नियमानुसार किराया बढाकर लिया जाता तो नगर परिषद के तमाम कर्मचारियों को समय पर वेतन आदि भुगतान करने मे सहूलियत रहती। नगर परिषद के पार्षद जो अपने आप को परिषद का ट्रस्टी बताते है उनमे से अधिकांश पार्षद अपने दो पैसे के स्वार्थ की खातिर सरकारी जमीनों पर कब्जा कराने व नगर परिषद की भूमियों पर अतिक्रमण कराने से नही चूकते। चांग गेट पर सभी प्रशासनिक अधिकारियों की नाक के नीचे बनने वाली दो मंजिला दुकान की नगर परिषद की साधारण सभा मे निर्माण की ना तो स्वीकृति ली है और ना ही दो मंजिला बनाने की स्वीकृति ली हैं। केवल मात्र कुछ तथाकथित पार्षदो की तानाशाही के चलते व प्रशासनिक अधिकारियों की मौन स्वीकृति से यह निर्माण जारी हैं। सबसे बडी बात तो यह है स्वायत्त शासन विभाग के अधिकारियों पर जिले के अधिकारियों की कोई लगाम नहीं है। इतना ही नहीं उपखण्ड स्तर पर बैठे भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी भी अपने अधिनस्थ अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही तक कर पाने मे असमर्थ है। कुछ जानकारों ने यहां तक बताया कि शहर के कुछ तथाकथित लोग नगर परिषद, उपखण्ड, जिले के अधिकारियों के साथ बैठकर अपने अवैध कामों को करवाने मे जुटे हैं।

# पुलकसागर महाराज का 2025 का चातुर्मास उदयपुर में

## दिगम्बर जैन समाज में छायी हर्ष की लहर

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** ऋषभदेव के गुरुकुल में चातुर्मासरत जिनशरणम तीर्थ प्रणेता, राजकीय अतिथि, राष्ट्र संत, भारत गौरव, मनोज्ञ आचार्य पुलक सागर महाराज ने उदयपुर के सकल दिगम्बर जैन समाज व सर्वऋतु विलास ट्रस्ट एवं पुलक मंच के पदाधिकारियों सहित समस्त श्रावकों द्वारा आगामी वर्ष 2025 का चातुर्मास उदयपुर में करने हेतु की गई विनंती पर उदयपुर में अपने चातुर्मास करने की घोषणा की। इस पर पूरे पाण्डाल में हर्षोल्लास छा गया।

आचार्यश्री के परम्भक्त शिष्य महावीर प्रसाद भाणावत ने बताया कि श्री दिगम्बर जैन मंदिर सर्वऋतु विलास के मुख्य ट्रस्टी शान्तिलाल भोजन के नेतृत्व में उदयपुर में चातुर्मास करने की विनती करने हेतु यहां से 2 बसें और निजी वाहनों से लगभग 200 भक्त आज ऋषभदेव पंहुचे जहां गुरुकुल में बिराजित आचार्यश्री पुलकसागर महाराज के दर्शन कर आचार्यश्री चातुर्मास के लिए श्रीफल भेंट किया। अखिल भारतीय पुल जान चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद फ़ान्दोत ने बताया कि जैन संत वर्षा योग में चार माह एक ही स्थान पर रह कर चातुर्मास करते हैं, और पूर्व में महाराज का वर्ष 2008 में मुनि अवस्था में उदयपुर में ऐतिहासिक चातुर्मास हुआ था, अब आचार्य पद पाने के पश्चात् उदयपर के समस्त जैन समाज की मंशा है कि आपका वर्ष 2025 का चातुर्मास उदयपुर में होवें। इसी भावना से आज सकल दिगम्बर जैन समाज उदयपुर ने उन्हें चातुर्मास हेतु श्रीफल भेंट किया। आचार्य श्री ने अपने उद्बोधन में पूरे वात्सल्य भाव दिखाते हुए सभी श्रावक जनों को आगामी वर्ष का चातुर्मास उदयपुर नगर में करने हेतु आशीर्वाद प्रदान किया। इस पर सभी समाजजनों में हर्ष विभोर होकर करतल ध्वनि से आचार्यश्री का जयकारा किया। इस मौक़े पर शांतिलाल भोजन, गेंदालाल फाँदौत, श्रीपाल धर्मावत, अशोक शाह, शान्तिलाल मानोत, बसंतीलाल कंठालिया, विनोद फ़ान्दोत, नीलकमल अजमेरा, महावीर भाणावत, सुशील चितौड़ा, अंजना गंगवाल, वन्दना लोलावत, उषा भाणावत, पुष्पा फाँदौत, ऋषभदेव के, नगर सेठ राजमल कोठारी, समाज अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार जैन, महामंत्री प्रदीप कुमार जैन, सह मंत्री हेमन्त कुमार भंवरा, गुरुकूल ट्रस्ट महामंत्री सुन्दर लाल भाणावत, वरिष्ठ जय प्रकाश वानावत, पूर्व महामंत्री प्रकाश भाणावत, पूर्व अध्यक्ष सुरेश कुमार कोठारी, कवि बलवंत बल्लू, गुरुभक्त हेमन्त अकोत, महावीर प्रसाद गंगावत, दिलिप भाणावत, नवयुक मंडल के अध्यक्ष हितेश भंवरा, समाज के वरिष्ठ सदस्य, नवयुवक मंडल के साथी, महिला मंडल के सदस्य एवम सभी समाज जन, ट्रस्ट पदाधिकारी मौजूद थे।

## गहरी(डीप) और मंद (स्लो ब्रीदिंग) श्वास से अवसाद और दुश्चचिंता जैसी स्थितियां होती है दूर

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर(नि.स.)।** नवल योग सेवा संस्थान की निदेशक व योगाचार्य डॉ. मीना जैन बाबेल ने कहा कि डीप और स्लो ब्रीदिंग जिसे 'डायाफामिक ब्रीदिंग भी कहते हैं, यह शारीरिक व मानसिक दोनों स्तर पर फायदेमंद होने के साथ-साथ एंग्जायटी व डिप्रेशन जैसी अवस्थाओं को दूर करती है व मस्तिष्क में 'डोपामाइन, सेरोटोनिन, एण्डोर्फिन तथा ऑक्सीटोसिन' जैसे हैप्पी हार्मोन को बढ़ाती है तथा हमारे मानसिक स्वास्थ्य को अधिक बेहतर करती है। वे आज एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में बोल रही थी। उन्होंने अवसाद व दुष्चिचंता को दूर करने के उपाय बताते हुए कहा कि आरामदायक स्थिति व सुखासन में घुटने को मोड़कर बैठ जाएं। कंधे,गर्दन व कमर को सीधा कर लें व अपना बायां हाथ पसलियों के नीचे पेट पर व दांया छाती पर रख लें या हाथो को घुटने पर रख कर अनामिका को अंगूठे से दबा कर ज्ञान मुद्रा बना लें व धीरे-धीरे दोनों नासिका से श्वास भर व पेट को बाहर की और आता हुआ महसूस करें व धीरे-धीरे श्वास छोड़े और पेट को अंदर जाता हुआ महसूस करें। उन्होंने कहा कि जहां सामान्य प्रक्रिया से मनुष्य जहां 1 मिनट में 14 से 18 बार सांस लेता हुआ छोड़ता है,वही डीप ब्रीदिंग में आपको तीन या चार बार श्वास लेनी व छोड़नी है। इस तरह पंद्रह मिनट के दो सेट एक दिन में करने से व्यक्ति् अवसाद व दुश्चिंचता को दूर करता है। डॉ. मीना ने बताया कि इसके अनेक परिणाम व लाभ होते है। कई शोध के अनुसार इस ब्रीथिंग के बाद जब इलेक्ट्रोएन्सेफलोग्राम से जांचा गया तो इसमें अल्फा व थियटा तरंगों में बढ़ोतरी हुई व बीटा तरंगे कम हुई। ये तरंगे हमारी मानसिक अवस्था व मस्तिष्क की भावनात्मक अवस्था को निर्धारित करती है। थियटा तरंगे,गहरी विश्राम व सुषुप्त अवस्था को प्राप्त करती है।

# अपना घर आश्रम संस्थान ने किया निःशुल्क भोजन सेवा समिति का अवलोकन

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** निशुल्क भोजन वितरण सेवा संस्थान द्वारा अपवरत रूप से चली चलाई जा रही निशुल्क भोजन वितरण सेवा कार्यक्रम का आज मुख्य अतिथि अपना घर आश्रम के सचिव समाजसेवी गोपाल कनेरिया ने अवलोकन कर आयोजन पर संतोष व्यक्त किया। संस्थापक के प्रदेश अध्यक्ष केदारनाथ दाधीच ने बताया कि संस्थान के सेवासाथी गोपाल वर्मा , हेमंत दसोड़ा , हेमंत कसारा ,योगेश कुमावत रमेश कुमार सेवा साथियों ने गोपाल कनेरिया का भावभीना स्वागत किया। इस अवसर पर कनेरिया ने संस्थान की प्रशंसा करते हुए बताया कि जरूरमंद भूखे को रोटी और प्यासे को पानी की व्यवस्था के लिए अपने शब्दों में बयां करना संभव नहीं है। यह बड़ा पुनीत एवं अलौकिक कार्य है। उन्होंने ईश्वर से यही प्रार्थना की कि यह संस्थान इसी तरह दीन, दुखी जन की सेवा करती रहे। संस्थान के महासचिव महावीर नागदा ने बताया कि अपना घर आश्रम उदयपुर में ऐसे भटके व मानसिक रोग से पीड़ित दीन, दुखी व्यक्ति जिन्हें आश्रम प्रभु जी के नाम से पुकारती है। संस्थान आश्रम जैसे किसी अबोध बालक को पालन में जो संघर्ष सेवा उससे कहीं गुना सेवा आश्रम इन प्रभु जी के साथ बड़े प्रेम , शांति और संयम के साथ सेवा करती है। संस्थान के जिला सचिव एडवोकेट अशोक पालीवाल ने बताया कि आज के निशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम के दौरान संस्थान के शारदा वर्मा , गरिमा नागदा, रेशम भट्ट , मुरलीधर , गोविंद जी , हरिओम सेन , दिनेश कसारा , विनीत तलेसरा , कैलाश बोराणा , राजू भाई , शांतिलाल तंवर , घनश्याम माली , मदन चुंडावत , प्रकाश लोहार हरीश पेंटर सेवा साथियों की उपस्थिति एवं सहयोग से निशुल्क भोजन वितरण सेवा कार्य संपन्न हुआ।

# चूरू के वरिष्ठ कांग्रेसी सुबोध मासूम का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

बढ़ता राजस्थान



**चूरू(सुरेश शर्मा)।** चूरू के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष, सामाजिक-सांस्कृतिक क्षेत्र के सक्रिय कार्यकर्ता सुबोध मासूम का शनिवार रात्रि को निधन हो गया। 66 वर्षीय मासूम स्थानीय भरतिया अस्पताल में उपचाराधीन थे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गयी है। रविवार को उनका अंतिम संस्कार ओम कॉलोनी स्थित रेलवे मुक्तिधाम में परिजनों द्वारा किया गया। उनके पुत्र आशुतोष शर्मा ने उन्हें मुखाग्नि दी। मासूम एक बेटे, दो बेटियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। उनकी धर्मपत्नी संतोष मासूम जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग की सदस्य हैं। इस अवसर पर जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष मनोज मील ने मासूम के व्यवहार और सामाजिक सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि उनके जाने से क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। पीसीसी सदस्य रामजीलाल शर्मा, पीपी काशीराम शर्मा, राधेश्याम चोटिया, उपभोक्ता आयोग सदस्य सुभाष मेघवाल, विकास मील, हसन रियाज चिश्ती, कुमार संजय, राजीव बहड़, आमिर रियाजत खान, मनीष कुमावत, पूर्व पालिकाध्यक्ष मुरलीधर शर्मा, डॉ एफएच गौरी, मुकुल भाटी, प्रवीण कुमार, महेश मिश्रा, कालूराम महर्षि उनके परिवारजनों सहित विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के नेता कार्यकर्ता, सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोग, सरकारी अधिकारी कर्मचारी, पत्रकार और प्रमुख नागरिक उनकी अंतिम यात्रा में शामिल रहे।

# रोटरी क्लब उदय द्वारा इंटरनेशनल फ़ेलोशिप ऑफ़ क्रिकेट लाविंग रोटेरियंस का पोस्टर लॉच

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** रोटरी क्लब उदय ने रविवार को रेडियंट गोलोबस होटल में आने वाले माह में अध्यक्ष अशोक लिंजारा ने कई योजनाओं की घोषणा करते हुए बताया कि उदयपुर में रक्त की कमी को देखते हुए एक बड़े स्तर पर रक्तदान दान शिविर आने वाली 25 तारीख़ को रखने की घोषणा की जिसका चेयर पर्सन रोटेरियन राजेश चुग व जगदीश पालीवाल को बनाया गया।

इसके अलावा दुनिया भर में मशहूर क्रिकेट खेल को ध्यान में रखकर उदयपुर में सभी लविंग रोटेरियंस के लिये रोटरी इंटरनेशनल क्रिकेट फ़ेलोशिप का पोस्टर लॉच किया व उसके पदाधिकारियों की घोषणा की जिसमें चार्टर चेयर डॉ ऋतु वैष्णव वाईस चेयर राघव भटनागर, सेकेट्री मोहित रामेज़ा व कोषाध्यक्ष राजेश चुग को बनाया गया। इसके अलावा इस अगस्त माह में बेस्ट प्रदर्शन के लिए शालिनी भटनागर, सरिता सुनारिया,डॉ.ऋतु वैष्णव व आशीष लोहार को सम्मानित किया। क्लब की परामर्शदाता डॉ सीमासिंह ने उदय क्लब के द्वारा पिछले तीन माह में किए गए कार्यों के लिए सबको धन्यवाद दिया व उसके उज्वल भविष्य की मंगलकामना की! क्लब सचिव करण गर्ग ने सभी आये हुए सदस्यों का धन्यवाद किया व सबको क्लब के सदस्यों को आने वाले सभी आयोजन में अपनी सेवाए देने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा इस मीटिंग में साक्षी डोडेजा, गजेंद्र सिंह, काकू भाई, डॉ अनीता मॉर्य,अशोक वीरवाल व अन्य कई सदस्य मोजुद थे।

## चाकसू में मुस्लिम समाज ने की अनोखी पहल

# कब्रिस्तान के सोंदर्यकरण के लिए चलाया सफाई अभियान

बढ़ता राजस्थान



**चाकसू ( गिरिराज प्रसाद शर्मा )।** रविवार को डोडा सैय्यद कब्रिस्तान में करारखानी समाज नेतृत्व में समाज के युवाओ व बुजुर्गों ने एक अनोखी पहल कर कब्रिस्तानो के सोंदर्य करण के लिए अपने स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया।

गोरतलब है की क्षेत्र के कब्रिस्तान में कई सालो से सफाई नही होने से जंगली बबूल उग गये थे जिससे मैय्यत को दफन करते वक्त बहुत परेशानियों का सामना उठाना पड़ रहा था जिसके लिए मुस्लिम समाज कई बार प्रशासन को पत्र लिख चूका था लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नही हुई इस पर रविवार को करारखानी समाज ने निर्णय कर कब्रिस्तान सफाई अभियान चलाया और युद्द स्तर पर बबूलो की कटाई की गयी जिससे कब्रिस्तान साफ सुथरा नजर आया । इस अवसर पर मुस्लिम वक्फ कमेटी के सदर व पूर्व नगर पालिका चेयरमेंन अब्दुल हमीद खोखर , करारखानी समाज के अध्यक्ष अब्दुल हमीद डैडी , नजीबुरह्मान खोखर , मोहम्मद कामिल , वासिद मिर्जा सहित कई लोग मौजूद थे।

# चाकसू में गरुड़वासी चौराहे पर वीर तेजाजी बोर्ड लगाने से उपजा विवाद, अनुमित नही होने पर नगरपालिका ने किया जब्त, विरोध में लोग मौके पर ही धरने पर बैठे, पुलिस जाब्ता तैनात

बढ़ता राजस्थान

**चाकसू ( गिरिराज प्रसाद शर्मा )।** रविवार को गरुड़वासी चौराये पर वीर तेजाजी बोर्ड लगाने पर विवाद के हालत हो गए बोर्ड लगाने की अनुमति नही होने पर नगरपालिका ने उसे जब्त कर लिया जिससे नाराज होकर मौके पर लोग धरने पर बैठ गए ,वही किसी तरह के हालात ज्यादा नही बिगड़े इस पर थाना प्रभारी राजूराम बामणिया मय जाब्ते के मौके पर तैनात है । मिली जानकारी के अनुसार रविवार को कुछ लोगों द्वारा गरुड़वासी मोड़ पर वीर तेजाजी सर्किल बनाने की वजह से बड़ा होडिंग बोर्ड लगा दिया अचानक इस तरह के बोर्ड से आसपास के लोग अर्चंभित हो गए वही बोर्ड की अनुमति नगरपालिका से नही मिलने पर उसे नगरपालिका ने जब्त कर लिया । वही नगरपालिका की ओर से होडिंग बोर्ड जब्त करने से बोर्ड लगाने वाले लोगो मे आक्रोश फैल गया और देखते ही देखते मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गयी और दरिया बिछाकर धरने पर बैठे गए । वही नगरपालिका की ओर से बोर्ड जब्त करने के बाद युवाओ ने लाल रंग से जगह- जगह वीर तेजाजी सर्किल लिख दिया ।

PM SHRI

**पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, देहलाला**

कोटखावदा, जिला- जयपुर (राज.)

E-Mall : gasssdehlala@gmail.com M. 9413622743

क्रमांक : राउमावि/देहलाला/कोट/जय/434 दिनांक : 19.09.2024

**विज्ञप्ति: पीएम श्री योगा टीचर चयन 2024-25**

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के आदेश क्रमांक- रास्कूशिप /जय/AS & FE/PA SHRI Yoga-sports teacher दिशा निर्देश /2024-25/10044184 दिनांक 31/08/24 के निर्देशानुसार पीएम श्री राउमावि देहलाला में पीएम श्री योजनान्तर्गत अंशकालिक पूर्णत अस्थायी एक (1) योगा टीचर चयन किये जाने हेतु आवेदन पत्र 19/09/2024 से 25/09/2024 तक आमंत्रित किए जाते है।

**योगा टीचर के पद हेतु देव वेतन**

| प्रति माह देय राशि रुपयों में | वार्षिक (अधिकतम) |
|---|---|
| 10000/- | 100000/- |

**योग्यता:-**

-योगा टीचर हेतु मान्यता प्राप्त विश्वविध्यालय से डिग्री/डिप्लोमा।
- योगा ट्रेनर के रुप में 01 वर्ष का अनुभव ।

**आयु सीमा :- 21 वर्ष से 40 वर्ष तक**

**योगा टीचर चयन प्रक्रिया**

- एसडीएमसी राउमावि देहलाला के द्वारा अभ्यर्थी का चयन । स्थानीय प्रतिभागी / अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी।
- अभ्यर्थी का चयन सत्र 2024-25 के लिए किया जाएगा।
- योगा टीचर की अंशकालिक सेवाएं एसडीएमसी के माध्यम से ली जाएगी।
- पीएम श्री योगा टीचर हेतु देय वेतन राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर द्वारा प्राप्त होने पर ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा किया जायेगा।
- अंतिम दिनांक 25/09/2024 विद्यालय समय 1 पीएम तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। इसके बाद प्रस्तुत आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा
- चयन प्रकिया की पूर्ण जानकारी के लिए स्थानीय विद्यालय के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से संपर्क करे।

**प्रधानाचार्य**
**पीएम श्री राउमावि, देहलाला**
**कोटखावदा, जयपुर (राज.)**

## सम्पादकीय

# आतंकी पन्नू का हमदर्द अमेरिका

अमेरिका दुनिया का शक्तिशाली देश है। उसके इशारे पर पलभर में समीकरण बनते और बिगड़ते हैं। एक खास बात यह है कि अमेरिकी खुद को सबसे सर्वश्रेष्ठ मानते हैं। हालांकि अति आत्मविश्वास या घमंड के चलते उन्हें बहुत नुक्सान भी उठाना पड़ रहा है। विडम्बना यह है कि आतंकवाद चरमपंथ और हिंसा पर एक्शन अमेरिका अपनी सहूलियत के हिसाब से लेता है। क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान और आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप भी सुविधा के हिसाब से नहीं हो सकता। इस मामले में भारत ने हमेशा ही अमेरिका सहित कई देशों को आइना दिखाया। आतंकवाद पर अमेरिका ने हमेशा दोहरा रवैया अपनाया। खालिस्तान समर्थक संगठन सिख फॉर जस्टिस के सरगना गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कोशिश में न्यूयार्क के दक्षिणी जिले की अमेरिकी जिला कोर्ट ने भारत के राष्ट्रीय सलाहकार अजित डोभाल, पूर्व रॉ प्रमुख सामंत गोयल को सम्मन भेजा है। इस पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई है। अमेरिकी कोर्ट ने आरोपी दो व्यक्तियों निखिल गुप्ता और विक्रम यादव को भी सम्मन भेजा है। पन्नू हत्या की साजिश के मामले में अमेरिका पहले भी भारत पर कई अनर्गल आरोप लगा चुका है।

क्या अमेरिका आतंकवादी पन्नू का इतिहास नहीं जानता? क्या अमेरिका नहीं जानता कि सिख फॉर जस्टिस संगठन एक गैर कानूनी संगठन है, जिस पर भारत ने प्रतिबंध लगाया हुआ है। पन्नू भारत की सम्प्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बाधित करने के मकसद से राष्ट्र विरोधी और विध्वंसक गतिविधियों में शामिल रहता है और भारत के विरुद्ध जहर उगलता रहता है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की तो खालिस्तानियों का समर्थन करने के पीछे सत्ता की मजबूरियां साफ दिखाई देती हैं लेकिन अमेरिका का आतंकवादी पन्नू का हमदर्द हो जाना हैरानी भरा है। अमेरिका भारत को अपना रणनीतिक सहयोगी मानता है लेकिन इसके बावजूद वह भारत पर दबाव बनाने के लिए ऐसी हरकतें करता रहता है। हो सकता है कि अमेरिका प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा से पहले भारत पर दबाव बढ़ाने के लिए कोई चाल चल रहा हो। भारत पहले ही पन्नू की हत्या की साजिश के आरोपों का खंडन कर चुका है, पर सवाल यह उठता है कि जो शख्स भारत के खिलाफ लगातार आग उगल रहा हो, भारत में हुई कई आतंकी कार्रवाई में शामिल रहा हो, भारत के विमान को बम से उड़ाने की धमकी दे रहा हो, भारत में हो रहे क्रिकेट विश्व कप के दौरान बम धमाके की बात कर रहा हो, क्या भारत सरकार को उसकी आरती उतारनी चाहिए? अमेरिका क्यों नहीं समझ रहा है कि हो सकता है कि गुरपतवंत पन्नू भी पाकिस्तानी अमेरिकी डेविड कोलमैन हेडली की तरह अमेरिका में बैठकर खतरनाक आतंकी हमले की प्लानिंग कर रहा हो? क्या जिस तरह अमेरिका डेविड कोलमैन हेडली के मुंबई हमलों को अंजाम देने के बाद हरकत में आया था वैसा ही गुरपतवंत सिंह पन्नू के साथ भी करेगा? क्या केवल अमेरिका को ही अपनी आंतरिक सुरक्षा के लिए किसी भी देश में एक्शन लेने का अधिकार है? भारत यह कभी भूल नहीं सकता कि जब भारतीय अधिकारी हेडली से पूछताछ करने अमेरिका गए थे तब उन्हें हेडली से मिलने भी नहीं दिया गया था। क्या अमेरिका और कनाडा किसी आतंकवादी की अपने घर में आरती उतारते रहे हैं, इसकी कोई नजीर है?

# क्वाड की बैठक ने उड़ाई जिनपिंग की नींद!

**चार सदस्यीय क्वाड, जो एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत को बनाए रखने की वकालत करती है। चीन का दावा है कि इस समूह का मकसद उसके उदय को रोकना है।कुछ समय पूर्व चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि जहां तक क्वाड का संबंध है, मुझे लगता है कि भारत इस तंत्र की मंशा को हमसे बेहतर जानता है। क्या इसका इरादा चीन के खिलाफ एक छोटे-से गुट को खड़ा करना नहीं है? कुछ ही दिन पहले ढाका में चीन के राजदूत ली जिमिंग ने बांग्लादेश को अमेरिका के नेतृत्व वाले क्वाड गठबंधन में शामिल होने के खिलाफ आगाह करते हुए कहा था कि बीजिंग विरोधी क्लब में ढाका की भागीदारी के वजह से दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को काफी नुक़सान होगा।**

**अशोक भाटिया**






प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अमेरिका में चल रहे क्वाड शिखर सम्मेलन की शुरुआत में ही चीन पर निशाना साधा था । प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि क्वाड एक्टिव रहने के लिए बना है और यह किसी के खिलाफ नहीं है। बिना नाम लिए चीन पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि क्वाड के नेता नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और संप्रभुता के सम्मान में खड़े हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि दुनिया में संघर्ष चल रहा है और क्वाड हर संघर्ष का शांतिपूर्ण सम्माधान चाहता है।उन्होंने कहा, 'क्वाड का साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर मिलकर काम करना पूरी मानवता के लिए महत्वपूर्ण है। हम किसी के खिलाफ नहीं है। हम सभी नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान और सभी मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करते हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'स्वतंत्र, खुला, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत हमारी साझा प्राथमिकता और साझा प्रतिबद्धता है। हमने मिलकर स्वास्थ्य, सुरक्षा, उभरती टेक्नोलॉजी और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में कई सकारात्मक और समावेशी पहल की है।' शायद इसी कारण अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को क्वाड देशों के नेताओं के साथ बात आपसी बातचीत में चीन की आलोचना करते हुए रिकॉर्ड किया गया है। बाइडेन को क्वाड देशों के नेताओं से यह कहते हुए रिकॉर्ड किया गया है, कि चीन उनकी परीक्षा ले रहा है।बाइडेन की ये बात, उभरते चीनी खतरे के प्रति अमेरिकी गंभीरता को दर्शाता है। बाइडेन की यह टिप्पणी शनिवार को क्वाड लीडर्स समिट के दौरान आई है, जिसमें भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने भी हिस्सा लिया है।

शिखर सम्मेलन स्थल से पूल रिपोर्टर के बाहर निकलते समय उनकी शुरुआती टिप्पणी हॉट माइक पर कैद हो गई। बाइडेन को यह कहते हुए सुना गया, कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग 'मेरे विचार से, चीन के हितों को आक्रामक तरीके से आगे बढ़ाने के लिए अपने लिए कुछ कूटनीतिक स्पेस खरीदना चाहते हैं।चीन, आर्थिक और टेक्नोलॉजिकल मुद्दों सहित कई मोर्चों पर पूरे क्षेत्र में हम सभी का टेस्ट करते हुए आक्रामक व्यवहार करना जारी रखे हुआ है। साथ ही, उनका मानना है कि तीव्र प्रतिस्पर्धा के लिए गहन कूटनीति की आवश्यकता होती है। वहीं, बाद में एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने इस बाइडेन की इस फुसफुसाहट को संभालने की कोशिश की और कहा, कि मुझे नहीं लगता, कि इस पर विस्तार से बताने के लिए मेरे पास बहुत कुछ है। यह पहले जो कहा गया है, उसके मुताबिक ही है, और मुझे नहीं लगता कि यह बहुत आश्चर्य की बात होगी, कि हमारी अंदरूनी आवाज हमारी बाहरी आवाज से मेल खाती है। मुझे लगता है कि यह आश्चर्य की बात नहीं है, कि चीन एजेंडे में रहा होगा। यह एक इंडो-पैसिफिक सम्मेलन है। यह एक इंडो-पैसिफिक साझेदारी है। चीन इंडो-पैसिफिक में एक प्रमुख देश है। लेकिन मुझे लगता है कि यह कहना भी उचित है कि एजेंडे में कई अन्य विषय भी थे।आपको बता दें, कि चीन दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर दोनों में उग्र क्षेत्रीय विवादों में उलझा हुआ है।चीन पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपनी संप्रभुता का दावा करता है। वियतनाम, मलेशिया, फिलीपींस, ब्रुनेई और ताइवान ने भी इस पर जवाबी दावे किए हैं। आपको बता दे कि आखिर क्या है क्वाड जिसके कारण जिनपिंग की नींद उडी हुई है । क्वाड शब्द 'क्वाड्रीलेटरल सुरक्षा वार्ता' के क्वाड्रीलेटरल (चतुर्भुज) से लिया गया है। इस समूह में भारत के साथ अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। क्वाड जैसे समूह को बनाने की बात पहली बार 2004 की सुनामी के बाद हुई थी जब भारत ने अपने और अन्य प्रभावित पड़ोसी देशों के लिए बचाव और राहत के प्रयास किए और इसमें अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान भी शामिल हो गए थे।लेकिन इस आइडिया का श्रेय जापान के पूर्व प्रधान मंत्री शिंज़ो आबे को दिया जाता है। 2006 और 2007 के बीच आबे क्वाड की नींव रखने में कामयाब हुए और चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता की पहली अनौपचारिक बैठक वरिष्ठ अधिकारीयों के स्तर पर अगस्त 2007 में मनीला में आयोजित की गई। उसी साल क्वाड के चार देशों और सिंगापुर ने मालाबार के नाम से बंगाल की खाड़ी में एक नौसैनिक अभ्यास में हिस्सा लिया था। इस सब पर चीन ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए क्वाड देशों से यह बताने को कहा था कि क्या क्वाड एक बीजिंग विरोधी गठबंधन है? क्वाड को एक झटका और लगा जब कुछ समय बाद ही ऑस्ट्रेलिया इससे अलग हो गया। दस साल बाद 2017 में मनीला में आसियान शिखर सम्मेलन के दौरान भारत-ऑस्ट्रेलिया-जापान-अमेरिका संवाद के साथ क्वाड वापस अस्तित्व में आया।यह बैठक इन देशों के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के मनीला पहुँचने से कुछ घंटे पहले हुई। यह वार्ता इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण थी कि उस समय भारत और चीन के बीच डोकलाम में गतिरोध चल रहा था।2017 में गति मिलने के बाद क्वाड के विदेश मंत्री अक्टूबर 2020 में टोक्यो में मिले और कुछ ही महीनों बाद इस साल मार्च में जो बाइडेन के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के कुछ ही हफ़्तों बाद अमेरिका ने क्वाड के वर्चुअल शिखर सम्मलेन की मेज़बानी की। चीन शुरू से ही क्वाड को चार विरोधी देशों का समूह मानता रहा है। उसे लगता है कि क्वाड के ये चार देश उसकी बढ़ती ताकत के खिलाफ गुटबंदी कर रहे हैं।क्वाड के देशों ने सैन्य क्षेत्र को लेकर कोई सार्वजानिक बयान नहीं दिए हैं पर ये माना जाता है कि दक्षिण चीन सागर और हिन्द महासागर में चीन के बढ़ते प्रभाव पर अंकुश लगाना इन देशों की एक बड़ी प्राथमिकता है।रक्षा विशेषज्ञ सी उदय भास्कर भारतीय नौसेना के सेवानिवृत्त कमोडोर हैं। वे आजकल दिल्ली स्थित सोसाइटी फॉर पालिसी स्टडीज़ के निदेशक हैं। उनके अनुसार चीन क्वाड के ग्रुप को लेकर काफी चिंतित है। वे कहते है कि पिछले साल चीन इसे नीचा दिखाने की कोशिश कर चुका है। उनके एक मंत्री ने कहा था कि क्वाड समुद्र के पानी पर झाग जैसा है जो हवा से उड़ जायेगा। क्वाड चीन के लिए हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में बहुत बड़ी चुनौती हो सकता है, इसीलिए क्वाड की क्षमता देखते हुए चीन बहुत चिंतित है। उनका यह भी कहना था कि समुद्री क्षेत्र में चीन अपना दबदबा दक्षिण चीन सागर में और पूर्व सागर मे दिखाता रहा है। उनके अनुसार इस दबदबे की वजह से जहाँ दक्षिण चीन सागर में आसियान के देश प्रभावित हुए हैं, वहीं पूर्व सागर में जापान।वे कहतें हैं, दोनों क्षेत्रों में चीन एक चुपके-चुपके अपना दावा बढ़ाता दिख रहा है। दक्षिण चीन सागर में नाइन डैश लाइन और कृत्रिम इंस्टालेशन बना दिए हैं और तरह-तरह के क्षेत्रीय दावे कर दिए हैं। यह सब देखते हुए जापान, भारत, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका ने कहा है कि समुद्री क्षेत्र में एक नियम आधारित व्यवस्था होनी चाहिए। पिछले साल नवंबर में भारतीय नौसेना ने बहुपक्षीय युद्धाभ्यास मालाबार का आयोजन हिंद महासागर में किया। इस अभ्यास में अमेरिकी नौसेना, जापानी मैरीटाइम सेल्फ़ डिफेंस फ़ोर्स और रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी ने हिस्सा लिया। क्वाड देशों के इस युद्धाभ्यास को चीन के लिए एक संदेश की तरह देखा गया। कमोडोर भास्कर के अनुसार समुद्री क्षेत्र के अलावा चीन के साथ साइबर और स्पेस के क्षेत्रों में भी नियम आधारित व्यवस्था बनाने की कोशिश होनी चाहिए। वे कहते हैं, चीन को नियम आधारित व्यवस्था में लाने के लिए लोकतान्त्रिक देश अपना एक गुट बनाते हुए सिद्धांतों के लिए आगे बढ़ सकते हैं। उनका यह भी मानना था कि अगर यह चार देश मिलकर सहमति बना रहे हैं तो यह चीन के ख़िलाफ़ नहीं है बल्कि एक नियम आधारित व्यवस्था बनाने के लिए है। वे कहते हैं, क्वाड ग़ैर-सैनिक मुद्दों को आगे बढ़ा रहा है जिसमें कोविड महामारी के दौरान एक दूसरे से सहयोग करना और ज़रूरतमंद देशों की मदद करने की बात की गई है। गौरतलब है कि जब भारत पूरे विश्व की तरह कोरोना महामारी की पहली लहर से जूझ रहा था, उसी दौरान चीन की ओर से लद्दाख क्षेत्र के कई सीमा क्षेत्रों में घुसपैठ करने की खबरें आनी शुरु हुईं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संतोष और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
परिजनों के साथ सम्बंध मधुर होंगे। हेल्थ आज अच्छी रहेगी। हालांकि बाहर खाने-पीने से बचें। दोपहर के बाद अधूरे काम पूरे हो सकते हैं। अस्वस्थ व्यक्तियों को स्वास्थ्य लाभ होगा। आर्थिक लाभ की पूरी संभावना है।

### वृष
कार्यालय या व्यवसाय में काम अधूरा रहने से मन निराश रहेगा। यात्रा में विघ्न आ सकता है। आध्यात्मिकता और ईश्वर भक्ति से मन प्रसन्न रहेगा। हालांकि आप के काम योजनानुसार पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। धन लाभ की संभावना है।

### मिथुन
परिजनों के साथ कोई विवाद हो सकता है। आपका आज का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। दिन की शुरुआत में स्फूर्ति और आनंद का अनुभव होगा। आपकी रचनात्मकता से आप कठिन काम भी आसानी से बना पाएंगे।

### कर्क
विदेश जाने के इच्छुक लोग आज सकारात्मक प्रयास कर सकते हैं। दोपहर के बाद नया काम या टारगेट मिल सकता है। कोई अधूरा काम आज पूरा हो सकेगा। व्यापार में बढ़ोतरी की संभावना हैं। गृहस्थ जीवन में मधुरता छाई रहेगी। काम का उत्साह बना रहेगा।

### सिंह
किसी मीटिंग के लिए छोटी यात्रा हो सकती है। नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन अनुकुल है। आज आप कुछ धार्मिक बने रहेंगे। कार्यालय या व्यावसायिक स्थल पर काम का भार अधिक रहेगा।

### कन्या
आज नए काम का आरंभ करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। अधिक कार्य से आलस्य और मानसिक चिंता का अनुभव करेंगे। यात्रा आज लाभदायी नहीं है, परंतु दोपहर के बाद आपको कुछ नया करने की प्रेरणा मिलेगी। धार्मिक काम होंगे। किसी प्रिय पात्र से मुलाकात होगी।

### तुला
आपको काम पूरा होने का उत्साह बना रहेगा। परिवार का वातावरण भी परिवर्तित होगा। आर्थिक लाभ की भी संभावना है। आज का दिन पारिवारिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में लाभ का अवसर लाया है।

### वृश्चिक
आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आप चिंता से घिरे रहेंगे और शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं रहेगा। परिवार में भी किसी से मतभेद रहेगा, लेकिन दोपहर के बाद आप सभी कामों में अनुकूलता का अनुभव करेंगे।

### धनु
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज का दिन आनंदपूर्वक गुजरेगा। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है। परिजनों तथा मित्रों के साथ अच्छे पलों को गुजारेंगे। किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है।

### मकर
दिन की शुरुआत में आप थोड़े कन्फ्यूज रहेंगे। दूसरों के साथ सामंजस्य बनाए रखें। वाणी मधुर बनाए रखें, इससे कोई भी काम आसानी से बना पाएंगे, हालांकि किसी तरह के नए काम आज शुरू ना करें।

### कुंभ
किसी प्रिय मित्र या रिश्तेदार से बातचीत करके मन प्रसन्न रहेगा। व्यापार में आर्थिक लाभ होगा। सुबह के समय आप शारीरिक रूप से स्वस्थ और मन से खुश रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

### मीन
गृहस्थ जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आकस्मिक धन लाभ के योग हैं। किसी छोटी यात्रा का आयोजन कर पाएंगे। व्यापार में वृद्धि होगी। विदेश में रहने वाले रिश्तेदारों से शुभ समाचार मिलेंगे। परिश्रम की अपेक्षा फल कम मिलेगा। आज आप अपना जिद्दी व्यवहार छोड़ दें।

## शख्सियत

नमस्कार मित्रों हमारे आज के शख्सियत कॉलम की स्टार हैं श्रीमति रेणू गोयल जोकि जीवांत व्यक्तित्व के माध्यम से इस समाज को अनेक संदेश देती आ रही हैं। हमेशा ऊर्जा से लबरेज चेहरा मुस्कान बिखेरता, आनन्द लेने में कहीं पीछे नहीं जब मौका लगा खुशियों को ये खोज ही लेती हैं। इनका नाम रेनू गोयल है लेकिन विवाह से पहले नाम रेनू शर्मा था। इनका जन्म अंबाला के मिलिट्री अस्पताल में हुआ था। ये अपने माता-पिता की तीसरी संतान हैं। इनके पिता सेना में अफ़्सर थे, उनके अनुशासन व सिद्धांतों का इनके जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ा है। इन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अंडमान-निकोबार, आमला और नसीराबाद आर्मी स्कूल से प्राप्त की। राजस्थान विश्वविद्यालय से इन्होंने बी.ए और एम.ए की पढ़ाई पूरी की। आपकों जानकार हर्ष होगा कि ये राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी रही हैं और इन्हे राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ गाइड पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। 2 साल चिनार पब्लिक स्कूल में शिक्षिका के पद पर रही, अब पिछले 30 वर्षों से ये अलवर की सबसे प्रख्यात स्कूल अलवर पब्लिक स्कूल में शिक्षिका के रूप में कार्यरत हैं जहाँ पिछले 14 वर्षों से प्री.प्राइमरी कोऑर्डिनेटर के रूप में सेवाएँ दे रही हैं। शिक्षा के क्षेत्र में, ये हमेशा इस बात पर ध्यान देती हैं कि लड़कियों की पढ़ाई-लिखाई का जम्मा उठाया जाए, ताकि वे बेहतर भविष्य की ओर बढ़ सकें। यह काम इन्हे बहुत संतोष और खुशी देता है। ये वामा क्लब से जुड़ी हुई हैं और उसके सभी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाती हैं। इसके साथ ही इन्होंने पशु कल्याण के लिए भी काफी काम किया है। इनकी शादी इन्ही के सबसे अच्छे मित्र मनोज से हुई। इनका पुत्र भी एक आर्मी अफ़्सर है और बिटिया एक मलटीनेशनल कम्पनी से जुड़ी हुई हैं । बेहद सौभागय शाली भी हैं। जीवान्त व्यक्तित्व के जरीए समाज में खुशहाली और तनावमुक्त वातावरण ऐसे ही लोगों के कारण आ सकता है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है। इनका मानना है कि जीवन हमें केवल एक बार मिलता है और सच्ची खुशी तभी मिलती है जब हम इसे दूसरों के साथ बाँटते हैं।


रेणू गोयल
(शिक्षिका, एपीएस)

**जय हिन्द**
**रूपक शर्मा**

## आज का इतिहास

### 23 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- रूस और तुर्की के बीच बेलग्रेड शांति समझौते पर 1739 में हस्ताक्षर।
- ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने 1803 को असाये के युद्ध में मराठा सेना को हराया।
- रूसी युद्धपोत लेफर्ट फिनलैंड की खाड़ी में 1857 को आये भीषण तूफान में गायब हुआ, 826 लोग मारे गए।
- विश्वविख्यात न्यूरोलॉजिस्ट सिगमंड फ्रायड 1939 में आज ही के दिन स्वर्गवासी हुए थे।
- बाल विवाह निरोधक विधेयक (शारदा कानून) 1929 में पारित।
- पाकिस्तान ने 1955 को बगदाद समझौता पर हस्ताक्षर किया।
- ब्रिटेन ने 1958 में क्रिसमस द्वीप पर वायुमंडलीय परमाणु परीक्षण किया।
- भारत-पाकिस्तान के बीच 1965 में युद्ध विराम का आदेश।
- अब्दुल रजाक बिन हुसैन 1970 में मलेशिया के प्रधानमंत्री बने।
- ब्रितानी नौ सेना के एक युद्धक जहाज में 1976 को घटी दुर्घटना में आठ लोग मारे गए। इंग्लैंड के उत्तर पूर्व में बने एचएमएस ग्लासगो नाम के यह जहाज़ समुद्र में अपना परीक्षण शुरू करने वाला था।
- सोमालिया के संविधान को 1979 में राष्ट्रपति ने मंजूरी दी।
- गल्फ एयर का यह यात्री जहाज 1983 में पकिस्तान के कराची हवाई अड्डे से उड़ा था और पर सवार ज़्यादातर यात्री पाकिस्तानी थे। संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी और दुबई के बीच इस हवाई जहाज में रखे सामान में विस्फोट हो गया था।
- अमेरिकी कांग्रेस ने 1986 में गुलाब को अमेरिका का राष्ट्रीय फूल चुना।
- यूगोस्लाविया का 1992 में संयुक्त राष्ट्र संघ से निष्कासन।
- ताबा (मिस्र) में 1995 को इस्रायल एवं फ़िलिस्तीनी मुक्ति संगठन के मध्य पश्चिमी तट में फ़िलिस्तीनी स्वशासन के संबंध में समझौता।
- सिडनी ओलम्पिक में 2000 को संयुक्त राज्य अमेरिका की धाविका मैरियन जोन्स ने 100 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जीता।
- ब्रिटिश व तालिबान सेना के बीच गोलाबारी, संयुक्त राज्य अमेरिका ने 2001 को भारत व पाकिस्तान पर से प्रतिबंध हटाये।
- जर्मनी के चांसलर गेरहार्ड श्रीएडर 2002 को पुनः सत्ता में।
- हैती में 2004 को तूफान के बाद आई बाढ़ में कम से कम 1,070 लोग मारे गए।
- पाकिस्तानी राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने 2006 में भारतीय प्रधानमंत्री डाक्टर मनमोहन सिंह को वार्ता का निमंत्रण दिया।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 2009 में भारतीय उपग्रह ओशन सैट-2 समेत सात उपग्रह कक्षा में स्थापित किए।

### 23 सितंबर को जन्मे व्यक्ति

- स्वतंत्रता सेनानी तथा समाज सुधारक यूसुफ़ मेहरअली का जन्म 1903 में हुआ।
- हिन्दी जगत सुप्रसिद्ध कवि रामधारी सिंह 'दिनकर' का जन्म 1908 में आज ही दिन हुआ था।

## विशेष आलेख

# डिजिटल दुनिया में क्या देख रहे हैं आपके बच्चे?

## बच्चों के लिए साइबर सुरक्षा आधुनिक पेरेंटिंग का एक अनिवार्य हिस्सा

**प्रियंका सौरभ**

आज के डिजिटल परिदृश्य में, बच्चे तकनीक में डूबे हुए बड़े हो रहे हैं। स्मार्टफोन से लेकर टैबलेट, लैपटॉप और गेमिंग कंसोल तक, इंटरनेट उनके जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। जबकि ऑनलाइन दुनिया अंतहीन शैक्षिक और मनोरंजन के अवसर प्रदान करती है, यह बच्चों को विभिन्न जोखिमों के लिए भी उजागर करती है। डिजिटल क्षेत्र में बच्चों की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए साइबर सुरक्षा सर्वोपरि है। डिजिटल युग में, बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षा प्रदान करना तथा सूचना तक उनकी पहुँच सुनिश्चित करना एक महत्वपूर्ण चुनौती है। इंटरनेट के उपयोग में वृद्धि के साथ, बच्चों को सीखने के अवसर और साइबरबुलिंग, शोषण और आपत्तिजनक सामग्री जैसे जोखिम दोनों का सामना करना पड़ता है। ऑनलाइन सुरक्षा को संतुलित करने के लिए कानूनी ढाँचे, माता-पिता के मार्गदर्शन और प्रौद्योगिकी समाधानों को सम्मिलित करते हुए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। कई माता-पिता और बच्चों में पर्याप्त डिजिटल साक्षरता का अभाव है, जिससे सुरक्षित रूप से ऑनलाइन मार्गदर्शन प्रदान करना और संभावित जोखिमों को समझना मुश्किल हो जाता है।

भारत में, केवल 40प्रतिशत व्यक्ति बुनियादी डिजिटल कार्य करने में सक्षम हैं, जिससे बच्चों को ऑनलाइन खतरों से बचाने के प्रयास जटिल हो जाते हैं। बच्चे अक्सर परिवार के सदस्यों के साथ डिवाइस का साझा उपयोग करते हैं, जिससे उनकी ऑनलाइन गतिविधियों की निगरानी और उन्हें विनियमन करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। कई ग्रामीण घरों में, साझा फोन के उपयोग से बच्चों द्वारा व्यक्तिगत रूप से उपयोग की गई गतिविधियों को ट्रैक करना असंभव हो जाता है, जिससे उन्हें साइबरबुलिंग जैसे जोखिमों का सामना करना पड़ता है। कई प्लेटफार्मों पर मजबूत फ़िल्टरिंग तंत्र की कमी के कारण बच्चे अक्सर ऑनलाइन अनुचित सामग्री के संपर्क में आते हैं। यू ट्यूब जैसे प्लेटफार्म के माध्यम से बच्चों द्वारा एडल्ट कंटेंट तक पहुँचने की रिपोर्ट ने मजबूत सुरक्षा जरूरतों की आवश्यकता पर बल दिया है। साइबरबुलिंग और ऑनलाइन शोषण में वृद्धि बच्चों के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण जोखिम उत्पन्न करती है। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में 3 में से 1 बच्चे ने साइबरबुलिंग का सामना किया है, जिसके उनके स्वास्थ्य पर गंभीर परिणाम देखे गए हैं। सरकारों को माता-पिता और बच्चों दोनों के लिए डिजिटल साक्षरता में सुधार को प्राथमिकता देनी चाहिए ताकि उन्हें ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर सुरक्षित रूप से नेविगेट करने में मदद मिल सके। भारत की डिजिटल इंडिया पहल ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के लिए ऑनलाइन सुरक्षा और डिजिटल साक्षरता को कवर करने के लिए अपने दायरे का विस्तार कर सकती है। तकनीकी प्लेटफ़ॉर्म को मजबूत अभिभावकीय नियंत्रण की सुविधाएँ विकसित करनी चाहिए जो गोपनीयता का उल्लंघन किए बिना बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों की बेहतर निगरानी की अनुमति प्रदान करने हैं। कुछ प्लेटफार्मों पर बच्चों को प्रतिबंधित करने से वे वैकल्पिक उपाय ढूंढने लगेंगे, जिससे प्रतिबंध अप्रभावी हो जाएगा। पहचान से संबंधित दस्तावेजों की आवश्यकता वाले आयु सत्यापन सिस्टम गोपनीयता से संबंधित मुद्दे उठाते हैं और अक्सर आवश्यकता से अधिक डेटा एकत्र करते हैं। भारत में, ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर आयु सत्यापन के लिए आधार के उपयोग ने डेटा के दुरुपयोग के संबंध में चिंताएँ बढ़ा दी हैं। जटिल या कठोर ऑनलाइन नियम अनजाने में हाशिए पर स्थित समुदायों के बच्चों को पहचान से संबंधित दस्तावेजों या डिजिटल संसाधनों तक सीमित पहुँच से वंचित कर सकते हैं। ग्रामीण भारत में, उचित पहचान के बिना बच्चों को सख्त नियमों के तहत डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करना मुश्किल हो सकता है । टेक प्लेटफॉर्म पर अत्यधिक सख्त नियम लागू करने से नवाचार बाधित हो सकता है और वैश्विक फर्मों के लिए संचालन जटिल हो सकता है। गूगल और मेटा जैसी टेक कंपनियों ने अपने व्यापार मॉडल को प्रभावित करने वाले जटिल कानूनी ढाँचों पर चिंता व्यक्त की है। पहुँच को प्रतिबंधित करने पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित करने से डिजिटल युग में बच्चों के शैक्षिक अवसरों और कौशल विकास में बाधा आ सकती है।अध्ययनों से पता चलता है कि डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म तक बच्चों की पहुँच उनके कौशल और रोजगार क्षमता को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यू ट्यूब किड्स जैसे प्लेटफ़ॉर्म स्क्रीन टाइम को मैनेज करने और कंटेंट को प्रतिबंधित करने के लिए कस्टमाइज करने योग्य पैरेंटल कंट्रोल सेटिंग्स प्रदान करते हैं। यूके के आयु-उपयुक्त डिजाइन कोड जैसे कानूनों को अपनाने से यह सुनिश्चित होगा कि तकनीकी प्लेटफ़ॉर्म बेहतर सुरक्षा सुविधाओं के साथ बच्चों के अनुकूल डिजिटल वातावरण को विकसित करे। भारत में भी इसी प्रकार के दिशा-निर्देश लागू किये जा सकते हैं, जिसके तहत तकनीकी प्लेटफ़ॉर्म को अलग-अलग आयु समूहों के लिए सुविधाओं को संशोधित करने की आवश्यकता होगी। स्कूलों को बच्चों को डिजिटल स्पेस में स्वयं को सुरक्षित रखने के तरीके सिखाने के लिए पाठ्यक्रम में ऑनलाइन सुरक्षा शिक्षा को शामिल करना चाहिए। भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में स्कूली पाठ्यक्रम में ऑनलाइन सुरक्षा और डिजिटल जिम्मेदारी के प्रावधान शामिल किए जा सकते हैं। सरकारों, तकनीकी कंपनियों और नागरिक समाज को बच्चों के लिए सुरक्षित डिजिटल वातावरण बनाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए, साथ ही सूचना तक उनकी पहुँच का अधिकार सुनिश्चित करना चाहिए । भारतीय शिक्षा मंत्रालय और तकनीकी प्लेटफ़ॉर्म के बीच सहयोग से व्यापक बाल सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जा सकते हैं। डिजिटल युग में, ऑनलाइन सुरक्षा और बच्चों के सूचना तक पहुँच के अधिकार के बीच संतुलन बनाना एक जटिल चुनौती बनी हुई है।



सहयोगात्मक प्रयासों, डिजिटल साक्षरता में सुधार और आयु-उपयुक्त मजबूत विनियमों को लागू कर , बच्चों को ऑनलाइन खतरों से बेहतर तरीके से सुरक्षित किया जा सकता है। एक समग्र दृष्टिकोण जिसमें माता-पिता, शिक्षकों, सरकारों और तकनीकी प्लेटफार्मों शामिल हो से वैश्विक स्तर पर बच्चों के लिए अधिक सुरक्षित और समावेशी डिजिटल स्थान तैयार होंगे। बच्चों के लिए साइबर सुरक्षा आधुनिक पेरेंटिंग का एक अनिवार्य हिस्सा है। इन तकनीकों को लागू करके, उपयुक्त सॉफ़्टवेयर का उपयोग करके, और फाइबर ऑप्टिक इंटरनेट के लाभों का लाभ उठाकर, माता-पिता एक सुरक्षित ऑनलाइन वातावरण बना सकते हैं जहाँ उनके बच्चे डिजिटल दुनिया से जुड़े जोखिमों को कम करते हुए खोज, सीख और मौज-मस्ती कर सकते हैं। आपके बच्चे की ऑनलाइन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खुला संचार और निरंतर शिक्षा आवश्यक है। याद रखें कि सक्रिय कदमों के साथ, आप अपने बच्चों को डिजिटल परिदृश्य को जिम्मेदारी और आत्मविश्वास से नेविगेट करने के लिए सशक्त बना सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# भारतीय किसान संघ का धरना प्रदर्शन 25 को

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** भारतीय किसान संघ के तत्वावधान में 25 सितम्बर को उपखण्ड मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। अंता जैन ने बताया कि क्षेत्र में भारी बरसात से किसानों की मूंगफली, मूंग, उड़द, तिल व बाजरा सहित सभी फसलें नष्ट हो गई है। जिसको लेकर भारतीय किसान संघ द्वारा उपखण्ड प्रशासन से आपदा राहत हेतु अवगत करवा दिया गया था। लेकिन प्रशासन ने उपरोक्त विषय पर विशेष गिरदावरी में केवल 20 प्रतिशत खराबा दर्शाया है। जिससे किसनों को उचित लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने बताया कि भारतीय किसान संघ किसानों के साथ होने वाले अन्याय के विरुद्ध 25 सितम्बर को सुबह 11 बजे कृषि उपज मंडी में किसानों को एकत्रित करके उपखण्ड कार्यालय पर जिला अध्यक्ष रमेशचंद जाट के नेतृत्व में किसानों को आपदा राहत के अन्तर्गत सहायता दिलाने हेतु उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया को ज्ञापन दिया जाएगा ।

# अग्रवाल समाज ब्यावर के तत्त्वधान में अग्रसेन जयंती की तैय्यारियाँ पूर्ण

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** अग्रवाल समाज प्रचार मंत्री चंद्रेश चिंटू गर्ग ने बताया कि अग्रसेन जयंती के पहले दिन समाज अध्यक्ष मुकेश अरडका द्वारा श्री अग्रसेन जी महाराज का मल्यार्पण करके ध्वजारोहण किया जायेगा। अग्रसेन जयंती महोत्सव संयोजक शतीश सर्राफ, जयंती सह संयोजक निखिल जिंदल, संजय जिंदल, अशोक गोयल ने कहा कि 25 सितंबर से 4 अक्टूबर तक अग्रसेन जयंती मनायी जायेगी जिसमें सभी वर्ग के लिए अलग-अलग कार्यक्रम रखे गए हैं। जयंती सयोजक अमित बंसल ने जानकारी देते हुये बताया कि बुधवार को जयंती के पहले दिन महा रक्तदान और बच्चों के लिए शिशु प्रदर्शनी अयोजित होगी व शाम को सांस्कृतिक संध्या, युवतियो व महिलाओं हेतु एकल नृत्य का कार्यक्रम होगा। मंत्री श्रवण बंसल, मुकेश गर्ग, पवन रायपुरिया, पुरषोत्तम गोयल, अभिषेक सटाक, सतीश गर्ग, नरेश मित्तल, सुनील सिंगल, ओमप्रकाश अग्रवाल, मनीष गर्ग ने सभी अग्रवाल बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या मे पधार कर कार्यक्रम समाज की शोभा बढाने और कार्यक्रम को सफल बनाने का आव्हान किया है।

# सत्संग में आदि सनातन धर्म की भक्ति का होता है ज्ञान : संत रामपाल महाराज



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** शहर में संत रामपाल महाराज के सानिध्य में एक दिवसीय सत्संग समागम संकीर्तन का आयोजन हुआ। संत रामपाल महाराज ने बताया कि हमारा पिछला इतिहास बताता है कि पहले केवल एक आदि सनातन पंथ धर्म था और सतयुग में मानव समाज शास्त्रानुकूल भक्ति साधना करते थे। उस समय ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद व सूक्ष्मवेद सहित पाँच वेद शास्त्र थे। चार वेद ब्रह्माजी को मिले, जिनमें सम्पूर्ण अध्यात्म ज्ञान नहीं था। परम अक्षर ब्रह्म सत्ययुग में लीला करने के लिए शिशु रूप धारण करके आए। बडे होकर सूक्ष्मवेद का प्रचार किया। तब तक उस समय के ऋषियों ने चारों वेदों वाला ज्ञान पढ़ लिया था। सूक्ष्मवेद वाला कुछ ज्ञान चारों वेदों में न होने के कारण उसको गलत माना गया। इसलिए सूक्ष्मवेद को धीरे-धीरे छोड़ दिया। परंतु लगभग एक लाख वर्ष तक सत्ययुग में शास्त्रोक्त भक्ति की गई।

# केन्द्रीय श्रम संगठन 23 सितम्बर को मनायेंगे काला दिवस

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( नि.स. )।** केंद्रीय श्रम संगठन मोदी सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ सोमवार 23 सितंबर को काला दिवस मनाएंगे। संयुक्त ट्रेड यूनियन संघर्ष समिति 23 सितंबर को पूर्वान्ह 11 बजे पी एम मोदी के नाम ज्ञापन देगी। केंद्रीय श्रम संगठनों के राष्ट्रव्यापी संयुक्त आव्हान पर संयुक्त ट्रेड यूनियन संघर्ष समिति जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर प्रधान मंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन देगी। समिति के महासचिव हेमचन्द आर्य ने सभी मजदूर साथियों से अधिकाधिक संख्या में सोमवार 23 सितंबर 2024 को 11 बजे एस डी एम ऑफिस पहुंचने का आव्हान किया।

# राजकीय विद्यालय दतवास की 3 छात्राओं का राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में हुआ चयन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** 68 वीं जिला स्तरीय 17 व 19 वर्षीय छात्र-छात्रा हैंडबॉल प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दतवास की टीम श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर विद्यालय की 3 छात्राओं का राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में चयन हुआ है। प्रधानाचार्या सुविज्ञा चौहान ने बताया कि टीम कोच महावीर मीणा के नेतृत्व में प्रतियोगिता में दतवास की टीम श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। टीम का विद्यालय में पहुंचने पर प्रधानाचार्या चौहान के सानिध्य में माला पहनाकर व स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि विद्यालय की 3 छात्रा अंशु गुर्जर, सुमन मीणा व सपना मीणा का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन हुआ है।

# आज महिला पार्षद नगर परिषद के बाहर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेगी

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** नगर परिषद के वार्ड सं. 39 की पार्षद व पार्षद पति ने नगर परिषद के सभापति व आयुक्त को सन्देश भेजकर टाडगढ रोड स्थित पशु चिकित्सालय के बाहर जो अधूरा नाला बना है उसे पूरा करवाने की मांग की हैं। अन्यथा स्पष्ट रूप से चेतावनी देते हुये कहा कि वह सोमवार प्रातः 10:30 बजे से पार्षद श्रीमती बीना राजेश झंवर अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगी जिसकी तमाम जिम्मेदारी नगर परिषद प्रशासन की होगी।

ज्ञातव्य है कि नगर परिषद के आयुक्त व सभापति टाडगढ रोड पर बने पशु चिकित्सालय के बाहर नाले को तो बनवा डाला लेकिन उसकी निकासी आगे तक नही कर पाये। बताया जाता है कि नगर परिषद के सभापति व आयुक्त के चहेते लोगों का टावर बना हुआ है इसलिये उसे सीधा सीधा लाभ पहुंचाने की दृष्टि से नाला निर्माण के कार्य को वहीं अवरूद्ध कर दिया। नगर परिषद के आयुक्त व सभापति ने शहर की व्यवस्था को मध्यनजर रखते हुये उन्होंने ना तो सम्बन्धित टावर के मालिक को नोटिस थमाया कि वह अपने अण्डरग्राउण्ड को बन्द कर ले। सभापति व आयुक्त दोनों ने ही आगे बनने वाले नाले को रोककर केवल मात्र कॉम्पलेक्स मालिक को लाभ पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।

# खेलो की व्यक्तित्व निर्माण मे अहम् भूमिका, ब्यावर जिले में बनेगी खेल अकादमी : कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** राजस्थान सरकार के केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ जीवन में खेलो का भी अलग महत्व है। व्यक्तित्व निर्माण में खेलो की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि मुख्य मंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में यह निर्णय लिया गया है कि सभी जिलों में एक-एक खेल अकादमी शीघ्र शुरु होगी। इसके चलते ब्यावर में जिले का भी एक खेल अकादमी मिलेगी। श्री गहलोत रविवार को राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के स?मापन समारोह पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वे भी छात्र जीवन मे एक खिलाड़ी रहे है त?था समारोह में ओलम्पिक की टी शर्ट पहनकर समारोह में भाग लेने आए है। उन्होंने जानकारी दी कि ओलम्पिक खेलों में राजस्थान का प्रदर्शन बहुत बढ़िया रहा पेरा ओलम्पिक में दिल जीतने वाले खिलाडियों को उन्होने बधाई दी। ब्यावर में उदघाटन से लेकर समापन तक बेहतरीन व सफल कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित करवाने पर इसके आयोजक मोहन सिंह चौहान कि मुक्त कंठ से प्रशंसा की। केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि उन्होने भी शारीरिक शिक्षक का डिप्लोमा लिया था और वे शिक्षक बनना चाहते थे। लेकिन भाग्य ने उन्हें नेता बना दिया। उन्हाने राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता की मेजबानी लेने पर कृष्णा कॉलोनी विद्यालय व जिला शिक्षा अधिकारी अजय गुप्ता को बधाई दी तथा सफल आयोजन के लिए शारीरिक शिक्षक प्रमोद शर्मा व सयोंजक मोहन सिंह चौहान का साफा व माला पहनाकर सम्मान किया । राज्य स्तरीय प्रतियोगिता समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए करते हुए विधायकशंकर सिंह रावत ने प्रतियोगिता के विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि छात्र जीवन में खेलों का बड़ा महत्व है। ब्यावर नया जिला बना है अभी विकास के अनेक स्तर को प्राप्त करना है। इसके लिए सभी मिलकर प्रयास करेंगे। समारोह की विशिष्ट अतिथि रायपुर की प्रधान कमल रावत, सहायक स्टेट कमिश्नर विमल चौहान, शिक्षक संघ राधाकृष्णन के प्रदेश अध्यक्ष विजय सोनी थे।

इस अवसर पर विजेता पहलवानों को अतिथियों द्वारा मेडल, ट्रैक सूट तथा ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आकर्षक प्रस्तुति दी गई जिसकी केबिनेट मंत्री महोदय ने सराहना की। इस प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में 62 किलोग्राम में कृष्ण मालाकार अजमेर, 58 किलोग्राम मे भीलवाड़ा वंशिका, 50 किलो में हनुमानगढ़ अंजलि, छात्र वर्ग 48 किलो में विकास भीलवाड़ा, शुभम माली भीलवाड़ा 57 किलो में पालिंदर डिग 62 किलो, रूद्र कोटा 68 किलो फरदीन अलवर तथा चैंपियंस ट्रॉफी भीलवाड़ा ने जीती। 7 दिन चली इस कुश्ती प्रतियोगिता में बलराज सिंह राठौड़, मुरली मनोहर जाटव, मनीष जनरल स्काउट के सानिध्य में स्काउट गाइड ने अपनी अमूल्य सेवाएं प्रदान की।



इससे पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार गुप्ता, छावनी गर्ल्स की प्राचार्य सीमा कृपलानी, पटेल स्कूल के प्राचार्य हनीफ मोहम्मद, गुरुकुल के प्राचार्य नीतू विजय, सनातन धर्म स्कूल के प्राचार्य दिनेश डीरा, जवाजा सीबीईओ मधु गुप्ता, विमल चौहान, प्रमोद शर्मा, मोहन सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि अविनाश गहलोत, अध्यक्ष शंकर सिंह रावत, विशिष्ट अतिथि श्रीमती कमला रावत का माला पहनाकर तथा सोल ओढ़ा कर स्वागत किया।इस प्रतियोगिता में 45 जिलों के लगभग 700 पहलवानों, 350 शारीरिक शिक्षक, कोच, निर्णायकों ने अपनी भूमिका अदा की। कार्यक्रम का संचालन नेमीचंद यादव प्रधानाचार्य राजियावास एवं आशा संत प्रधानाचार्य रामपुर दुदा ने किया।

# भगवान श्री कृष्ण ने यशोदा मैया को अपने मुख में ब्रह्मंड दिखाकर यथापिंडे तथा ब्रह्मांडे के वैदिक सिद्धांत को समझाया : साध्वी स्वाति भारती






## श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में उमड़े श्रद्धालु

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में कृषि उपजमंडी में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का रविवार को शुभारंभ हुआ जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। संस्थान के संस्थापक व संचालक आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी स्वाति भारती ने कथा के प्रथम दिवस श्रीमद्भागवत कथा का माहात्म्य सुनाया। उन्होंने कथा प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं से वैदिक काल की तरह पुनर्जागृत करने का आह्वान किया। उन्होंने समृद्धशाली भारतीय संस्कृति से परिचित करवाकर सच्चे अर्थों में भारतीय बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने कथा के माध्यम से स्कन्द पुराण में भगवान् शिव द्वारा बताए आत्म-तीर्थ से भी अवगत करवाया। साध्वी ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने यशोदा मैया को अपने मुख में ब्रह्मंड दिखाकर यथापिंडे तथा ब्रह्मांडे के वैदिक सिद्धांत को समझाया। उन्होंने बताया कि जैसे फूल में सुगंध, तिल में तेल, लकडी में अग्नि, ईख में गुड समाया है। ऐसे ही इस मानव देह के भीतर परमात्मा और उसकी सृष्टि विद्यमान है, लेकिन जैसे माइक्रोस्कोप के द्वारा सूक्ष्म जीवाणुओं को देखा जाता है, ऐसे ही उस परमात्मा को दिव्य दृष्टि द्वारा देखा जाता है। भगवद्गीता में भगवान श्री कृष्ण व कूर्म पुराण में माँ ने इसी दिव्य दृष्टि द्वारा अर्जुन एवं हिमवान को अपने वास्तविक रूप का दर्शन करवाया था। उन्होंने बताया कि जैसे एक छोटी सी माइक्रोचिप में हजारों गीगाबाइट डाटा को इकट्ठा किया जाता है, ऐसे ही परमात्मा और उनका ऐश्वर्य हमारे इस शरीर में समाया है। उन्होंने कहा कि आशुतोष महाराज की कृपा से हजारों श्रद्धालुओं ने उस परमात्मा का अपनी देह के भीतर ही दर्शन किया है। साध्वी स्वाति भारती ने नशे द्वारा समाज की तबाही पर भी चर्चा की।

इस दौरान सुश्री परमायोगा भारती, सुश्री मंदाकिनी भारती, सुश्री कात्यायनी भारती व सुश्री मैत्रेयी भारती ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर सुश्री स्वधा भारती, सुश्री प्रियंका भारती, सुश्री रागिनी भारती व गुरुभाई सागर सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

# नवभारत साक्षरता कार्यक्रम मूल्यांकन परीक्षा का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**पीपलू( नि.स. )।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत रविवार को पीपलू ब्लॉक के 121 केन्द्रों पर ब्लॉक के सभी पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी एवं साक्षरता प्रभारी के सहयोग से बुनियादी साक्षरता परीक्षा आयोजित की गई। सीबीईओ विष्णुकुमार शर्मा, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सोगणी व संदर्भ व्यक्ति रविंद्रकुमार विजयवर्गीय पीपलू द्वारा केंद्रों को निरीक्षण किया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्थित परीक्षा केंद्र के माध्यम से ऑफलाइन परीक्षा सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आयोजित हुई। इस दौरान नव साक्षरों का तिलक लगाकर एवं रंगोली सजाकर स्वागत किया। परीक्षा को लेकर ब्लॉक कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया। ब्लॉक समन्वयक हनुमानप्रसाद यादव, हनुमान प्रसाद चोपड़ा, लोकेश शर्मा व मुकेशकुमार बैरवा सहित कई कार्मिक उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में घायल युवक ने तोड़ा दम, घर में मची चीख पुकार

बढ़ता राजस्थान



**दत्तवास( नि.स. )।** सड़क हादसे में घायल युवक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। परिजनों को खबर मिली तो घर में चीख पुकार मच गई। नो सितंबर को दत्तवास मोङ के पास हुए सड़क हादसे में घायल युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

परिजन जयपुर के ट्रॉमा अस्पताल में उपचार करा रहे थे। दत्तवास थाना क्षेत्र के गांव सिरोही निवासी रामकेश पुत्र केदार नाथ उम्र 35 वर्ष नो सितंबर को वह बाइक से अलवर जिले में स्थित भर्तृहरि बाबा धाम के दर्शन करने के लिए जा रहा था। इसी दौरान दत्तवास मोङ के पास सड़क हादसा हो गया था। हादसे में गंभीर रूप से घायल रामकेश को इलाज के लिए चाकसू अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां से चिकित्सक ने रामकेश की हालत गंभीर होने पर जयपुर रेफर कर दिया गया था। जयपुर के ट्रॉमा अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की 22 सितंबर रविवार की रात 2 बजकर 30 मिनट पर मौत हो गई। इसके बाद दतवास थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द किया।

# पक्का रोड बनाने के लिए एक फीट पानी में प्रदर्शन : गुर्जरों की ढाणी में रास्ते पर 40 सालों से बारिश में भरता है पानी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** बारिश के दिनों में रास्ते में एक फीट पानी भरने से परेशान लोगों ने रविवार को पानी में उतर कर प्रदर्शन किया। प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही चेतावनी दी कि सात दिन में रोड का काम चालू नहीं हुआ तो पंचायत मुख्यालय रानोली पर धरना दिया जाएगा। ज्ञात रहे कि पीपलू तहसील क्षेत्र की रानोली पंचायत पांच गांव और ढाणियों से मिलकर बनी है। इसमें गुर्जरों की ढाणी भी शामिल है। इसमें करीब दो सो लोग रहते हैं, लेकिन लोगों का कहना है कि 40 साल से पंचायत मुख्यालय को जोड़ने वाला रास्ता पक्का नहीं हुआ है। इसके चलते बारिश आते ही इसमें करीब एक फ़ीट पानी भर जाता है। इसको लेकर पहले कई बार पंचायत सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी को अवगत कराया, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। कच्चा रास्ता होने से उसमें पानी भर जाता है। इससे आए दिन पंचायत मुख्यालय समेत अन्य स्थानों पर जाने में परेशानी होती है। सड़क दुर्घटना होती रहती हैं। बच्चों को स्कूल जाते समय देरी होती है। वे गिरते रहते हैं। कल भी एक ट्रैक्टर फंस गया। दो घंटे में ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद निकाला।इस समस्या से परेशान होकर आज सुबह करीब 8 बजे ग्रामीण रास्ते में आ गए और एक घंटे तक जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कोई अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौके पर नहीं आए। ग्रामीणों प्रदर्शन कर घर चले गए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि सप्ताह भर में समस्या का समाधान के लिए कोई काम शुरू नहीं किया तो 30 सितंबर को पंचायत भवन पर धरने बैठेंगे। पूर्व वार्ड पंच श्योजी राम गुर्जर ने बताया कि बगडवा रास्ते पर 40 वर्ष पहले 20 घरों की यह गुर्जरों की ढाणी की बसावट हुई थी। तब से अब तक रास्ता ऐसा ही है।



**सीसी रोड़ का बनवाने का प्रयास किया जाएगा :** रानोली सरपंच ममता रामेश्वर सैनी ने बताया कि इस रास्ते पर सीसी रोड बनवाने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए प्रस्ताव लिया जाएगा। वह स्वीकृत होने के बाद काम शुरु करवा दिया जाएगा।


## कृषि विभाग की किसानों को सलाह

# सिंगल सुपर फॉस्फेट एवं एन पी के ग्रेड्स उर्वरक कृषि के लिये वरदान : सोलंकी

### फसल में अच्छी पैदावार के लिए डीएपी की बजाय सिंगल सुपर फॉस्फेट का करें प्रयोग

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** कृषि विभाग ने फसलों में डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग कर कम लागत में अधिक उपज प्राप्त करने की किसानों को सलाह दी है। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक कृषि वीरेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि सरसों, गेहूं, चना आदि फसलों में डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक का उपयोग करें। सिंगल सुपर फास्फेट एक फॉस्फोरस युक्त उर्वरक है, जिसमें 16 प्रतिशत फॉस्फोरस एवं 11 प्रतिशत सल्फर की मात्रा पायी जाती है। इसमें उपलब्ध सल्फर के कारण यह उर्वरक तिलहनी एवं दलहनी फसलों के लिये डीएपी उर्वरक की अपेक्षा अधिक लाभदायक होता है। सिंगल सुपर फॉस्फेट उर्वरक का उत्पादन राज्य में होने के कारण आसानी से उपलब्ध है। एक बैग डीएपी की कीमत में तीन बैग एसएसपी खरीदे जा सकते हैं।तीन बैग एसएसपी से मिलने वाले पोषक तत्वों का मूल्य लगभग 1900 रुपये होता है, जो एक बैग डीएपी में मिलने वाले पोषक तत्वों के मूल्य 1350रुपये से अधिक है।सिंगल सुपर फॉस्फेट के साथ यूरिया का उपयोग कर फसल बुवाई के समय आवश्यक नाइट्रोजन, फॉस्फोरस एवं सल्फर पोषक तत्वों की पूर्ति कम लागत में ही आसानी से की जा सकती है।एनपीके ग्रेड्?स उर्वनकों के उपयोग द्वारा संतुलित पोषण प्राप्त किये जा सकते है जैसे नाइट्रोजन, फॉस्फोरस व पोटाश मुख्य पोषक तत्व है। फसलों में संतुलित पोषण के लिए डीएपी के बजाय एनपीके (नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश) ग्रेड्स उर्वरक अधिक उपयुक्त है। मृदा की उर्वरा क्षमता बनाये रखने एवं फसल का समुचित उत्पादन लेने हेतु मृदा परीक्षण के आधार पर की गयी अनुशंषा एवं फसल अवस्था अनुसार उपयुक्त ग्रेड के एनपीके उर्वरक का उपयोग किया जावे। एनपीके उर्वरकों की वर्तमान में 12.32.16, 20.20.0, 20.20.20, 16.16.16, 15.15.15, 20.20.0.13, 19.19.19 ग्रेड् उपलब्ध है। सिंगल सुपर फॉस्फेट से 16.5 किलोग्राम सल्फर अतिरिक्त मिलती है जिससे सरसों में तेल की मात्रा बढती है व उपज भी अधिक मिलती है। साथ ही सल्फर से फसल में



प्रोटीन, विटामीन भी ज्यादा मिलते है। जो चना फसल के लिए आवश्यक है। कृषि अधिकारी कजोड़ मल गुर्जर ने बताया कि किसान बुवाई के समय उर्वरक हमेशा कतार में ऊर कर देवे,खड़ी फसलों में सिफारिश अनुसार यूरिया छिटक कर देवे,उर्वरकों का उपयोग मृदा स्वास्थ्य कार्ड में बताये अनुसार करें। नए युग के उर्वरक जैसे नैनो यूरिया आदि का उपयोग करें।

# कार्यवाहक प्रिंसिपल के भरोसे शिवाड़ का सबसे बड़ा स्कूल

बढ़ता राजस्थान

**शिवाड़ ( नि.स. ) ।** सवाई माधोपुर जिले के शिवाड़ कस्बे में बड़ी स्कूल के नाम से विख्यात राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जो कस्बे का गौरव है पिछले लगभग 14 माह से कार्यवाहक प्रिंसिपल के भरोसे है यहां पिछली 1 अगस्त 2023 से कोई स्थाई प्रिंसिपल नही है और जिन्हें चार्ज दे रखा है उनका भी प्रमोशन हो चुका है ऐसे में अब ये स्कूल स्थाई प्रिंसिपल के नही होने से अपनी साख भी खोता जा रहा है ।

यहां स्थाई प्रिन्सिपल नही होने से स्टाफ में भी किसी प्रकार का डर नही है और कुछ स्टाफ समय पर नही आता तो कुछ पर ज्यादा पाबंदी है आये दिन ऐसे मामले प्रकाश में आ रहे है और उच्च अधिकारी मामले को ढके हुए है । यहां विद्यालय समय मे भी स्टाफ और बच्चे बाजार में देखे जा सकते है तो वही मालूम करने पर पता लगा कि कई स्टाफ तो स्टाफ रूम में अपने मोबाइल से शेयर बाजार पर ही लगा रहता है उन्हें विद्यार्थियों की कोई परवाह नही है साथ ही यहां 3 स्टाफ का उप प्रधानाध्यापक पर प्रमोशन हो चुका है जिसके 6 माह बाद भी राज्य सरकार द्वारा पदस्थापन नही होने से वो अपनी पोस्ट पर यथावत लगे हुए है । वही जहां राज्य में कई विद्यालयों में शारारिक शिक्षक नही है वही यहां दो शारारिक शिक्षक नियुक्त है । वही लाइब्रेरीयन का चार्ज लेने के प्रिंसिपल ने नवम्बर में शारारिक शिक्षक को आर्डर कर रखे है मगर उन्होंने 10 माह में भी चार्ज नही लिया ।

# राजू बन गया जेंटलमैन और मुन्नी हो गई बदमान



ये मैं कोई फिल्म का नाम या फिल्म का गाना नहीं गा रहा हूं लेकिन उस राजू और मुन्नी से मिलवाने का प्रयास कर रहा हूं जो आत्मीयता से जुड़े हुए थे। घर के अधिकतर लडके का नाम राजू और लडकी का नाम मुन्नी हुआ करता था लेकिन जब से हॉलीवुड वालों ने हमारे घर के बच्चों के नाम पर कब्जा करना शुरू किया हमारा बचपन में पेचिदा बनता चला जा रहा है। एक दौर था जब पण्ड़ितजी से नाम पूछा जाता था,नाम करण संस्कार होता था। नाम भी भगवानों पर होते थे और घर के नाम राजू और मुन्नी जैसे सरल होते थे जिसने बोलने में भी अत्मीयता साफ नजर आती थी नजर नहीं बल्कि महसूस भी होती थी। पर जब से गूगल से नाम पूछा जाने लगा गधे व खच्चरों के जैसे नाम आने लगे और घर के नाम तो ऐसे जो बस पूछो ही मत। बच्चों के घर के नाम ऐसे जैसे कोई राक्षस का नाम रख दिया हो। मुन्नी राजू और पप्पू जैसे नामों की हत्याएं हो चुकी हैं। बॉलीवुड़ ने जब गाना बनाया कि मुन्नी बदनाम हुई डार्लिंग तेरे लिए तो तालियां भी हमने ही बजाई थी। अब जब राजू जैंटलमैन बन ही गया तो जरूरी नहीं कि राजू आपका वहीं बेटा हो जिसे हम राजू बेटा कह लेते थे अब राजू को जैंटलमैंन हमने ही बनावाया है। इसलिए समय पर चेत जाईये नहीं तो गूगल अपने बच्चों का नाम जानवरों पर ही रखवा देगा और हमें बोलने में ऐसे ही फ्रक होगा जैसे अग्रेजी माध्यम में पढ़ने वाले मध्यमवर्गीय लोगों का बच्चा जब मम्मी को मॉम बोलने पर मां को पैसे वसूल होनें की फिलिंग आने लगती है। यही यतार्थ है मित्रों हमने हमारे पुरोहित व ब्राहम्णों की अपेक्षा गूगल पर अधिक विश्वास व श्रृद्धा बनाई है जब से हमारा बेड़ा गर्क होना शुरू हो गया है।

**रूपक शर्मा**
**वरिष्ठ पत्रकार, दैनिक बढ़ता राजस्थान**

# आदर्श विद्या मन्दिर उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं मे लिया भाग

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय ब्यावर में विद्या भारती राजस्थान क्षेत्र के चित्तौड़, जोधपुर और जयपुर के 261 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमे योगासन, शतरंज, कराटे /ताइक्वांडो, व वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई। क्षेत्रीय स्तरीय समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रंशात भराडिया, मनोज टेलर, संजय शर्मा और अध्यक्ष रमेश चंद भराडिया थे।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य नवीन कुमार सैनी ने अतिथियों का स्वागत सत्कार किया और क्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिता की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को उत्साहपूर्ण विभिन्न स्पर्धा में भाग लेने का आव्हान किया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रशांत भरडिया ने बताया कि किसी भी क्षेत्र में सफल होने के लिए अपने मन और आत्मविश्वास को श्रेष्ठ रखना होगा। जिला खेल प्रमुख बलवीर सिंह ने प्रतियोगिता का परिणाम जारी करते हुए बताया कि शतरंज क्षेत्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में छात्रा वर्ग 14 वर्षीय मे जोधपुर प्रांत विजेता और जयपुर प्रांत उपविजेता रहा। 17 वर्षीय छात्रा वर्ग में जयपुर प्रांत विजेता तथा चित्तौड़ प्रांत उपविजेता रहा। 19 वर्षीय छात्रा वर्ग में जोधपुर प्रांत विजेता और जयपुर प्रांत उपविजेता रहा।

छात्र वर्ग की शंतरज प्रतियोगिता में 14 वर्षीय प्रतियोगिता मे जयपुर प्रांत विजेता चित्तौड़ प्रांत उपविजेता रहा। 17 वर्षीय छात्र शतरंज प्रतियोगिता में जोधपुर प्रांत विजेता और जयपुर प्रांत उपविजेता रहा। 19 वर्ष छात्र शतरंज प्रतियोगिता में चित्तौड़ प्रांत विजेता और जयपुर प्रांत उपविजेता रहा। इसी प्रकार योगासन प्रतियोगिता में 14 वर्षीय छात्रा प्रतियोगिता में जयपुर प्रांत विजेता और जोधपुर प्रांत उपविजेता रहा। 17 वर्षीय छात्रा वर्ग में योगासन प्रतियोगिता में जयपुर विजेता और जोधपुर उपविजेता रहा। 19 वर्षीय छात्रा योगासन प्रतियोगिता में जयपुर प्रांत विजेता और जोधपुर उपविजेता रहा। योगासन छात्र वर्ग में 14 वर्षीय जोधपुर प्रांत विजेता और चित्तौड़ उपविजेता रहा। 17 वर्षीय छात्र वर्ग मे जोधपुर प्रांत विजेता और चित्तौड़ प्रांत उपविजेता रहा।

19 वर्षीय योगासन छात्र प्रतियोगिता में जोधपुर विजेता और चित्तौड़ प्रांत उपविजेता रहा। कराटे/ ताईकमांडो प्रतियोगिता में चित्तौड़ प्रांत ने 6 गोल्ड प्राप्त किये तथा जयपुर प्रांत तीन गोल्ड प्राप्त किये। जोधपुर प्रांत में पांच गोल्ड प्राप्त किये तथा वेटलिफ्टिंग में पांच गोल्ड प्राप्त किये। चित्तौड़ प्रांत ने 3 गोल्ड प्रापत किये। जोधपुर प्रांत ने चार गोल्ड प्राप्त किये। प्रतियोगिता में विभिन्न उपलब्धियां हासिल करने वाले खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जिला खेलकूद प्रमुख बलवीर सिंह ने बताया कि सफल विद्यार्थी अखिल भारतीय विद्या भारती प्रतियोगिता में भाग लेंगे। क्षेत्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के सफल आयोजन में तगत सिंह, कविता शर्मा, विद्यालय खेल प्रमुख शैतान सिंह, उमेश कुमार, कपिल कुमार, अर्जुन सिंह, दिव्या शर्मा और समस्त आचार्यध् दीदी का सराहनीय योगदान रहा।

# हरियाणा के सियासी रण में उतरे नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, विधानसभा चुनाव प्रचार की संभाली कमान



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार का इस विधानसभा चुनाव में गिरना तय है। उन्होंने कहा कि आम जनता का शोषण करने वाली भाजपा का इस चुनाव में अंत निश्चित है।

जूली रविवार को नारनौल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी राव नरेंद्र सिंह के जनसंपर्क के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों और नौजवानों की विरोधी रही भारतीय जनता पार्टी की सरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल का अब अंत आ गया है। उन्होंने कहा कि इस बार हरियाणा का प्रत्येक मतदाता भाजपा के उम्मीदवारों को करारी शिकस्त देते हुए हरियाणा में आमजन की आवाज बनने वाली कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने में पूरी ताकत के साथ जुटा हुआ है। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी राव नरेंद्र सिंह के समर्थन में अधिक से अधिक मतदान करने की जनता से अपील की। उन्होंने कहा कि पूरे देश की निगाहें इस बार हरियाणा चुनाव पर टिकी हुई है इस बार हरियाणा की जनता डबल इंजन की सरकार का धुआं निकालने के लिए तैयार बैठी है। जूली बोले भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों को प्रदेश की जनता काले झंडे दिखाकर आक्रोश प्रकट कर रही है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश के किसान चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का बहिष्कार करने के बयान दे रहे हैं। नारनौल विधानसभा क्षेत्र के समर्थकों ने जूली का जहां माला व साफा पहनाकर स्वागत किया वहीं घोड़ा बग्गी पर बैठाकर कांग्रेस पार्टी के समर्थन में वोट मांगने की अपील की। जूली रविवार को गांव पटीकारा,सेका, मांढाना,कोजिंदा की ढाणी,सुभाष नगर, मोहल्ला देवस्थान, मोहल्ला फ्रांस खाना, मुंडेर नीचे किला रोड में उपस्थित जन समूह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर तिजारा के पूर्व विधायक संदीप यादवएलाखन मीणा,संजय यादव, योगेश मेहता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**जूली कल करेंगे अटेली विधानसभा में कांग्रेस पार्टी का प्रचार :** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सोमवार को कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी अनीता यादव के समर्थन में अटेली विधानसभा क्षेत्र के गांव बजाड़,खेड़ी, बिहाली, मोड़ी, भोड़ी,ड़तल, बेवल, कांटी एवं भोजावास गांव में जनसंपर्क कर कांग्रेस पार्टी के लिए जन समर्थन जुटाएंगे।

# क्लीन अलवर मूवमेंट के अंतर्गत व्यपारियों ने किया श्रमदान

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** क्लीन अलवर मूवमेंट के अंतर्गत रविवार को जेल चौराहा के पास स्थित शिव कंपलेक्स में स्थानीय व्यापारियों द्वारा मुहीम में नागरिक भूमिका निभाते हुए स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता मनीष दुरेजा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जिला कलेक्टर आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में क्लीन अलवर मूवमेंट चलाया जा रहा है जिसमें शहर घर में सफाई कार्य किया जा रहा है और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उनकी मॉनिटरिंग की जा रही है। स्वच्छता मुहिम की दिशा में नागरिक सहभागिता दिखाते हुए आज शिव कॉम्प्लेक्स व्यापारियों ने भी परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया और साफ सफाई की गई। स्वच्छता अभियान में परिसर में स्थित गंदगी को हटाया गया पार्किंग में उगी हुई झाड़ियां को साफ किया गया और बंद नालियों को भी खोला गया। स्थानीय व्यापारियों को इस कार्य में नगर निगम प्रशासन की तरफ से जेसीबी मशीन ट्रैक्टर और कुछ कर्मचारियों का भी सहयोग रहा। स्थानीय व्यापारी लोकेश चौधरी का कहना है कि जिला प्रशासन द्वारा चलाई जा रही एक अच्छी मुहिम है जिसमें हम नागरिक भूमिका निभा रहे हैं। व्यापारी पंकज शर्मा का कहना है कि शासन प्रशासन और नागरिक मिलकर जब स्वच्छता अभियान में भूमिका निभाएंगे तभी स्वच्छ अलवर का सपना साकार हो सकेगा। व्यापारी गुलशन शर्मा का कहना है कि शिव कॉम्प्लेक्स परिसर में नियमित सफाई व्यवस्था का अभाव है और उम्मीद करते हैं कि जिला प्रशासन इस दिशा में स्थाई समाधान करेगा। स्वच्छता अभियान में शिव कॉम्प्लेक्स से मनीष दुरेजा, परमानंद सिंघल, पंकज शर्मा, कार्तिकेय आहूजा, लोकेश चौधरी, अशोक अरोड़ा, केतन चावला, युवराज सैनी, लव शर्मा, कुणाल सैनी, कपिल खत्री, गौरव अरोड़ा, जितेंद्र गागल, अरविंद सैनी, गुलशन शर्मा, तिलक राज यादव, राकेश गोयल और सुनील ग्रोवर आदि ने श्रमदान किया।

# राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा के चुनाव संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**नीमराना (नि.स.)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा नीमराना के चुनाव राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नीमराना में चुनाव पर्यवेक्षक रामानंद यादव पूर्व एडिशनल बीईईओ एवं चुनाव अधिकारी रमेश चंद यादव व्याख्याता की देखरेख में निर्विरोध संपन्न हुए। निर्वाचित कार्यकारिणी में सभा अध्यक्ष राजेश कुमार यादवउपसभाध्यक्ष अतर सिंह, नरेंद्र यादव ,अध्यक्ष देवेंद्र यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक यादव, उपाध्यक्ष पुरुष सनोज कुमार, उपाध्यक्ष महिला मिंटू यादव ,मंत्री ईश्वर दयाल यादव ,महिला मंत्री मोनिका यादव ,कोषाध्यक्ष विकास कुमार ,सदस्य प्रतिनिधि अध्यापक मनोज कुमार शर्मा, पंचायत समिति शिक्षक संजय कुमार यादव, वरिष्ठ अध्यापक रविंद्र सिंह यादव, प्राध्यापक नरेंद्र यादव, प्रधानाचार्य सुषमा यादव, महिला शिक्षक सुशीला यादव, शारीरिक शिक्षक रचना, प्रबोधक मनोज बाई, कंप्यूटर शिक्षक रमन, पंचायत शिक्षक प्रियंका निर्विरोध निर्वाचित हुए।

# जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ

## श्रेष्ठ प्रतिभागियों का स्टेट लेवल के लिए होगा सिलेक्शन

बढ़ता राजस्थान



**नीमराना ( नि.स. )।** नीमराना कस्बे के सेंट मार्केट इंजीनियरिंग कॉलेज में रविवार को अलवर जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।अलवर तीरंदाजी जिला अध्यक्ष संजीव गौड़ ने बताया कि प्रतियोगिता में सब जूनियर जूनियर,सीनियर वर्ग के साथ अंडर 10,13 एवं 15 आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में करीबन 400 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यहां से दो जो प्रतिभागी जिला स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी का राज्य स्तर के लिए सिलेक्शन किया जाएगा। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के द्वारा अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए धूप में कड़ी मेहनत कर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास किया जा रहा है। मंच संचालन राजा पंडित के द्वारा किया गया।प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर दयानंद उपाध्याय शूटिंग बाल अध्यक्ष संगठन राजस्थान, संजीव गौड़ अलवर जिला अध्यक्ष आर्चरी एसोसिएशन, सचिव वेद प्रकाश, कोषाध्यक्ष रमेश गुप्ता,अभिषेक मिश्रा क्षेत्रीय निदेशक पंजाब नेशनल बैंक कृषि प्रशिक्षण केंद्र नीमराना,वरिष्ठ अधिवक्ता एमडी शर्मा कार्यक्रम ऑर्गेनाइजेशन, सेक्रेटरी विनोद सैनी, राहुल सेन ,कोच राकेश आदि उपस्थित रहे।

# राजर्षि अभय समाज श्री रामलीला की तैयारी संपूर्ण, बुधवार श्री गणेश जी को करेंगे आमंत्रित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** दशहरा पर्व के शुभ अवसर पर होने वाली श्री रामलीला एवं नाटक महाराज भरतरी हरी की सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है जिसमें वेशभूषा श्रृंगार एवं दर्शकों के बैठने की समुचित व्यवस्था आदि शामिल है। संस्था के महामंत्री राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष होने वाली श्री रामलीला जो की 30 सितंबर से प्रारंभ होने जा रही है उसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। आने वाली 25 सितंबर बुधवार को समाज के सभी कलाकार एवं स्वयं सेवक राजर्षि अभय समाज रंगमंच से प्रात: 7 बजे बैंड बाजे के साथ श्री गणेश मंदिर जाएंगे और वहां से श्री गणेश जी को विधिवत आमंत्रण देकर अखंड ज्योत लेकर बैंड बाजे के साथ अभय समाज रंग मंच पर पहुंचेंगे इसके उपरांत हनुमान जी का ध्वजारोहण भी होगा और तत्पश्चात महा आरती की जाएगी तथा मंदिर भरतरी हरी धाम में अखंड रामायण पाठ प्रारंभ किया जाएगा जिसका की विधिवत समापन अगले दिन 26 सितंबर 2024 वार गुरुवार को प्रात: 10 बजे विधिवत हवन करने के पश्चात होगा और इसके साथ करो साथ महा आरती करने के बाद सभी को प्रसाद वितरण किया जाएगा। महामंत्री ने आगे जानकारी देते हुए बताया की श्री रामलीला और नाटक महाराज भरतरी हरी के सभी कलाकारों को विधिवत नित्य प्रति रात्रि 7 बजे से 10 बजे तक उनके पत्रों के अनुसार कड़ी मेहनत महानिदेशक करवा रहे हैं और निश्चित ही इस बार दर्शकों को प्रभावी प्रदर्शन देखने को मिलेगा। नई सीन सीनरी अभी बनाई गई है और कलाकारों के लिए श्रृंगार एवं वेशभूषा भी पूर्ण कर ली गई है।

# जिला कलक्टर ने किया सामान्य, शिशु एवं महिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण साफ-सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जाहिर कर बेहतर मेकेनिज्म तैयार करने के दिए निर्देश

## मरम्मत एवं नए निर्माण कार्यों को निर्धारित टाइम लाइन में पूर्ण करें

बढ़ता राजस्थान





**अलवर ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने रविवार को सामान्य, शिशु एवं महिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कलक्टर ने सामान्य चिकित्सालय के ट्रोमा सेंटर, ओपीडी, सामान्य वार्ड, महिला सर्जिकल वार्ड व हॉस्पिटल की गैलेरी तथा बाहरी परिसर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ट्रोमा सेंटर का रैम्प क्षतिग्रस्त मिलने पर पीएमओ को रैम्प के कार्य की कार्यकारी एजेन्सी आरएसआरडीसी से तीन दिवस में पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने ट्रोमा सेंटर में तीन तरह के कचरा पात्रा नहीं मिलने पर नाराजगी जाहिर कर निर्देश दिये कि चिकित्सालय में सभी आवश्यकता वाले स्थानों पर तीन तरह के कचरा पात्रा अविलम्ब लगवाना सुनिश्चित करावे तथा बायोमेडिकल वेस्ट का वैज्ञानिक विधि से निस्तारण भी सुनिश्चित करवाया जाए। वार्डों व ट्रोमा सेंटर में मरीजों के बैड के पास रखे जाने वाले डस्टबिन गन्दे मिलने पर कडी नाराजगी जाहिर कर निर्देश दिये कि गन्दे डस्टबिनों को तुरन्त बदले तथा समय-समय पर इनकी सफाई भी सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने ओपीडी की पर्ची लाइन को देखकर निर्देश दिये कि टोकन के आधार पर नम्बर आने की व्यवस्था करे तथा डिस्प्ले पर नम्बर प्रदर्शित होवे। उन्होंने कहा कि जयपुर के एसएमएस अस्पताल की तर्ज पर यहां पर भी क्यू मैनेजमेंट सिस्टम प्रारम्भ करने की कार्य योजना बनाए। उन्होंने निर्देश दिये कि नि:शुल्क दवा योजना के तहत दी जाने वाली दवाओं की सूची का बोर्ड लगवाए। शौचालयों की साफ-सफाई आवश्यकतानुसार बार-बार कराने के निर्देश दिये। खराब कूलर व अन्य खराब उपकरणों व सामग्री को हटवाकर नीलाम करने के निर्देश दिये। उन्होंने चिकित्सालय परिसर में लार्वा पनपते मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि एमएलओ गतिविधियां व फोगिंग अविलम्ब कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि सामान्य, शिशु व महिला चिकित्सालय में मरम्मत के कार्यों की वर्तमान स्थिति, कार्य पूर्ण होने का समय एवं कार्यकारी एजेन्सी का पूर्ण विवरण भिजवाए तथा मरम्मत का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने पीएमओ को निर्देशित किया कि तीनों अस्पतालों के लिए आवश्यक संसाधनों आदि की बिन्दुवार कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करे। उन्होंने सामान्य चिकित्सालय में 100 बैड्ड वार्ड व क्रिटिकल केयर यूनिट के साथ मरम्मत के कार्य कराने वाली एजेन्सी आरएसआरडीसी के अधिशाषी अभियन्ता को निर्देश दिये कि उक्त कार्य के विलम्ब होने की सूचना के साथ तीनों कार्यों की पूर्ण जानकारी सूचना भिजवाए। उन्होंने पीएमओ को निर्देश दिये कि इन तीनों कार्यों को समयबद्ध व गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने हेतु प्रत्येक कार्य हेतु एक-एक डॉक्टर को प्रभारी लगाए तथा उन्होंने निर्देश दिये कि सुनिश्चित करावे कि चिकित्सालय की 100 मीटर परिधि में धूम्रपान सामग्री विक्रय नहीं होवे। उन्होंने नर्सिंग अधीक्षक को निर्देश दिये कि तीनों अस्पतालों की साफ-सफाई के कार्य में एक माह में सुधार लाए, इसके लिए प्रत्येक 10 सफाईकर्मियों पर एक प्रभारी नियुक्त करे तथा आगामी तीन से पांच माह में इस प्रकार सफाई व्यवस्था के मैकेनिज्म में सुधार कर चिकित्सालय को एनक्वास सर्टिफाइड करावे।उन्होंने जनाना अस्पताल में मदर आंचल मिल्क बैंक, एएनसी वार्ड, लेबर रूम, ओटी वार्ड, पोस्ट आईसीयू, आईसीयू वार्ड, आपातकालीन वार्ड व शिशु अस्पताल के पीआईसीयू, एसएनसीयू, कुपोषण उपचार केंद्र, मदर न्यूबोन केयर यूनिट आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने मदर आंचल मिल्क बैंक, महिला आईसीयू आदि के सुव्यवस्थित मिलने तथा साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था मिलने पर पीएमओ को निर्देश दिये कि इनकी तर्ज पर सामान्य चिकित्सालय में भी साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जावे तथा यहां के कार्मिकों के एथिक्स व वर्क कल्चर के अनुरूप सामान्य चिकित्सालय के कार्मिकों से कार्य करावे। उन्होंने सामान्य चिकित्सालय के पीछे मेडिकल शॉप के पास कचरा मिलने पर मेडिकल शॉप संचालकों से कहा कि नगर निगम द्वारा इस स्थान की पूर्ण सफाई करा दी जाएगी उसके उपरान्त यहां गन्दगी नहीं फैले इसकी जिम्मेदारी मेडिकल शॉप संचालकों की रहेगी। उन्होंने वहां पर आमजन से भी साफ-सफाई को लेकर फीडबैक लिया। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि साफ-सफाई कार्यों में जनप्रतिनिधियों व आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करे। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी अलवर जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर, नगर निगम आयुक्त संजय गोयल, पीएमओ डॉ. सुनील चौहान, नगर निगम के आरओ युवराज मीणा, डॉ. टेकचन्द, डॉ. योगेश उपाध्याय सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# ऊर्जा मंत्री से मिले परवन प्रोजेक्ट के प्रभावित परिवार, डूब क्षेत्र के गांव बरेड़ा को मुआवजा दिलाने की रखी मांग

## मंत्री नागर ने की मुख्य सचिव अभयकुमार से बात, उच्चाधिकारियों की कमेटी बनाकर भौगोलिक परिस्थितियों का आंकलन करने के दिए निर्देश

### मंत्री हीरालाल ने अधिकारियों के साथ की वृहद परवन सिंचाई परियोजना के कार्यों की समीक्षा बैठक, द्वितीय फेज का काम जल्द पूर्ण करने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने रविवार को परवन प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक कर काम की प्रगति की रिपोर्ट ली। उन्होंने निर्माण कार्यों की समीक्षा की और प्रोजेक्ट के सेकंड फेज का काम शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान खानपुर पंचायत समिति में परवन प्रोजेक्ट के प्रभावित परिवार ऊर्जा मंत्री से मिलने पहुंचे। बड़ी संख्या में आए ग्रामीणों ने डूब क्षैत्र के गांव बरेड़ा को मुआवजा दिलाने की मांग रखी। जिस पर मंत्री श्री नागर ने जल संसाधन विभाग के मुख्य सचिव अभयकुमार से बात कर मामले का निराकरण करने की बात कही। उन्होंने अभय कुमार से उच्चाधिकारियों की कमेटी बनाकर भौगोलिक परिस्थितियों का उचित परिस्थितियों में आंकलन करने के निर्देश दिए। बैठक में पवन वृहद सिंचाई परियोजना सर्किल झालावाड़ के एसई डीएन शर्मा, प्रोजेक्ट झालावाड़ के इंजीनियर सीएस मीना, कालीसिंध प्रोजेक्ट के इंजीनियर महेंद्र मीणा, प्रोजेक्ट बारां के इंजीनियर प्रदीप जैन उपस्थित थे। मंत्री नागर ने काम की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोई कलां और बपावर में सिविल कार्य समय पर पूर्ण किए जाएं। कैनाल बनाने का काम भी जल्दी हो। अधिकारियों ने बताया कि सांगोद क्षेत्र का सेकंड फेज में 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। वहीं डैम का भी 88 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है।

मंत्री हीरालाल नागर ने बताया कि खानपुर तहसील का बरेडा गांव परवन वृहद सिंचाई परियोजना के अंतर्गत आंशिक डूब क्षेत्र में है। जहां पर कृषि भूमि व निवास करने वाले व्यक्तियों का विस्थापन और पुनर्वास आवश्यक है। कोई भी अकारण अपना पुश्तैनी मकान या गांव नहीं छोड़ना चाहता है। परियोजना के अंतर्गत बरेडा गांव के निवासियों की 70 फीसदी कृषि भूमि अवाप्त हो चुकी है। जबकि 10 मकान ही डूब क्षेत्र में आए हैं। ऐसे में, इन लोगों के लिए आजीविका के साधन नहीं हैं तो फिर बिना मुआवजे के भी इन्हें यहां से विस्थापित होना पड़ेगा। ऐसे में गांव के हित में विशेष पैकेज अथवा मुआवजे को लेकर सरकार के स्तर पर निर्णय किया जाएगा। वहीं आवश्यकता हुई तो मुख्यमंत्री से बात कर प्रभावित लोगों के भविष्य की चिंता की जाएगी। ग्रामीण शिवराज नागर, नंदकिशोर नागर, मांगीलाल भील, बजरंगलाल राठौर, सुरेश सेन आदि ने बताया कि गांव में तकरीबन 300 परिवार पैकेज से वंचित हैं। कृषि रोजगार के अलावा अन्य रोजगार का कोई साधन भी उपलब्ध नहीं है।

जल संसाधन विभाग के द्वारा एमटीएल लाइन को आधार मानकर मकान को अवाप्त किया गया है। बांध स्थल से ग्राम बरेड़ा की आबादी 4 किलोमीटर दूर है। जहां गांव के अंदर आबादी क्षेत्र में जिस जगह तक मकान अवाप्त किए गए हैं। वहां से 200 फीट के अंदर संपूर्ण मकान डूब क्षेत्र में आ रहे हैं। गांव तीन तरफ से पानी से घिरा हुआ है। जलीय जीवों व अन्य कारणों से किनारों पर



रहना भी संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि जल संसाधन विभाग के द्वारा पुराने नियमों को आधार मानकर संपूर्ण आबादी क्षेत्र को डूब में नहीं लिया गया है। जबकि बांध के भराव क्षेत्र में अंतिम बिंदु से 200- 300 फीट की दूरी तक आबादी व अन्य प्रकार की गतिविधियां संचालित नहीं की जा सकती हैं। पानी भरने के उपरांत निवासियों को बिना पैकेज के भी जटिल परिस्थितियों में विस्थापित होकर बेघर होना पड़ेगा।

# क्षेत्रीय खेलकूद समारोह में गर्वित ने जीता गोल्ड पदक



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा( नि.स. )।** अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित क्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिता 21 एवं 22 सितंबर को आशापुरी आदर्श विद्या मंदिर ब्यावर में संपन्न हुई जिसमें आदर्श विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रावतभाटा के भैया गर्वित शर्मा पुत्र श्री राकेश शर्मा ने चित्तौड़ प्रांत का प्रतिनिधित्व करते हुए जयपुर प्रांत के कराटे के खिलाड़ी को 6-0 पॉइंट से हराकर बाल वर्ग में गोल्ड पदक जीता क्षेत्रीय प्रतियोगिता में भैया का मार्गदर्शन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य दिनेश कुमार सुमन द्वारा किया गया। गर्वित शर्मा आ गामी 14 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक सरस्वती शिशु मंदिर देवास मध्य प्रदेश में राजस्थान क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे विद्यालय परिवार एवं प्रधानाचार्य द्वारा भैया के उज्जवल भविष्य की कामना की गई ।

# बेटी दिवस के अवसर पर कच्ची बस्ती में नन्ही नन्ही बेटियो से मिलने पहुंचे कई परिवार



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा( नि.स. )।** 22 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस मनाया जाता हैं जानकारी देते हुए पार्षद मनीष गिरी ने बताया की हैवी वाटर प्लांट से सुधांशु जैन एवम् परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय क्र 4 की शिक्षिका भारती जैन एवम् हैवी वाटर प्लांट से रिटायर्ड वैज्ञानिक अधिकारी आनंद कुमार शर्मा,चंद्रकला शर्मा की ओर से बेटी दिवस के अवसर पर आर पी एस कॉलोनी में स्थित झुग्गी झोपड़ियों में रह रहे परिवारों एवम् क्रेशर बस्ती के 10 परिवारों को राशन सामग्री भेट की। इस अवसर पर नन्ही नन्ही बेटियो को चॉकलेट केक बाटे गए बस्ती में मिलने आए परिवारों को देख कर बच्चो के चेहरे पर मुस्कान आ गई। इस अवसर पर पार्षद मनीष गिरी, सुधांशु जैन ने कहा की हमे कोशिश करनी चाहिए की हर छोटे बड़े अवसर पर जरूरतमंद परिवारों की मदद करे , गौ शाला में सहयोग करे, रैफरल अस्पताल में संचालित फूड बैंक में सहयोग करे जहा गरीब जरुरतमंद मरीजों एवम उनके परिजनों को दोनो टाइम निशुल्क पोष्टिक भोजन खाने को मिलता हैं।

# जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया




बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** वीमेंस सेल्फ मोटिवेशन क्लब प्रेरणा के सभी सदस्यों के अंशदान व क्लब सदस्य शकुंतला शर्मा के सहयोग से नर सेवा, नारायण सेवा अभियान के तहत श्राद्ध पक्ष में गीता भवन जाकर करीब 150 गरीब जरूरतमंद, लोगों को भोजन कराया। इसके अलावा किशोर सागर तालाब रोड पर आने जाने वाले ठेला चालकों रिक्शा चालकों, ऑटो वालों आदि आम जनता को भी अल्पाहार वितरित किया गया। पितृपक्ष में गरीबों को भोजन कराने से पितृ प्रसन्न होते हैं इसी उद्देश्य से सभी लोगों को खीर पूड़ी, दो तरह की सब्जी, इमरती, मालपुआ, कचोरी, नुक्ति, इमरती नमकीन आदि परोसा गया। इस अवसर पर क्लब फाउंडर उमा पाठक, अध्यक्ष विनीत शर्मा, उपाध्यक्ष पुष्पा गोयल, कोषाध्यक्ष सरिता परियानी, नीतू गौड़, पूजा कत्याल, प्रवीण शर्मा, कमलेश वाधवा, रेनू चावला, सुजाता भार्गव, राजकुमारी अग्रवाल, मानसी, मोनिका शिवानी, श्वेता अग्रवाल, प्रभा चतुर्वेदी आदि सदस्यों ने अपने हाथों से भोजन परोसा घर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

# राजस्थान में निवेश की अपार संभावनाएं, युवाओं को रोजगार देने का काम भी करेंगे

## प्रदेश की ऊर्जा जरूरतें होंगी पूरी, दूसरे प्रदेशों को भी देंगे ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने विविध कार्यक्रमों में भाग लिया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने रविवार को शहर में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। मंत्री नागर ने इन्द्र विहार स्थित आवास पर जनसुनवाई की और मौके पर ही जनसमस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने सुबह स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से नयागांव टोल प्लाजा पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। वहीं उपस्थित कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। इस दौरान संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि हमें प्रकृति को बचाने के लिए प्लास्टिक का बहिष्कार करना होगा। अधिकतम पौधे रोपकर ही प्रकृति को बचाया जा सकता है। पृथ्वी पर बढ़ती गर्मी और प्राकृतिक असंतुलन से बचने के लिए हमें पर्यावरण संरक्षण की ओर मजबूत कदम बढ़ाने होंगे। ऊर्जा मंत्री ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि राजस्थान में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। सीमावर्ती पश्चिमी राजस्थान में जमीन बहुतायत में उपलब्ध है। देश में इन्वेस्टर्स की पहली पसंद राजस्थान बना है। प्रदेश की सरकार ने उद्योगों के लिए जमीन अलॉटमेंट की नीति में भी शिथिलता दी है। जिससे अधिकतम उद्योग स्थापित होकर युवाओं को रोजगार मिल सके। प्रदेश में औद्योगिक वातावरण तैयार करने के लिए प्रदेश की सरकार हरसंभव सुविधा और विशेष पैकेज देने के लिए भी तैयार है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि राजस्थान में विद्युत वितरण उत्पादन में सुधार के कार्य चल रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में पर्याप्त सुधार किए जा रहे हैं। नए



फीडर और जीएसएस के साथ ही सोलर के द्वारा विद्युत उत्पादन का काम किया जा रहा है। आने वाले दिनों में मुख्यमंत्री के संकल्प को पूर्ण करते हुए किसानों को डिमांड के अनुसार दिन में बिजली दी जाएगी। गुजरात में हुई समिट में रीन्यूएबल, अक्षय ऊर्जा, सोलर से संबंधित उद्योग राजस्थान में स्थापित होना चाहते हैं। प्रदेश में सोलर और विंड से ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश जमीन और पानी की बहुता यत के साथ पावर में भी मजबूत होगा। राजस्थान के लोगों ने दूसरे प्रदेशों में और विदेशों में जाकर अपनी मेहनत के दम पर जगह बनाई है। आज वे सभी प्रवासी राजस्थानी प्रदेश में आकर इन्वेस्ट करना चाहते हैं। राजस्थान भी दिल खोलकर उनका स्वागत करने को तैयार है।

# ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने साइकिल रैली को किया रवाना, स्वच्छता का दिया संदेश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार, स्वच्छता ही सेवा-2024 एक पेड़ माँ के नाम पहल के तहत कोटा बाईपास नयागांव टोल प्लाजा राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। ऊर्जा मंत्री ने पर्यावरण स्थिरता के महत्व और स्वच्छ और हरित भारत को बनाए रखने में नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, पीआईयू कोटा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कोटा शहर के लगभग 70 साइकिल चालकों



भाग लिया। साइकिल रैली कॉलेज चौराहा से प्रारम्भ हो कर रावतभाटा रोड, कोटा बाईपास शंभुपुरा राष्ट्रीय राजमार्ग तक साइकिल चलाकर स्वच्छता ही सेवा अभियान का प्रचार प्रसार किया। उन्होंने पर्यावरण देखभाल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। मंत्री नागर ने नयागांव स्थित कोटा बाईपास टोल प्लाजा पर पौधरोपण किया गया। ऊर्जा मंत्री तथा साइकिल चालकों ने 70 पौधे एक पेड़ माँ के नाम पहल के तहत रोपे। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के लिए एक साथ आने वाले नागरिकों की एकता का प्रतीक था। साथ ही शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जहां सभी उपस्थित लोगों ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की शपथ ली। मंत्री हीरालाल नागर ने भी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ और हरित भारत के दृष्टिकोण को दोहराया और सभी से स्वच्छ भारत अभियान के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में काम करना जारी रखने का आग्रह किया। इस दौरान पीडी संदीप अग्रवाल, एक्सईएन जयंती टाटावत, साइक्लोरेट साइकिल क्लब के नितिन सैनी, स्वप्निल दाधीच, फन राइडर्स क्लब के अक्षय पारीक समेत कई लोग मौजूद रहे।

# चंबल की पुलिया से कूदकर युवक ने दी जान, पुलिस कर रही जांच

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** शहर के नयापुरा इलाके में एक युवक ने चंबल नदी में कूदकर जान दे दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मामले में पुलिस जांच में जुटी है। नयापुरा थाना पुलिस के अनुसार कुन्हाड़ी इलाके में चंबल पुलिया के पास रहने वाले जगन (35) ने सुसाइड किया है। जगन का उसकी पत्नी के साथ विवाद चल रहा था। करीब तीन महीने पहले उसकी पत्नी अलग रहने लगी थी। शनिवार को इनके बीच में फिर झगड़ा हुआ। रविवार को जगन का फिर से पत्नी के साथ झगड़ा हुआ। इसके बाद पत्नी वापस घर आई जहां दोनो के बीच झगड़ा हुआ इसके बाद जगन चंबल की बड़ी पुलिया पर पहुंचा, जहां से वह नदी में कूद गया।

सूचना पर पुलिस और निगम गोताखोर मौके पर पहुंचे। इतने में जगन की पत्नी मौके पर पहुंची और चंबल की छोटी पुलिया से चंबल में उतर गई और गहरे पानी में जाने लगी। गोताखोर ने उसे पकड़ा और रोकने की कोशिश की लेकिन वह बाहर निकलने को तैयार नहीं हुई। बाद में पुलिसकर्मी सियाराम चंबल में उतरा और महिला को बाहर निकाला। मामले में पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब की आम सभा में नए भवन को दिए 2 कमरे और करीब 2 लाख की घोषणा



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब की प्रथम आमसभा उम्मेद क्लब नयापुरा में सम्पन्न हुई। सभा में पूर्व की गई गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया गया वहीं आय व्यय का लेखा जोखा भी प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष सुनील माथुर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। क्लब के नए भवन को बनाए जाने के लिए एक कमरे की घोषणा की गई इसके साथ ही एक पत्रकार को उसकी लेखनी के लिए भी प्रतिवर्ष सम्मानित किए जाने की घोषणा भी आम सभा के दौरान हुई। जिसमें क्लब के संरक्षक पवन आहुजा ने अपने पिता स्व. चमन लाल आहुजा की स्मृति में इस अवार्ड को शुरू किए जाने और इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी लेने की घोषणा की। इस दौरान महासचिव अनिल भारद्वाज सहित वरिष्ठ पत्रकार मौजूद रहे।

# पड़ोसी ने महिला को लोहे के पाइप से पीटा, पैर टूटा


## खिड़की का कांच टूटने पर विवाद

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** खिड़की का कांच टूटने के विवाद को लेकर दो युवकों ने महिला पर हमला कर दिया। दोनों ने महिला पर 40 सेकेंड में 16 बार वार किए। हमले में महिला का एक पैर टूट गया। मामला कोटा के उद्योग नगर थाने के प्रेमनगर थर्ड का शनिवार देर शाम 7.15 बजे का है। महिला पर हमले का वीडियो रविवार को सामने आया है। वीडियो में दो युवक महिला से मारपीट कर रहे हैं और तीसरा युवक हाथ में पिस्टल लिए खड़ा नजर आ रहा है। एएसआई अमरचंद ने बताया- ललिता बाई (47) के बेटे वेदप्रकाश शर्मा ने मामला दर्ज कराया है। महिला पर हमला करने वाले पड़ोसी है। करीब 6 महीने पहले दोनों के बीच विवाद हो गया था। दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज हुई थी, इसके बाद ललिता बाई के परिवार ने महावीर के साथ मारपीट कर दी थी। उस समय भी मामला दर्ज हुआ था और केस चल रहा है। संभवत: इसी रंजिश में शनिवार देर शाम को महावीर और उसके साथियों ने महिला पर हमला किया है। मामले में रात को ही मुकदमा दर्ज कर लिया था। महावीर और उसके साथियों की तलाश की जा रही है। कांच टूटने को लेकर हुआ था पहले विवाद पीड़िता के बड़े बेटे वेदप्रकाश शर्मा ने बताया- घर का कांच टूटने को लेकर पड़ोसियों से विवाद चल रहा था। पहले भी झगड़ा हो चुका है। शनिवार रात को मां ललिता घर पर अकेली थी और मकान के बाहर खड़ी थी।

इसी दौरान पड़ोसी महावीर लोहे का पाइप लेकर आया। उसके साथ दो लोग और थे। आते ही उन्होंने मारपीट करना शुरू कर दिया। मोहल्ले का कोई व्यक्ति मां को बचाने नहीं आया। बाद में बदमाश वहां से मारपीट कर फरार हो गए। इसके बाद रिश्तेदारों से सूचना मिली और मां को एमबीएस अस्पताल पहुंचाया।

# नदियों पर बने एनीकटों के नही लगे गेट, नदियों में पानी का बहाव रुकने लगा है



आबिद हुसैन

**चौमहला ( बढ़ता राजस्थान )।** झालावाड़ के चौमहला,डग,गंगधार सहित आसपास के गांवों को पेयजल उपलब्ध कराने वाला प्रमुख जल स्त्रोत गंगधार के पास बहनेवाली छोटी काली सिंध नदी पर जलदाय विभाग के एनीकट बने हुवे है।जिन पर बरसात की समाप्ति पर सितंबर माह तक विभाग द्वारा गेट लगा कर पानी का संग्रहण किया जाता है। गर्मियों को जल संकट का सामना नही करना पड़े।और इस बार गंगधार उपखंड में औसत से भी कम बरसात हुई है। अमूमन 35 से 40 इंच बरसात होती है।और किसान भी रवि 8 की फसलों की तैयारी कर खेतो में सिंचाई करने में भी नदी के पानी का ही उपयोग करते है। लेकिन विभाग की लेट लतीफी के कारण अभी तक एनीकटों पर गेट नही लगाए गए है।नदी का बहाव रुकने के बाद गेट लगाने का क्या औचित्य होगा।पूर्व मै भी 2023 सितंबर मै एनीकटों गेट को लेकर खबर प्रकाशित की गई थी। जिसके बाद भी विभाग द्वारा गेट नहीं लगाए गए थे। किसका परिणाम यह निकला की गर्मी के दिनों मै पानी का संकट से आमजन परेशान हुई थे। अब समय रह कर गेट नहीं लगाए गए तो वापस वही हालात हो जाएगे।

दैनिक बढ़ता राजस्थान

# मुंबई में ट्रेन की चपेट में आकर दो युवकों की मौत

## काम करने के लिए शुक्रवार शाम को ट्रेन से रवाना हुए थे युवक, पटरी पार करते समय हुआ हादसा

बढ़ता राजस्थान



**सैंपऊ/धौलपुर( नि.स. )।** घर से कमाने के लिए मुंबई गए उपखंड की ग्राम पंचायत रजौरा खुर्द के दो युवक ठिकाने पर पहुंचने से पहले ही ट्रेन से उतरते समय हादसे का शिकार हो गए। बताते हैं युवक प्लेटफार्म पर उतरने के बजाय रॉन्ग साइड उतरकर पटरी पर कर रहे थे तभी दूसरी पटरी पर आ रही लोकल ट्रेन की चपेट में आ गए। जिससे दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। युवकों के साथ गए बड़े भाई हुसैन बख्श के द्वारा मुंबई में रेलवे प्लेटफार्म के पास ही काम कर रहे स्थानीय लोगों को सूचना दी, तब जाकर पुलिस की मौजूदगी में मृतकों की डेड बॉडी को पटरी से उठाकर पोस्टमार्टम कार्रवाई के लिए ले जाया गया। जानकारी के अनुसार गांव रजौरा खुर्द निवासी हुसैन बख्श खान, रहम बक्स खान पुत्रगण सुल्तान खान आमिर खान पुत्र इंसाफ अली सभी शुक्रवार शाम को धौलपुर रेलवे स्टेशन से पठानकोट ट्रेन से मुंबई गए थे। सुबह जैसे ही 7.25 पर मुंबई पहुंचे तो प्लेटफार्म पर उतरने के बजाय पहले ही उतर गए। इसी दौरान पटरी पार करने की कोशिश में लोकल ट्रेन की चपेट में आने पर रहम बख्श और मौसेरा भाई आमिर खान की मौके पर ही मौत हो गई। बताते हैं कि हुसैन बख्स और रहम बख्स दोनों भाई ऑटो चलने का कार्य करते हैं वही आमिर खान हाल ही में यूपी में अध्यापक भर्ती में चयनित हुआ है। भर्ती पर विवाद का साया मंडराने पर वह अपने मौसेरे भाइयों के साथ मुंबई घूमने के लिए चला गया।

# बिजौली संवर्धन शाला पर आयोजित हुई दो दिवसीय कार्यशाला



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** शहर के धौलपुर रोड़ स्थित बिजौली ग्रामीण उधमशाला पर दो दिवसीय किशोर,किशोरी सशक्तीकरण शिविर का आयोजन स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के निर्देश पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी दाऊदयाल शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर प्रभारी एवं मुख्य संदर्भ व्यक्ति सुरेश भारद्वाज ने बताया की दो दिन तक आयोजित हुई इस कार्यशाला का समापन करते हुए सभी ट्रेनी टीचर्स को अपने-अपने विद्यालय में मीना राजू एवं गार्गी मंच का गठन करने और किशोर किशोरियों के सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए उन्हें उनके अधिकारों के प्रति सजग करने को लेकर ट्रेंड किया है।

शिविर प्रभारी भारद्वाज ने बताया कि इस दो दिवसीय शिविर में बाड़ी ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों से 124 टीचर्स ने भाग लिया है। जिनमें से 68 टीचर्स राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के और 56 टीचर्स राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों से शामिल हुए है। कार्यशाला में ट्रेंड टीचर संदीप कुमार,मदन कुमार शर्मा,नरेंद्र शर्मा और विजेंद्र सिंह ने अपने-अपने टीम में शामिल टीचर्स को प्रशिक्षण मॉड्यूल के अनुसार किशोर किशोरियों के वर्तमान परिपेक्ष में सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए उनके समग्र विकास के लिए हर जरूरी कदम उठाने को लेकर जानकारी दी है साथ में जीवन कौशल के विकास के महत्व को समझाया है। शिविर के व्यवस्थापक ओंकार शर्मा और विनोद कुमार मीणा ने दो दिन की इस कार्यशाला में सभी ट्रेनिंग टीचर्स को विशेष सहयोग दिया है।

# पीएमश्री केंद्रीय स्कूल में हुआ संस्कृत सप्ताह का पुरस्कार वितरण समारोह




बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में संस्कृत सप्ताह के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुदर्शन सिंह तोमर उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक भीमराज माली ने संस्कृत सप्ताह के दौरान संपन्न हुई समस्त गतिविधियों से सभी को अवगत कराया। तत्पश्चात प्राचार्य मन्मथ शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि संस्कृत सप्ताह समारोह में सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।
प्राचार्य ने आगे अपने उद्बोधन में संस्कृत भाषा की महत्ता को प्रकट करते हुए कहा कि संस्कृत को देववाणी भी कहते हैं एवं कई भाषाओं की जनक कही जाती है संस्कृत भाषा का सबसे पुराना लिखित रिकॉर्ड तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व का माना जाता है। मुख्य अतिथि के द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त 80 से अधिक विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया।

इसके अलावा शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए संस्कृत श्लोक उच्चारण की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले शिक्षक मुकेश वर्मा, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले शिक्षक बद्रीप्रसाद प्रजापत एवं संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले शिक्षक संजय एवं दीपक कुशवाह को भी मुख्य अतिथि के कर कमलों से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सुदर्शन सिंह तोमर ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। इस अवसर पर रामहरि मीना, मायाराम रावत, राकेश कुमार, राखी गुप्ता, बद्रीप्रसाद प्रजापति, सुपीता मीना, कुलवीर सिंह, धर्मेंद्र जांगिड, जीतेन्द्र सिंह, अनीता यादव, दीपिका, रविन्द्र कुमार, माधवेन्द्र सिंह, अनीता महावर, प्रीती एवं रोहित मीना अन्य लोग उपस्थित रहे।

# लगातार बढ़ रहे अवैध कब्जों की वजह से शहर की 40 कॉलोनियों में जलभराव की समस्या

## शहरी क्षेत्र की नहरों पर 8 साल से 67 लोगों के कब्जे, 500 बार दिए नोटिस

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जल संसाधन विभाग की शहरी क्षेत्र की नहरों पर कब्जा कर लिया है। किसी ने नहर के ऊपर कब्जा कर रखा है। किसी ने नहर के पटरियों पर मकानों का निर्माण कर लिया है तो कई ऐसे हैं जो वर्षो से पक्का निर्माण कराकर आराम फरमा रहे हैं। यही नहीं बहुत से ऐसे भी हैं जो पक्की दुकान बनाकर दूसरे से भाड़ा वसूल रहे हैं। जल संसाधन विभाग और प्रशासन के पास इन लोगों की सूची होने के बाद भी नहर से कब्जा खाली नहीं करा पा रहे हैं। अधिकारी 6 वर्ष से कब्जाधारियों को नोटिस भेजकर कार्रवाई करने की खानापूर्ति कर रहे हैं। खामियाजा शहर की जनता को झेलना पड़ रहा है। शहर की 40 कॉलोनियों में 3 से 4 फीट तक जलभराव हो रहा हैं। इस बड़े कारण नगर परिषद ने कॉलोनी बनाने से पहले पानी निकासी की व्यवस्था का प्लान नहीं बनाया और नहरों पर अतिक्रमण हो जाने दिया। बता दें की शहरी क्षेत्र की नहरों पर 8 वर्ष से 67 लोगों ने कब्जा कर रखा हैं। वर्ष 2018 में विभाग द्वारा सर्वे कर शहर की नहरों पर हो रहे अतिक्रमण की सूची भी बना ली गई हैं और सूची बनाकर प्रशासन को भेज दी गई। विभाग आज तक कब्जा खाली करने के नोटिस भेजने के अलावा और कोई कार्यवाही नही कर पाया हैं। ट्टसिंचाई विभाग की जमीन पर अतिक्रमण का मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। इस संबंध में जल्द ही अधिकारियों से वार्ता की जाएगी। अगर ऐसा है तो जल्द फाइल मंगवाकर उसका अवलोकन किया जाएगा। इसके बाद विभागीय नियमानुसार अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। - सुरेश कुमार मीणा, अधीक्षण अभियंता सिंचाई विभाग धौलपुर सूची के अनुसार ग्राम महमदपुर के खसरा नंबर रकबा 3-10, 716 रकबा 3-15, 718 रकबा 1921 रकबा 2-14, 936 रकबा 0-13 संख्या नहर सिंचाई विभाग के नाम दर्ज है। ग्राम धौलपुर के खसरा नंबर 13 रकबा 0-10, 10475 रकबा 4-05 किस्म सिंचाई विभाग दर्ज है। खसरा नंबर रकबा 4-05 की किस्त ग्राम रास्ता नगर परिषद धौलपुर ने दर्ज दिखाई है। खसरा नंबर 1013/83 रकबा 0-11, 1014/83 रकबा 2508, 1015/83 रकबा 2504 बीघा आदेश 50ए / 10बी से नगर परिषद धौलपुर के नाम दर्ज है। खसरा नंबर 520 रकबा 0-05 किस्म ग्राम पंचायत राजस्थान बोर्ड ऑफ मुतिल सिला करबल वक्फ संपत्ति के नाम दर्ज रिकॉर्ड हैं। खसरा नंबर 1269/276 रकबा 1-0 बीघा के नाम दर्ज है। इन नहरों पर कब्जाधारियों ने किए हुए कब्जे। सिंचाई विभाग की नहर पर कब्जा कर रखा है। सिंचाई विभाग की नहर पर कब्जाधारियों ने कब्जे कर लिया है। वहीं नगर परिषद ने उन्हीं नहरों के पट्टे काट दिया है। आज भी भूमि सिंचाई विभाग के नाम दर्ज है। लेकिन नगर परिषद ने पट्टे काट दिए हैं। अफसरों के अनुसार 8 वर्ष से 67 कब्जाधारियों के साथ नोटिस-नोटिस का खेल रहे है। 23 जनवरी वर्ष 2018 से 67 कब्जाधारियों को कभी एसई, कभी एक्सईएन कभी एईएन और कभी जेईएन ने 500 से अधिक नोटिस दे चुके हैं। कार्यवाही एक भी बार नहीं की है।

### इनका कहना है

जहां-जहां अतिक्रमण संज्ञान में आया हैं, उनको नोटिस दिए हैं और उनके खिलाफ पाबंद की कार्रवाई भी की गई है। अतिक्रमणधारियों के द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया हैं। विभाग की ओर से कार्रवाई जारी है।

**राजकुमार सिंघल**
**एक्सईएन, जल संसाधन विभाग, धौलपुर**

# योजना का एक वर्ष पूर्ण होने पर हुआ कार्यक्रम, पीएम से कराया लाइव साक्षात्कार

## पीएम विश्वकर्मा योजना : 300 लोगों ने लिया प्रशिक्षण, मिले प्रमाण-पत्र

बढ़ता राजस्थान



**सैंपऊ ( नि.स. )।** ग्राम पंचायत तसीमों में स्थित पीएम विश्वकर्मा गौतम बुद्ध प्रशिक्षण केंद्र पर प्रक्षिणार्थियों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की प्रगति की एक वर्ष पूर्ण होने पर वर्धा महाराष्ट्र में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा ऑनलाइन माध्यम से लाइव साक्षात्कार कराया गया। प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना के अंतर्गत राजमिस्त्री, मालाकार, मूर्तिकार, हे यर ड्रेसर एवं बढ़ई की ट्रेनिंग पूरी करने वाले 300 प्रक्षिणार्थियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए, साथ ही केंद्र पर चल रही गतिविधियों का निरीक्षण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अश्वनी कुमार यादव प्राचार्य आईटीआई धौलपुर, अंजू गोयल असिस्टेंट डायरेक्टर आरडीएसडीई जयपुर, अवदेश कुमार वर्मा प्रबंधक एसबीआई तसीमों, अरुण कुमार मीना प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक सैपऊ, विजय चौधरी प्रबंधक बीआरकेजीबी बैंक सैपऊ, तसीमों सरपंच प्रतिनिधि रामअवतार सिंह फौजी, लक्ष्मण कोली संस्था प्रधान भरतपुर एवं मण्डल महामंत्री भाजपा, रामविलास बघेल मण्डल अध्यक्ष भाजपा सैपऊ, पिपरौआ सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र परमार, नेमीचन्द कुशवाह सरपंच प्रतिनिधि नुनहेरा आदि थे। प्रशिक्षण केंद्र संचालक उदय कुशवाह ने जानकारी दी कि वर्धा महाराष्ट्र में आयोजित कार्यक्रम में पूरे देश से उन विशेष 500 प्रशिक्षण केन्द्र में चुना गया है जो प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की प्रगति में मुख्य योगदान दे रहे हैं। उन 500 प्रशिक्षण केंद्रों में हमारे प्रशिक्षण केन्द्र का नाम आना हमारे जिले के लिए तथा हमारे लिए व इस केंद्र पर प्रशिक्षण ले रहे प्रक्षिणार्थियों के लिए बहुत ही गर्व योग्य है। पीएम के कार्यक्रम से लाइव जोड़कर पीएम द्वारा की गई घोषणाओं ऑनलाइन प्रमाण पत्र आई कार्ड तथा ऋणों को पाकर प्रक्षिणार्थियों में उत्साह दिखा। कार्यक्रम में रामहेत कुशवाह अध्यक्ष जय भोले कुशवाह विकास समिति सैपऊ, महेश चंद रावत संस्था निदेशक, राधेकृष्णा रावत, लक्ष्मी नारायण संस्था व्यवस्थापक, विनोद कुमार पिपेश ट्रेनर, मंगल सिंह ट्रेनर, दौलतराम कुशवाहा ट्रेनर, भगवती प्रसाद कुशवाहा ट्रेनर, सतीश कुमार ट्रेनर, सुधीर बंसल ट्रेनर, होतम सिंह कुशवाहा, पूनम आदि उपस्थित थे।

## टटलू गिरोह के तीन लोग गिरफ्तार

# मनिया पुलिस ने नकली सोने के गहने किए जब्त, ठगी करने की फिराक में थे



बढ़ता राजस्थान

**राजाखेड़ा ( नि.स. )।** राजाखेड़ा की मनिया थाना पुलिस ने ऑपरेशन एंटी वायरस के तहत कार्रवाई करते हुए टटलू गिरोह के तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से सोने के नकली आभूषण बरामद किए हैं।

मामले को लेकर मनिया थानाधिकारी नरेश चंद्र शर्मा ने बताया-मुखबिर की सूचना पर बरैठा चौकी प्रभारी देवेश कुमार ने टीम के साथ चंबल ढाबा के पास चैंची मार्केट बोथपुरा मोड एनएच 44 से आरोपी शिवराम निवासी मनिया, सुरेश निवासी बाड़ी और रामनरेश निवासी बसई डांग को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया-आरोपियों के कब्जे से नकली और एक मंगल सूत्र और दो कानों के झुमकी सोने जैसी मिली है। पुलिस ने बताया-आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि ये लोग नमक मंडी आगरा से इन नकली आभूषणों को खरीदकर सोने का बताकर ठगी करते थे। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है।

# नाबालिग के हाथ और मुंह बांधकर किया रेप : खेत में अकेली देखकर दिया वारदात को अंजाम, आरोपी के खिलाफ नामजद मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** कौलारी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ रेप का मामला सामने आया है। 14 साल की नाबालिग के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। जांच सीओ सैंपऊ को दी गई है। घटना को लेकर कौलारी थाना प्रभारी भंवर सिंह कर्दम ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। नाबालिग की मां ने बताया है कि 16 सितंबर को उसकी नाबालिग बेटी शौच करने के लिए खेतों की ओर ले गई थी।

इसी दौरान खेत में छुपकर बैठे आरोपी ने नाबालिग को जबरन खेत में खींच लिया, जहां नाबालिग के हाथ और मुंह को बांधकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि नाबालिग की मां की शिकायत पर दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। थाने में दर्ज कराए गए दुष्कर्म के मामले की जांच सैंपऊ सीओ को सौंपी गई है।

# गोली के छर्रे लगने से दो भाई घायल

## पुरानी रंजिश को लेकर हुई फायरिंग

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिला अस्पताल में गोली के छर्रे लगने से घायल हुए दो भाइयों को भर्ती कराया गया है। दोनों भाइयों ने गांव के ही दूसरे पक्ष के लोगों पर हमला करने का आरोप लगाया है। वहीं, दूसरे पक्ष का एक युवक भी घायल हुआ हैं। जिसने पहले पक्ष पर कुल्हाड़ी से हमला करने का मामला दर्ज कराया है। राजाखेड़ा थाना क्षेत्र के समोला गांव में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में झगड़ा हो गया। जिस झगड़े के बाद दोनों पक्ष की ओर से तीन लोग घायल हो गए। झगड़े में गोली के छर्रे लगने से घायल हुए एक पक्ष के दो लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तो वहीं, दूसरे पक्ष के एक युवक के सिर में कुल्हाड़ी की चोट आने से उसे भी इलाज के लिए भर्ती कराया गया हैं। गोली के छर्रे लगने से घायल हुए दो भाई मातादीन और माधव पुत्रगण द्वारिका ने दूसरे पक्ष के अनिल सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ गोली मारने का मामला दर्ज कराया है। वहीं, दूसरे पक्ष का एक युवक अनिल पुत्र माता प्रसाद भी सिर में कुल्हाड़ी लगने से घायल हुआ हैं। जिसने मातादीन और माधव पक्ष के लोगों पर पुरानी रंजिश के चलते कुल्हाड़ी से हमला करने का मामला दर्ज कराया हैं। दोनों पक्षों के घायलों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# करीब 250 मी. रास्ते के पानी में डूबने से नगला रायजीत

## एकटा दांदीपुरा व पत्तीपुरा गांव का 15 दिन से आवागमन बंद

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( नि.स. )।** ग्रामीण सुरेश सेठ अजीत परमार सियाराम परमार आदि ने बताया कि पिछले 7 दिनों से तहसील एवं पंचायत प्रशासन के द्वारा सड़क काटकर गांव से पानी निकासी कराने के बावजूद पानी कम नहीं हो रहा है। ऐसे में बस्ती के अंदर पानी जमा होने से कई मकानों, छप्पर पोस और भूसा से भरे कूप आदि सामान को लगातार नुकसान हो रहा है।

जलभराव से दोनों स्कूलों के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र और पशु अस्पताल में अंदर तक पानी भरा हुआ है। ग्राम पंचायत सरपंच कृपाल सिंह परमार ने बताया कि तहसील प्रशासन के निर्देश पर पिछले 7 दिन से दो स्थानों से सड़क काटकर पानी के निकासी लगातार की जा रही है उसके बावजूद सरकारी कार्यालय अभी भी चारों तरफ से पानी से घिरे हुए हैं। आंगनबाड़ी केंद्र, प्राइमरी स्कूल, प्राथमिक अस्पताल, पशु अस्पताल में रखी दवाइयां, बच्चों के खेलने का सामान और पंचायत घर के रिकॉर्ड को काफी नुकसान पहुंचा है। सबसे ज्यादा नुकसान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंदर रखी लाखों कीमत की दवाएं पानी में डूबने से खराब और बर्बाद हो गई है। सरपंच ने बताया कि गांवकी मैन सड़क पर तीन से साढ़े तीन फीट पानी भरा होने से कई गांवों का आपसी संपर्क पूरी तरह से कटा हुआ है। लोग सिर्फ ट्रैक्टर लेकर घरेलू सामान आटा, सब्जी, तेल मिर्च खरीदने गुलावली आ रहे हैं।

# बाड़ी से सैपऊ-रोड जा रही प्राइवेट बस नाले में पलटी

## बस में सवार थे 24 यात्री, हादसे के बाद ड्राइवर फरार

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के सैपऊ रोड पर पुलिस चौकी से ठीक चंद कदम पहले रविवार शाम पांच बजे के करीब, बाड़ी से सैपऊ जा रही एक निजी बस सड़क किनारे नाले में गिर गई। बताया जा रहा है कि ड्राइवर अचानक बस पर नियंत्रण खो बैठा, जिसके चलते उसके दूसरी साइड के पहिए नाले में चले गए। इस घटना से बस में सवार 24 से अधिक यात्रियों में हड़कंप मच गया। चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े। उन्होंने सभी सवारियों को बस से सुरक्षित निकालने में मदद की। घटना के बाद बस का ड्राइवर और अन्य स्टाफ मौके से गायब हो गए हैं। सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। मौके पर मौजूद पप्पू सिंह ने बताया- यह घटना शाम करीब पांच बजे की है। निजी बस खाली प्लाट में बने बस स्टैंड से निकलकर सैपऊ की ओर जा रही थी, तभी अचानक बस के ड्राइवर साइड के दूसरी तरफ के पहिए सड़क किनारे बने पुराने नाले में चले गए। जैसे ही दोनों पहिए नाले में गए, बस नाले में गिरने लगी। इसके बाद सवारियों के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई। उन्होंने सभी सवारियों को सुरक्षित निकाला। घटना में कोई भी यात्री गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ, हालांकि कुछ लोगों को चोटें आई हैं। घटना में जो बस नाले में गिरी है, उसका नंबर आरजे 11 पीए 2988 है, जिस पर आगे की साइड में जयदेव टूरिस्ट बस और पीछे कैलादेवी बस सर्विस व शर्मा ट्रेवलर्स लिखा हुआ है। यह बस सैपऊ की बताई जा रही है, जिसके मालिक के बारे में जानकारी नहीं मिल सकी है। यात्रियों का कहना है कि यह बस प्रतिदिन बाड़ी से सैपऊ रोड पर चलती है।

# 68वीं जिला स्तरीय प्रतियोगिता का कल पीएम श्री राजकीय विद्यालय कपासन में शुभारंभ




बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** नगर के मुख्य मार्ग स्थित पीएमश्री राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय में 68वीं जिला स्तरीय 17-19 वर्ष छात्र-छात्रा वर्गीय प्रतियोगिता 24 से 27 सितं. तक आयोजन किया जायेगा। साथ ही 23 सितं. सोमवार को जिलेभर से आगंतुक टीम खिलाड़ियों का पंजीयन एवं 24 सितं. को जिला स्तरीय प्रतियोगिता का प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शुभारंभ किया जायेगा। प्रधानाचार्य सुमेर सिंह ने बताया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम में प्रतियोगिता शुभारंभ कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर, नपा कपासन अध्यक्ष मंजुदेवी सोनी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया, ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन के अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ पार्षद नंदकिशोर टेलर, भाजयुमो नगर मंडल अध्यक्ष विकास बारेगामा सहित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार दशोरा, जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक कल्पना शर्मा, राजेश कुमार ओझा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गोपाललाल शर्मा आदि शिक्षा विभागीय अधिकारी कार्मिक, शिक्षक एवं खिलाड़ीगण उपस्थित रहेंगे। इधर शारीरिक शिक्षक भोपाल सिंह चौहान एवं सहसंयोजक शंकरलाल सेन ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता हेतु मुख्य निर्णायक अमरचंद जाट व पर्यवेक्षक मोहम्मद रमजान को जिला स्तर से नियुक्त किया गया है। यहां प्रतियोगिता हेतु दो खेल मैदान प. दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम एवं पीएम श्री विद्यालय के खेल मैदान को तैयार किया गया है। जहां 68वीं जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जिलेभर की टीमों के खिलाड़ी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

# राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा कपासन के अध्यक्ष पद पर राजेंद्र व्यास लगातार चौथी बार निर्वाचित

## उपशाखा के विभिन्न पदों पर निर्विरोध नवीन पदाधिकारी नियुक्त

बढ़ता राजस्थान





**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा कपासन के वार्षिक चुनाव राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय कपासन में रविवार को निर्विरोध संपन्न हुवे। जिसमे उपशाखा कपासन के अध्यक्ष पद पर शिक्षक राजेन्द्र व्यास लगातार चौथी बार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा कपासन के चुनाव नगर के मुख्य मार्ग स्थित राजकीय विद्यालय महाराणा उमा विद्यालय में चुनाव अधिकारी इकबाल हुसैन, पर्यवेक्षक प्रतिनिधि रमाकांत त्रिपाठी, जिला सभाध्यक्ष सैयद मुकरर्म अली, मुकेशचंद्र त्रिपाठी आदि पदाधिकारियों के निर्देशन में संपन्न हुवे। इस दौरान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा कपासन के विभिन्न पदों पर निर्विरोध पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया। जिसमे सभाध्यक्ष शिवशंकर शर्मा, उप सभाध्यक्ष विजय सिंह नलवाया, संदीप ढाका, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बद्रीलाल विजयवर्गीय, मंत्री शांतिलाल शर्मा, महिला मंत्री ममतारानी शर्मा, उपाध्यक्ष धर्मचंद कीर, महिला उपाध्यक्ष पूजा बिजारणिया, कोषाध्यक्ष अशोक त्रिपाठी, अध्यापक सदस्य मनमोहन आचार्य, पंचायत समिति शिक्षक माधवलाल भील, वरिष्ठ अध्यापक गोपालकृष्ण नामधर, प्राध्यापक शंकरलाल सेन, प्रधानाचार्य जगदीशचंद्र कुम्हार, संस्कृत शिक्षक भानु कुमार शास्त्री, महिला शिक्षक सदस्य पिंकी शर्मा, डिम्पल जोशी, पंचायत शिक्षक सदस्य गिरजाशंकर त्रिवेदी, पुस्तकालयाध्यक्ष जमील खां पठान, शारीरिक शिक्षक डूंगर सिंह राजपूत, प्रबोधक सदस्य राजेश चोटिया सहित जिला महासमिति एवं प्रदेश महासमिति सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। इधर लगातार चौथी बार निर्वाचित शिक्षक संघ उपशाखा कपासन के अध्यक्ष राजेंद्र व्यास ने दैनिक बढ़ता राजस्थान संवाददाता से दूरभाष संपर्क में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का अभिनंदन करते हुवे कहाकि आगामी दिनों में उपशाखा कार्यकारिणी का शीघ्र विस्तार कर नवीन पदाधिकारियों को नियुक्त किया जायेगा।

# एसआर वाटिका कपासन में 9 दिवसीय आध्यात्मिक जीवन उपयोगी प्रवचन का शुभारंभ

## 'जय-जय राधा रमण हरी बोल' संकीर्तन पर श्रोतागण झूमे उठे




बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** नगर में स्थित एसआर वाटिका में 21 सितं. शनिवार से 9 दिवसीय आध्यात्मिक जीवन उपयोगी प्रवचन का प्रारंभ हुआ।जिसमे प्रथम दिवस पर स्वामी कृपालु महाराज की प्रमुख प्रचारिका राजेश्वरी देवी द्वारा सनातन वैदिक धर्म को समझाते हुवे कहाकि सनातन अर्थात वह ज्ञान जो सदा-सदा के लिए था एवं सदा के लिए रहने वाला हो। जिसको स्वयं ईश्वर ने वैदिक परंपरा से पूर्व के आदि ऋषि मुनियों को आत्मा स्तर पर प्रदान किया। इसके बाद ऋषि मुनियों द्वारा उक्त ईश्वरीय ज्ञान को वेदों के रूप में लिपिबद्ध किया गया।यह वह ज्ञान है।जो पूर्ण ज्ञान है।उक्त ज्ञान के माध्यम से ही शारीरिक एवं आध्यात्मिक उत्थान संभव है।अतः यही ज्ञान मानव मात्र के लिए अपने हर प्रकार के कल्याण हेतु धारण करने योग्य है।

इस दौरान प्रवचन कार्यक्रम का शुभारंभ अनुजदास महाराज मुंगाना, नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजूदेवी सोनी, भारत विकास परिषद राजस्थान दक्षिणी प्रांत उपाध्यक्ष बादशाह सिंह, नंदवाना समाज अध्यक्ष सुभाष नंदवाना, विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष दिलीप कुमार बारेगामा आदि गणमान्यजनों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

उल्लेखनीय है कि प्रवचन कार्यक्रम में ब्रज गोपी का सेवा मिशन से संबंधित आश्रमवासी एवं अन्य साधिकाओ द्वारा प्रस्तुत जय जय राधा रमण हरि बोल संकीर्तन का उपस्थित श्रोतागण मंत्र मुग्ध होकर भक्तिरस में झूमते-नाचते लुत्फ उठाया।

# कलश यात्रा को लेकर तहसील स्तरीय बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( नि.स. )।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे के स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ पर ज्योति कलश यात्रा को लेकर तहसील स्तरीय बैठक आयोजित हुई। गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के द्वारा वर्ष 1926 में स्थापित प्रज्वलित अखंड दीप के सौ वर्ष पूर्ण होने पर देश मे होने वाले शताब्दी समारोह कार्यक्रम के अनुयाज कार्यक्रम में संपूर्ण भारत में ज्योति कलश यात्रा निकाली जाएगी । यह ज्योति कलश यात्रा राजस्थान में नवंबर माह में प्रारंभ होगी । बैठक में गंगधार तहसील में आने वाली इस ज्योति कलश यात्रा कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। जिसमे यात्रा मार्ग,पंचायत स्तर के प्रभारियों की जिम्मेदारी आदि विषयों पर चर्चा की गई।बैठक में गायत्री परिवार के जिला समन्वयक गुमान सिंह,उपजोन प्रभारी गोपाल शर्मा,सुरेश गौतम,हीरालाल शर्मा,तहसील समन्वयक भारत सिंह चुंडावत,मुख्यट्रस्टी गोविंद राम अग्रवाल सहित 18 ग्राम पंचायत के ज्योति कलश यात्रा प्रभारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# समाज का उगता हुआ सूरज बनें विद्यार्थी, मंजिल मिलने तक रुके नहीं -मुनि अनुपमसागरजी महाराज

## सकल जैन समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**केकड़ी (संजय कटारिया)।** उगते हुए सूरज को सभी प्रणाम करते है, प्रतिभावान छात्र- छात्राएँ भी समाज के उगते हुए सूरज है। माता पिता आपकी पहचान है, मगर कुछ ऐसा करो कि आपके माता पिता को आपके नाम से पहचाना जाए। यह प्रेरणा मुनि अनुपमसागरजी महाराज ने रविवार को दोपहर यहां आदिनाथ मंदिर में आयोजित सकल जैन समाज के प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रवचन करते हुए दी। उन्होंने कहा कि समाज की प्रतिभा को तब तक आगे बढ़ते रहना है, जब तक मंजिल नहीं मिल जाती। समाज के युवा भविष्य में उच्च पदों पर आसीन होकर समाज व राष्ट्र के लिए निस्वार्थ भाव से सेवा करें। सभा में मुनि यतीन्द्रसागरजी महाराज भी विराजमान थे। जैन अग्रवाल युवा परिषद केकड़ी एवं इक्विटास बैंक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस समारोह के मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विष्णु शर्मा थे। समाज के प्रमुख श्रेष्ठी महावीर प्रसाद जैन, शांति लाल जैन, ओम प्रकाश जैन, भंवर लाल बज, ओम प्रकाश मित्तल तथा इक्विटास बैंक के जिला प्रबंधक राजेश कुमार परमार व शाखा प्रबंधक प्रवेश कुमार जैन विशिष्ट अतिथि थे। परिषद के अध्यक्ष कमलेश जैन ने बताया कि समारोह में समाज के दो डॉक्टर, चार इंजीनियर, चार सीए, आठ राजकीय सेवा में चयनित प्रतिभाओं सहित दसवीं व बारहवीं कक्षाओं के कुल 80 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज के सभी प्रबुद्धजन मौजूद थे।

इस अवसर पर शिक्षाविद के सी जैन व अशोक सिंघल ने भी अपने संबोधन में बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। चंद्रकला जैन ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन विनोद जैन ने किया।

# नाबालिक लड़की को युवक द्वारा भगा कर ले जाने का मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( नि.स. )।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे से एक नाबालिक लड़की शुक्रवार को स्कूल पढ़ने के लिए घर से निकली जो देर शाम तक घर नहीं पहुंची परिजनों ने गंगधार थाने में शनिवार को शंका के आधार पर मामला दर्ज करवाया। एएसआई मगनलाल के बताया कि परिजनों के अनुसार उनकी नाबालिक लड़की शुक्रवार सुबह स्कूल के लिए तैयार होकर निकली जो देर शाम तक घर नहीं पहुंची इसके बाद परिजनों ने स्कूल में तलाश की तो पता चला कि वह स्कूल ही नहीं पहुंची थी शंका के आधार पर चौमहला निवासी वैभव जोशी द्वारा अपनी नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया एवं उसके साथ मारपीट व बलात्कार होने की भी शंका जताई। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। सूत्रों के अनुसार गंगधार पुलिस द्वारा नाबालिक लड़की को दस्तियाब कर नारी निकेतन भेज दिया गया है।

# भारत को जानो प्रतियोगिता का कपासन के 28 विद्यालयों में हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** भारत विकास परिषद द्वारा भारत को जानो प्रतियोगिता का रविवार को आयोजन किया गया।जिसमे छात्र-छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। भारत विकास परिषद कपासन के अध्यक्ष कमल कुमार दाधीच ने बताया कि 21 सितं. को ब्लॉक कपासन क्षेत्र के 28 विद्यालयों मे भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमे प्रतियोगिता मे कनिष्ठ वर्ग मे 1300 तथा वरिष्ठ वर्ग मे 1900 छात्र-छात्राओ द्वारा भाग लिया गया। उल्लेखनीय है कि उक्त प्रतियोगिता के दोनों वर्गों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी 6 अक्टू. को नगर में स्थित रीलायबल एकेडमी मे आयोजित होने वाली ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता मे भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता कार्यक्रम के सफल आयोजन मे भारत विकास परिषद के राजेंद्र काबरा,बादशाह सिंह,नंदलाल बोहरा,मांगीलाल बंजारा आदि सदस्यो एवं गणमान्यजनों का सहयोग प्रदान किया गया।

# विश्व अल्जाइमर दिवस पर निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन, 287 रोगी हुए लाभान्वित

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी (संजय कटारिया)।** विश्व अल्जाइमर दिवस पर यहां यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी, केकड़ी और इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, केकड़ी के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज प्रांगण में निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला क्लक्टर चंद्रशेखर भंडारी ने मां सरस्वती, भगवान धन्वंतरि और होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के जनक डॉ सैमुअल हैनीमैन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, केकड़ी के सचिव निरंजन तोषनीवाल, उपाध्यक्ष मुकेश नुहाल, संरक्षक गोपाल वर्मा व अमित गर्ग शामिल थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भंडारी ने अपने उद्बोधन में अल्जाइमर दिवस के अवसर पर आयोजित इस चिकित्सा शिविर को जनसामान्य के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। शिविर समन्वयक डॉ राजेश कुमार मीणा ने महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों और सेवाओं के बारे में जानकारी दी।

# केकड़ी जिले में पशुओं के कारण फैलने वाली संक्रामक बीमारी स्क्रब टाइफस के दो मरीज मिले, पशुपालन विभाग अलर्ट

## दोनों मरीज अजमेर के जेएलएन अस्पताल में भर्ती,पशुपालकों को सावधान रहने की हिदायत

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी (संजय कटारिया)।** केकड़ी जिले के कुशायता गांव में दो जनों के स्क्रब टाइफस रोग होने की पुष्टि होने पर इलाके में हड़कंप मच गया है। इसके बाद जिला प्रशासन ने पशुपालन विभाग को अलर्ट कर दिया है। पशुपालन विभाग की टीम ने संक्रमित एरिया में दवा का छिड़काव शुरू किया है। पशुपालकों को बचाव के लिए सावधान रहने की हिदायत दी है। उधर दोनों मरीज अजमेर के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में भर्ती हैं।

### पशुओं से फैलता है स्क्रब टाइफस

राजकीय पशु चिकित्सालय सावर के नोडल अधिकारी डॉ अनिल कुमार जांगीड़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार केकड़ी जिले में सावर उपखंड के



कुशायता ग्राम की निवासी संतरा खारोल और मनभर खारोल इस बीमारी से संक्रमित पाई गई हैं। उन्हें इलाज के लिए अजमेर के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां जांच में उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू किया है। यह बीमारी पशुओं के कारण फैलती है, इसलिए एहतियात के तौर पर पशुपालन विभाग को इसके रोकथाम के लिए अलर्ट किया गया है।

### साइपरमेथ्रिन दवा का छिड़काव

डॉ. जांगीड़ ने बताया कि शनिवार को कुशायता गांव में राजकीय पशु चिकित्सालय बिसुंदनी की प्रभारी डॉ. रूही मीणा के नेतृत्व में पशुधन सहायक योगेश नाथ योगी, गोरधन पंवार की टीम ने गांव में जहां पर पशुओं को बांधा जाता है वहां पर साइपरमेथ्रिन दवाई का छिड़काव कराया। इस संबंध में पशुपालकों को इससे बचाव के लिए पशु के शरीर पर या उसकी चमड़ी पर किसी भी प्रकार का इंफेक्शन या बाहा परजीवी दिखे तो तुरंत नजदीकी पशु चिकित्सालय में संपर्क करने की हिदायत दी गई है। वहीं नियमित अंतराल पर पशुओं पर व उनके बांधने की जगह पर साइपरमेथ्रिन दवा को पानी में डालकर स्प्रे करने का सुझाव दिया गया। डॉ. अनिल जांगीड़ ने बताया कि इसके बचाव के लिए सावर नोडल स्तर पर भी विभिन्न गांवों में इसकी रोकथाम के लिए टीम गठित कर दवा का स्प्रे कराया जाएगा।

### स्क्रब टायफस एक गंभीर संक्रामक रोग

डॉ जांगीड़ ने बताया कि स्क्रब टायफस एक गंभीर संक्रामक रोग है। यह ओरिएंटिया त्सुत्सुगामुशी नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। यह संक्रमित चिगर्स (सूक्ष्म परजीवी, विशेषकर माइट्स के लार्वा) के काटने से फैलता है इससे संक्रमित होने पर मरीज को बुखार, सिरदर्द और शरीर में दर्द व चकते हो जाते है, जो शरीर के मध्य से शुरू होकर बाकी अंगों तक फैलते हैं। इससे मरीज को गले में सूजन, थकान, गंभीर मामलों में खांसी या श्वसन समस्याएं होती हैं, साथ ही मरीज को लगातार बुखार रहता है।

# अमेरिका में बज रहा है भारतीय कृषि का डंका, जबकि यहां राजनैतिक दल कर रहे हैं किसानों का उपयोग, वेदों में हैं विश्व कल्याण के सिद्धांत

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी (संजय कटारिया)।** देश में सभी राजनैतिक दल किसान का उपयोग कर रहे हैं। हमें संगठित होकर किसान हित में काम करना चाहिए, जैविक कृषि जो हमारी परम्परा है, उसे अपनाना चाहिए। ये बात केकड़ी में आयोजित आध्यात्मिक सम्मेलन के अंतर्गत स्वामी चेतनानंद सरस्वती ने कही। यह सम्मेलन यहां आर्य समाज मंदिर में 100 कुंडीय महायज्ञ के अंतर्गत आयोजित किया गया। सम्मेलन में पूर्व राजनयिक व भारतीय संस्कृति शिक्षक डॉ मोक्षराज ने कहा कि अमेरिका के लोग भारतीय मसालों व व्यंजनों को बहुत पसंद करते हैं। यह हमारे किसानों की बड़ी जीत है।

### वेदों में है विश्व कल्याण के सिद्धांत

इस अवसर पर मुम्बई निवासी अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैदिक विद्वान एवं रानी पद्मिनी कन्या गुरुकुल चित्तौड़गढ़ के अधिष्ठाता डॉ. सोमदेव शास्त्री ने कहा कि वेदों में समस्त प्राणियों के हित के लिए हजारों मंत्रों का उल्लेख है। उन्होंने कहा कि यज्ञ से पर्यावरण शुद्ध होता है, ज्ञान की वृद्धि होती है, सामाजिक संगठन होता है।

### वीरांगनाओं ने किया व्यायाम प्रदर्शन

आर्य समाज केकड़ी के शताब्दी महोत्सव में



आयोजित इस महायज्ञ में विभिन्न वैदिक क्रियाओं के अंतर्गत गुरुकुल की कन्याओं ने चारों वेदों के चुने हुए मंत्र पढ़े। आर्य वीर दल व आर्य वीरांगनाओं ने व्यायाम प्रदर्शन किया। जिसमें जुडो कराटे, आसन, लेजियम, स्तूप आदि प्रदर्शित किए गए। आर्य प्रतिनिधि सभा राजस्थान के मंत्री जीव वर्धन शास्त्री ने कहा कि आर्य समाज किसानों के साथ है। आचार्य वरुण देव जोधपुर ने महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन पर प्रकाश डाला। आचार्य भवदेव शास्त्री ने ज्योत से ज्योत जलाते चलो प्रेम की गंगा बहाते चलो गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सत्यनारायण सोनी ने किया।

**ये रहे मौजूदः** कार्यक्रम में यज्ञ मुनि, विजय शारदा, बबलू हरवानी, चिरंजी लाल सोनी, कैलाश चंद महावर, कमलेश अग्निहोत्री, सत्यनारायण सोनी, दिलीप सोनी, वीर सिंह अलुदीया, मूलचंद महावर, गोपाल शर्मा, बजरंग सिकलीगर, रघुवीर प्रसाद टेलर, गणराज आर्य, नरेश सोनी, अनिल राजोरिया, प्रवीण नागोरिया, शंभू सिंह चौहान, गोपाल गुर्जर, पार्षद मुन्नी देवी साहू, सीमा सोनी, सुनीता सोनी, मधुबाला सोनी, कंचन सोनी, प्रेमदेवी लक्षकार, माया जेतवाल, सरला नागोरिया, कमलेश सोनी, रेखा सोनी आदि का सहयोग रहा।

# श्री सुधासागर स्कूल के तत्वावधान में सत्रह व उन्नीस वर्ष छात्र-छात्रा वर्ग की 68वीं जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ आज सोमवार को

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी (संजय कटारिया)।** सापंदा रोड स्थित श्री सुधासागर दिगंबर जैन विद्या विहार सीनियर सैकण्डरी स्कूल के तत्वावधान में सत्रह व उन्नीस वर्ष छात्र-छात्रा वर्ग की 68वीं जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को सुबह सवा आठ बजे स्कूल परिसर में समारोहपूर्वक किया जाएगा। प्रतियोगिता संयोजक एस एन खंडेलवाल ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी, केकड़ी गोविन्द नारायण शर्मा इस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विष्णु शर्मा और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, केकड़ी के प्रधानाचार्य कालूराम सामरिया रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबन्ध समिति के सचिव आनन्द सोनी करेंगे।

सभी प्रतियोगिताएं राजकीय महाविद्यालय, केकड़ी के खेल मैदान में प्रभारी कैलाशचंद शर्मा, शारीरिक शिक्षक सत्यनारायण गुर्जर व शिक्षा विभाग के तकनीकी सलाहकार कृष्ण गोपाल मीणा के देखरेख में संपन्न होगी।

# तपस्वियों का हुआ बहुमान

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर( दिनेश गोठवाल )।** श्री नाकोडा पार्श्व भैरव कृपा मंदिर पर रविवार को तपस्वियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मन्दिर के श्रीपाल मुणेत ने बताया कि 3 उपवास (तेला) तथा उससे ऊपर की तपस्या करने वाले सभी तपस्वी भाई बहनो का सम्मान किया गया तथा तपस्वी की अनुमोदनार्थ चोबीसी का कार्यक्रम तथा भव्य पार्श्व भैरव भक्ति का आयोजन किया गया। आयोजन में 200 से ज्यादा पार्श्व भैरव भक्त की उपस्थिति रही। इस अवसर पर राकेश धनावत ने बताया कि तपस्वियों की तपस्या की अनुमोदना की गई।






# भारत चेन्नई टेस्ट जीता

## बांग्लादेश को 280 रन से हराया

### अश्विन का शतक, 6 विकेट भी लिए, 3 इंडियन बैटर्स की सेंचुरी

**चेन्नई (बढ़ता राजस्थान)**

भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज का पहला मैच 280 रन से जीत लिया है। इस जीत से टीम ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। दूसरा मुकाबला 27 सितंबर से कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला जाएगा। चेपॉक स्टेडियम में रविवार को मैच के चौथे दिन भारतीय टीम ने 515 रन चेज कर रही बांग्लादेश को दूसरी पारी में 234 रन पर ऑलआउट कर दिया। इससे पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरी पारी 4 विकेट पर 287 रन पर घोषित की और बांग्लादेश को 515 रन का टारगेट दिया। टीम इंडिया ने पहली पारी में 376 रन बनाए थे। जवाब में बांग्लादेश की पहली पारी 149 रन पर सिमट गई थी। डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में भारत नंबर-1 पर बरकरार, बांग्लादेश छठे नंबर पर आया पहला मैच जीतने के बाद भारत ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 सीजन की पॉइंट्स टेबल में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। टीम के अब 71.67% पॉइंट्स हो गए हैं। वहीं, बांग्लादेश की टीम (39.19%) छठे नंबर पर है। लंच तक भी नहीं खेल सकी बांग्लादेशी टीम बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शांतो ने 51 और शाकिब ने 5 रन से अपनी-अपनी पारी को आगे बढ़ाया। दोनों 48 रन की साझेदारी कर चुके थे, तभी भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने होम ब्वॉय रविचंद्रन अश्विन को बॉल थमा दी। अश्विन ने पहले ओवर में विकेट दिलाया। उन्होंने शाकिब को यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच कराया। शाकिब 25 रन बनाकर पवेलियन लौटे। यहां टीम का स्कोर 194 रन था। 40 रन बनाने में आखिरी 5 विकेट गंवाए शाकिब के आउट होने के बाद बांग्लादेश के विकेट गिरने लगे। टीम ने 40 रन बनाने में आखिरी 5 विकेट गंवा दिए। कप्तान नजमुल हसन शांतो 82 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें रवींद्र जडेजा ने आउट किया। अश्विन को 6 विकेट, जडेजा को भी 5 विकेट रविचंद्रन अश्विन ने बांग्लादेश के 6 बैटर्स को आउट किया। उन्होंने तीसरे दिन 3 और चौथे दिन 3 विकेट हासिल किए। वहीं, रवींद्र जडेजा ने 5 सफलताएं हासिल की। उन्होंने पहली पारी में 2 और दूसरी पारी में 5 विकेट झटके।



### रोहित शर्मा ने कहा- यह जीत हमारे लिए अहम

यह जीत हमारे लिए बहुत अहम है। पंत मुश्किल समय से गुजरे हैं। उन्होंने जिस तरह से उन चीजों का सामना किया वह अदभुत है। इस फॉर्मेट को वे सबसे ज़्यादा पसंद है। हमें हमेशा से पता था कि वे कितने काबिल हैं। यह बस उन्हें गेम टाइम देने का मामला था। हम किसी भी कंडीशन में इसी तरह की टीम बनाना चाहते हैं। हम हमेशा चाहते हैं कि हमारे पास तेज गेंदबाजी या स्पिन में विकल्पों की कमी न हो। यह पिच काफी आसान था। यहां पर तेज गेंदबाजों के लिए भी मदद थी और स्पिनर्स के लिए भी बहुत कुछ था। यह ऐसी पिच थी, जहां आपको संयम दिखाना पड़ता। अश्विन हमेशा आपके साथ रहते हैं। वे आपको बताते रहते हैं कि क्या करना है और क्या नहीं। वे टीम के लिए जो करते हैं, उसके लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। वे कभी भी गेम से बाहर ही नहीं होते।

### पंत बोले- मैं अपनी वापसी को सेलिब्रेट कर रहा

चेन्नई में खेलना मुझे काफी अच्छा लगता है। इंजरी के बाद मुझे तीनों फॉर्मेट में वापसी करनी थी। उसके बाद यह मेरा पहला टेस्ट मैच था। मैं इस वापसी को हर दिन सेलीब्रेट कर रहा हूं। यह थोड़ा इमोशनल मामला भी था। मैं अपने हर मुकाबले में अच्छा स्कोर बनाना चाह रहा था। टेस्ट क्रिकेट में फिर से वापसी करना मेरे लिए काफी अच्छा ऐहसास है। शतक बनाने के बाद मैं थोड़ा इमोशनल हुआ था, हालांकि दिन के अंत में फील्ड पर बने रहना मेरे लिए सबसे ज्यादा अहम है। मुझे नहीं पता कि लोग मेरे बारे में कहते हैं लेकिन मैं अपनी तरह से किसी भी परिस्थिति को समझता हूं। एक समय पर हमने 30 के स्कोर पर तीन विकेट गंवा दिए थे और मैं एक पार्टनरशिप करना चाह रहा था।

### शांतो बोले- कोशिश कर रहा था ज्यादा देर तक खेलूं

हसन और तस्कीन ने काफी अच्छी गेंदबाजी की, दोनों अच्छी बैटिंग भी की। हमारी गेंदबाजी अच्छी रही, लेकिन हमें निरंतरता बनाए रखनी होगी। मैं कोशिश कर रहा था कि ज्यादा से ज्यादा समय तक बल्लेबाजी की जाए। यह हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण सीरीज है। उम्मीद है कि अगले मैच में हम कुछ अच्छा करेंगे।

### 149 रनों पर सिमटी बांग्लादेश की पहली पारी

बांग्लादेश की पहली पारी 149 पर ही सिमट गई थी। बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और केवल 40 रनों के स्कोर पर शादमान इस्लाम 02 रन, जाकिर हसन 03 रन, कप्तान नजमुल हसन शांतो 20 रन, मुश्फिकुर रहीम 08 रन और मोमिनुल बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। इसके बाद शाकिब अल हसन और लिटन दास ने छठे विकेट के लिए 51 रनों की साझेदारी कर टीम का स्कोर 91 रनों तक पहुंचाया। रवींद्र जडेजा ने इसके बाद पहले लिटन दास और फिर शाकिब को पवेलियन भेज बांग्लादेश को गहरे संकट में डाल दिया। लिटन ने 22 और शाकिब ने 32 रन बनाए। इन दोनों के बाद बांग्लादेश की पारी जल्दी ही 149 रनों पर सिमट गई। मेहदी हसन मिराज 27 रन बनाकर नाबाद रहे। तस्कीन अहमद और नाहिद राना ने 11-11 रनों का योगदान दिया। भारतीय टीम की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने 4 विकेट, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज और रवींद्र जडेजा ने 2-2 विकेट लिए।

### भारत ने पहली पारी में बनाए 376 रन, अश्विन का शतक

भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 376 रन बनाए थे। स्टार ऑलराउंडर रविंचद्रन अश्विन ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए 133 गेंदों पर 113 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 2 छक्के और 11 चौके लगाए। वहीं रवींद जडेजा ने भी अच्छी पारी खेली और बेहतरीन 86 रन बनाए। जडेजा ने अपनी पारी में 2 छक्के और 10 चौके लगाए। इनके अलावा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल ने अर्धशतक लगाते हुए 56 रन बनाए। ऋषभ पंत ने 39 रन, केएल राहुल 16 रन, रोहित शर्मा 6, विराट कोहली 6, जसप्रीत बुमराह 7, आकाश दीप ने 17 रन का योगदान दिया। बांग्लादेश की ओर से हसन महमूद ने 5 विकेट, तस्कीन अहमद ने 3, मेहदी हसन मिराज और नाहिद राना ने 1-1 विकेट लिए।

## चेन्नई टेस्ट के मोमेंट्स : बांग्लादेशी कप्तान शांतो और सिराज के बीच बहस हुई, हसन ने पंत की शू लेस बांधी, यशस्वी का डाइविंग कैच

**चेन्नई(बढ़ता राजस्थान)**

टीम इंडिया ने बांग्लादेश को पहला टेस्ट 280 रन से हरा दिया हैं। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने रविवार को 515 रन का टारगेट चेज कर रही बांग्लादेश को दूसरी पारी में 234 रन पर ऑलआउट कर दिया। टीम ने 2 टेस्ट की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। दूसरा मुकाबला 27 सितंबर से कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला जाएगा। रविवार को चौथे दिन पंत ने बांग्लादेशी प्लेयर शाकिब अल हसन की स्टंपिंग छोड़ दी। पारी के 46वें ओवर में कप्तान नजमुल हसन शांतो और मो. सिराज के बीच बहस होती दिखी। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने बांग्लादेश की फील्डिंग लगाई। ग्राउंड पर स्पोर्ट्समैनशिप भी दिखी, जब मेहंदी हसन ने ऋषभ पंत के जूतों के फीते बांधे।

**चेन्नई टेस्ट के ये मोमेंट्स...**

**चौथा दिन :** पंत ने स्टंपिंग छोड़ी बांग्लादेश के दूसरी पारी के 47वें ओवर में जडेजा ने शाकिब को फुल लेंथ की बॉल डाली। यहां पर शाकिब आगे निकलकर ड्राइव खेलना चाहते थे। उनसे बॉल मिस हो गई। इसके बाद विकेटकीपर ऋषभ पंत ने स्टंपिंग का चांस छोड़ दिया। सिराज और शांतो में बहस भारतीय पेसर मोहम्मद सिराज पारी के 46वें ओवर में लगातार बांग्लादेशी कप्तान शांतो से कुछ कहते दिखे। उन्होंने शांतो को ओवर की पहली बॉल लेग स्?टंप पर डाली। शांतो ने डिफेंस किया। बॉल सिराज के पास गई। यहां सिराज उनको लगातार उकसाते रहे। इसके बाद ओवर की चौथी बॉल पर शांतो ने पुल करके फाइन लेग की तरफ चौका लगा दिया। ओवर की बची दोनों बॉल शांतो ने डिफेंस की। सिराज उनसे तेजी से खेलने को लेकर कह रहे थे।

**तीसरा दिन :** ऋषभ पंत ने बांग्लादेश की फील्ड चेंज की चेन्नई टेस्ट के तीसरे दिन नाहिद राणा के ओवर में बांग्लादेशी कप्तान नजमुल हुसैन शांतो फील्डिंग चेंज करते समय कन्फ्यूज दिख रहे थे। यहां स्ट्राइक पर खड़े ऋषभ पंत ने बांग्लादेशी कप्तान को फील्डिंग चेंज करने के लिए कहा। उनकी बात स्टंप माइक में रिकॉर्ड भी हो गई। पंत ने मिड-विकेट की तरफ इशारा करते हुए कहा, इधर आएगा एक, भाई एक इधर, वन फील्डर हियर। कप्तान शांतो ने ऋषभ की बात मानते हुए उसी जगह पर फील्डर लगा दिया। 2019 वर्ल्ड कप में धोनी ने भी कुछ इसी तरह बांग्लादेश टीम को सलाह दी थी। यशस्वी ने एक हाथ से डाइविंग कैच लिया दूसरी पारी में बांग्लादेश का पहला विकेट 62 रन पर गिरा। 17वें ओवर में जाकिर हसन ने ऑफ स्टंप के करीब की लेंथ बॉल को बैकफुट पंच करना चाहा। बल्ले का बाहरी किनारा लगा और बॉल गली के बायीं ओर गई। यहां खड़े यशस्वी जायसवाल ने डाइव लगाते हुए एक हाथ से कैच पकड़ लिया। जाकिर ने 33 रन बनाए।

**दूसरा दिन :** आकाश दीप ने लगातार दो बॉल पर दो बोल्ड किए आकाश दीप ने बांग्लादेश को दो बॉल पर दो झटके दिए। उन्होंने 8वें ओवर की पहली बॉल पर जाकिर और और दूसरी बॉल पर मोमिनुल को आउट किया। आकाश दीप ने जाकिर को अंदर आती बॉल पर बोल्ड कर दिया। उनके बाद बल्लेबाजी करने आए मोमिनुल को आकाश ने गुड लेंथ बॉल डाली। बॉल अंदर की तरफ आई और पैड से लगकर स्टंप्स से जा टकराई। रिव्यू नहीं लेने की वजह से आउट हुए कोहली विराट कोहली दूसरी पारी में भी बड़ा स्कोर बनाने से चूक गए। वे 17 रन बनाकर आउट हुए। मेहदी हसन मिराज की फुल गेंद कोहली के पैड पर लगी, काफी तेज अपील हुई, अंपायर ने आउट का इशारा किया। कोहली ने रिव्यू नहीं लिया, अगर ले लेते तो बच जाते। रिप्ले में दिखा गेंद बल्ले पर लगने के बाद पैड पर लगी थी।

**पहला दिन :** लिट्टन-पंत में हुई बहस मैच के पहले दिन 17वें ओवर के दौरान भारत के विकेटकीपर ऋषभ पंत बांग्लादेश के विकेटकीपर लिट्टन दास से बहस करते नजर आए। बैटिंग के दौरान पंत लिट्टन को कुछ समझाते नजर आए। उन्होंने बांग्लादेशी फील्डर के थ्रो को लेकर बात कही। पंत ने कहा, अगर वो मेरे ऊपर थ्रो करेगा तो मैं भी अपने रन के लिए भागूंगा। पंत ने फिर 8 ओवर और बैटिंग की और 39 रन बनाकर आउट हुए। जडेजा का सोर्ड सेलिब्रेशन रवींद्र जडेजा ने हसन महमूद की बॉल पर सिंगल लेने के साथ 73 बॉल पर अपनी फिफ्टी पूरी की।

इसके बाद उन्होंने अपने बैट को तलवार की तरह लहराया और सोर्ड सेलिब्रेशन किया। जडेजा अक्सर फिफ्टी या सेंचुरी पूरी करने पर इसी तरह सोर्ड सेलिब्रेशन करते हैं।

## भारत ने चेस ओलिंपियाड में ऐतिहासिक गोल्ड जीता

### ओपन टीम कैटेगरी में देश का पहला स्वर्ण, विमेंस टीम भी मेडल की रेस में



**नई दिल्ली(बढ़ता राजस्थान)**

भारत ने चेस ओलिंपियाड की ओपन कैटेगरी में ऐतिहासिक गोल्ड मेडल जीत लिया है। ओलिंपियाड के 97 साल के इतिहास में भारत ने पहली बार टीम इवेंट का गोल्ड जीता है। बुडापेस्ट में 10वें राउंड के मुकाबले में भारत ने अमेरिका को 2.5-1.5 से हराया। भारत के कुल 19 पॉइंट्स हो गए हैं। 10 राउंड में भारत ने 9 में जीत हासिल की है और 1 राउंड ड्रॉ खेला है। रविवार को आखिरी राउंड का मुकाबला होना है। भारतीय टीम इस राउंड में हारती भी है तो भी टीम का पहले स्थान पर रहना लगभग पक्का है। भारत के ओपन कैटेगरी में गोल्ड विनर बनने की आधिकारिक घोषणा 11वें राउंड के खेल के बाद होगी। विमेंस कैटेगरी में भी भारत गोल्ड की रेस में बना हुआ है। भारतीय लड़कियों ने 10वें राउंड में डिफेंडिंग चैंपियन चीन को 2.5-1.5 के अंतर से हरा दिया। इस कैटेगरी में भारत फिलहाल पहले नंबर पर है। गुकेश ने वर्ल्ड नंबर-2 को हराया ओपन कैटेगरी के 10वें राउंड में भारत का सामना अमेरिका से हुआ। ओपन कैटेगरी में किसी टीम में पुरुष और महिला खिलाड़ी दोनों हो सकते हैं। हालांकि, ज्यादातर टीमों की ओपन कैटेगरी में सिर्फ पुरुष खिलाड़ी ही होते हैं। अमेरिका के खिलाफ मुकाबले में बोर्ड-1 पर डी. गुकेश ने फैबियानो कारुआना को हराया। कारुआना वर्ल्ड रैंकिंग में नंबर-2 खिलाड़ी हैं। बोर्ड-2 पर प्रगनानंदा को हार का सामना करना पड़ा। बोर्ड-3 पर अर्जुन इरीगैसी ने डोमनिगेज परेज को हराया। बोर्ड-4 पर विदित गुजराती ने लेवोन एरोनियन के साथ ड्रॉ खेला। कैसे मिलते हैं पॉइंट्स चेस ओलिंपियाड में हर राउंड में एक टीम को किसी दूसरी टीम से मुकाबला करना होता। हर मुकाबले में 4 अलग-अलग बोर्ड पर मैच होते हैं। यानी एक राउंड 4 पॉइंट का होता है। जो टीम 2.5 या इससे ज्यादा पॉइंट्स हासिल कर लेती है वह उस राउंड का मैच जीत जाती है। हर राउंड में जीत की स्थिति में टीम को 2 पॉइंट्स मिलते हैं। ड्रॉ रहने पर एक पॉइंट मिलता है और हारने के कोई पॉइंट नहीं मिलते। भारत ने 10 राउंड में 9 जीते और 1 बराबरी पर छूटा। इसलिए भारत के 19 पॉइंट्स हो गए हैं। जीत पर 2 पॉइंट और ड्रॉ पर एक पॉइंट मिलता है। भारत ने 2 दिन पहले ही लगातार 8 मैच जीतकर 16 पॉइंट्स हासिल किए थे। 9वें राउंड में टीम ने उज्बेकिस्तान से ड्रॉ खेल लिया, जिस कारण टीम 17 पॉइंट्स के साथ पहले नंबर पर रही।

# कॉलेज में बुलिंग और बॉडी शेमिंग का शिकार रही, मुझे लगता था मैं खूबसूरत नहीं : निमरत कौर अहलूवालिया



**टेलिविजन पर छोटी सरदारनी के रोल में मशहूर निमृत कौर अहलूवालिया की शोहरत बढ़ी बिग बॉस 17 और खतरों के खिलाड़ी 14 से। इन दिनों वे चर्चा में हैं अपनी पंजाबी फिल्म शौंकी सरदार सरदार से। एक समय बुलिंग और बॉडी शेमिंग का शिकार रही निमृत यहां अपनी फिल्म ही नहीं जिंदगी के उतार-चढ़ाव पर भी बात करती हैं।**

**पिछले दिनों आपका वेट लॉस काफी चर्चा में रहा। यह सफर आपके लिए कितना चुनौतीपूर्ण रहा है?**

जब मैं छोटी सरदारनी के सेट पर थी और उस वक्त मेरा डिप्रेशन डायग्नोज हुआ, तो मैंने 6 महीने के अंदर 15 किलो वजन गेन कर लिया था। वो इसलिए नहीं था कि मैं वर्कआउट नहीं कर रही थी या खाना ठीक से नहीं खा रही थी, उसका कारण था, मेरे हार्मोनल इम्बैलेंस। जब आप एंटी डिप्रेशन पिल्स खाते हैं, तो आपकी बॉडी बहुत ज्यादा पानी होल्ड करने लगती है और बहुत ज्यादा फैट स्टोर करने लग जाती है, तो वो बहुत ही निराशाजनक समय था। जो ऑडियंस मुझे छोटी सरदारनी के समय से जानती थी, उन्हें पता था कि मैं हमेशा फिट रहती हूं, मगर जब मैं रिएलिटी शो के दर्शकों से जुड़ी, तो उस ऑडियंस ने कहना शुरू कर दिया कि ये तो है ही ऐसी। मुझे उस वक्त काफी बॉडी शेमिंग का शिकार होना पड़ा। जब आप अपने बेस्ट शेप में रह चुके हों और उसके बाद आपको बॉडी शेमिंग की ऐसी बातें सुनने मिलें, तो आप हताश हो जाते हैं, मगर मैंने हार नहीं मानी। मैंने सोचा, लोगों को जो ट्रोल करना है करें। मैं मेहनत से अपने वेट लॉस पर लगी रही और उसका परिणाम मुझे मिला।

**पुरुषों की तुलना में महिलाओं को आम तौर पर जो बॉडी शेमिंग का शिकार बनाया जाता है, उसे आप कैसे देखती हैं?**

मुझे जो सबसे बड़ी समस्या लगती है, वो ये कि हमने औरत को हमेशा एक बायलॉजिकल रोल में देखा है और ये सदियों से चला आ रहा है। अभी तो फिर भी कुछ बदलाव देखने मिलता है। औरतें घरों से निकल कर काम करने लगी हैं, मगर कहीं कोने में मानसिकता यही है कि वे सुंदर दिखें और एक तरह से उन्हें भोग की वस्तु माना जाता है। उन्हें मर्दों को खुश रखना है और वे बच्चा पैदा करने वाली मशीन हैं। हालांकि वक्त के साथ हम प्रोग्रेस कर रहे हैं, मगर बेसिक लेवल की मानसिकता यही है। हम पर सुंदर दिखने का प्रेशर होता है, मगर मेरी कई फ्रेंड्स ऐसी हैं, जो कोर्ट में काम करती हैं या डेस्क जॉब, मगर उन पर भी ये दबाव लगातार रहता है कि अरे मैं मोटी हो रही हूं। मेरा वजन बढ़ रहा है। अजीब से ब्यूटी स्टैंडर्स सेट कर रखे हैं और ये सदियों से आए उसी मूल विचार के कारण हैं, तो हमें समाज के रूप में खुद को बदलना पड़ेगा, अपनी सोच बदलनी पड़ेगी। तब जाकर आमूल परिवर्तन हो पाएगा।

**हीनता का सामना कब करना पड़ा आपको?**

अगर मैं ह्युमिलिएशन की बात करूं, तो मुझमें हीनता और कॉम्प्लेक्स के कारण ब्यूटी स्टैंडर्ड ही रहे हैं। जब मैं 17 साल की थी और हॉस्टल में कॉलेज के फर्स्ट ईयर में थी, तब मैं बुलिंग का शिकार बनी। उस समय फेसबुक पर कन्फेशन पेज का जमाना था। अज्ञात नाम से लोग दूसरों के बारे में उल्टा-सीधा लिखते थे। मेरे बारे में भी काफी कुछ लिखा गया कि वो भद्दी दिखती है। कई लोगों ने मुझे सार्वजनिक तौर पर ह्युमिलिएट करने का मौका नहीं छोड़ा। मेरे आत्म सम्मान की धज्जियां उड़ाई गईं। उस वक्त वो बुलिंग मेरे लिए बहुत ज्यादा सदमे में रही। उसका असर मुझ पर काफी समय तक रहा। बहुत बाद में मैं उन चीजों से बाहर निकल पाई। मगर तब मुझे लगता था मैं खूबसूरत नहीं हूं।

**बिग बॉस 17 के बाद खतरों के खिलाड़ी जैसे रिएलिटी शोज का हिस्सा बन कर आपने क्या सीखा?**

मैंने बिग बॉस में जाने से पहले कभी नहीं सोचा था कि मैं इतनी बदल जाऊंगी। साढ़े चार महीने का वक्त मिला, तो खुद को समझने का भी मौका मिला। पहले मैं बहुत साधारण थी, और बिग बॉस के बाद मेरा दुनिया को देखने का नजरिया ही बदल गया। अगर मैंने वो घर साढ़े चार महीने झेल लिया, तो फिर मैं कुछ भी कर सकती हूं। ये मेरे लिए एक बड़ी जीत थी। हो सकता है, बाहर से लोगों को लगे कि मैं शायद स्ट्रॉन्ग नहीं थी, लेकिन मेरे लिए उस माहौल में रहना, उस मानसिक स्थिति से गुजरना, ये बहुत बड़ी बात थी। खतरों के खिलाड़ी एकदम अलग अनुभव था। वहां हर स्टंट के साथ खुद को साबित करने का मौका मिला। हर चुनौती का सामना किया और खुद को एक हीरो की तरह महसूस किया।

**पंजाबी फिल्म में काम करने का अनुभव कैसा रहा? पंजाबी होने का कितना फायदा मिला?**

बहुत अच्छा रहा। मैं जब सीरियल छोटी सरदारनी कर रही थी, तब 2021 में भी मुझे एक पंजाबी फिल्म का प्रस्ताव मिला था, मगर मैं कोविड का वक्त था और डेट्स की भी समस्या थी, तब मैं वो पंजाबी फिल्म नहीं कर पाई थी। पिछले साल भी मेरे पास 4-5 पंजाबी फिल्में आईं, मगर मेरे अंदर से आवाज ही नहीं आई कि उन फिल्मों के लिए हां कहूं, मगर इस साल मुझे इस फिल्म का ऑफर इसके निर्देशक जट एंड जूलिएट के लेखक धीरज जतन की ओर से मिला।

फिल्म में एक ऐसा किरदार निभाने का मौका मिला है जो बहुत मानवीय है। ये किरदार एक टिपिकल हीरोइन नहीं है, बल्कि एक दमदार इंसान है। पंजाबी होने का फायदा तो मिला, मगर ठेठ पंजाबी में तो फिर भी एलर्ट रहना पड़ता है। अब जैसे हिंदी में मैं काफी कंफर्टेबल हूं और सेट पर कुछ इम्प्रोवाइज करना होता है, तो कर देती हूं, मगर पंजाबी में इतनी आसानी नहीं होती।

**गुरु रंधावा जैसे एक्टर-सिंगर के साथ काम करना कैसा रहा?**

-गुरु के गाने तो मैं तब से सुन रही हूं, जब मैं कॉलेज में थी। गुरु बहुत ही अच्छे इंसान हैं और उन्होंने मेरे लिए बहुत ही कम्फर्टेबल और वेलकमिंग माहौल बनाया। वो बहुत दयालु हैं, अपनी टीम के साथ भी और हमारे साथ भी। उनके साथ काम करने का अनुभव बहुत ही मजेदार रहा।

## नॉवेल ब्लड मून पर सीरीज बनाने जा रहे सोहम शाह

### बोले- 10 एपिसोड लिखे जा चुके हैं, ओटीटी से बातचीत जारी है



सोहम शाह, जिन्होंने हाल ही में कर्तम भुगतम नाम की एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म का निर्देशन किया, शिल्पकारी के प्रति अपनी अनूठी दृष्टि के लिए जाने जाते हैं। इस फिल्म में श्रेयस तलपड़े और विजय राज ने अहम भूमिकाएं निभाई हैं। अब वह अपनी अगली वेब सीरीज ब्लड मून पर काम कर रहे हैं, जो उनकी लिखी हुई नॉवेल पर आधारित है।

**आपकी नॉवेल ब्लड मून को वेब सीरीज में बदलने का आइडिया कैसे आया?**

यह एक सिंपल लेकिन बहुत डरावनी कहानी है। इसमें एक फैमिली एक जगह जाती है, और वहां उनके साथ अजीब घटनाएं होती हैं। कहानी 2024-25 के दौर की है, यानी अभी के दौर की। यह एक ऐसा प्रोजेक्ट है जो सीरियस हॉरर में आता है। बहुत समय से हमारे यहां सीरियस हॉरर में कोई बड़ी फिल्म नहीं आई है। इसलिए मैंने यह नावेल लिखा, जिसका फील थोड़ा कंज्यूरिंग जैसी फिल्मों से मिलता है। इसके 10 एपिसोड लिखे जा चुके हैं और ओटीटी से बात चल रही है। जैसे ही ग्रीन लाइट मिलेगी, हम इस पर काम शुरू कर देंगे।

**कहानी और इसके किरदारों को डिजाइन करने के पीछे आपकी सोच क्या थी?**

इस नॉवेल को मैंने अपने कई सालों के अनुभवों से तैयार किया है। करीब 25-30 साल से मैं माथेरान में एक होटल में ठहरता आ रहा हूं। उस होटल की बैक स्टोरी मैंने इस तरह से डिज़ाइन की कि क्या हुआ होगा उस होटल के साथ, जो आज खंडहर जैसा हो गया है? कोई उसे खरीदने को तैयार नहीं है, कोई उसमें ठहरने को नहीं आता। सवाल ये है कि पास्ट में ऐसा क्या हुआ जो आज वो होटल इस हालत में पहुंच गया?

ऐसी, बहुत सी कहानियां जो आप रियल लाइफ में सुनते हो या एक्सपीरियंस करते हो, वो आपकी कहानियों का हिस्सा बन जाती हैं। उदाहरण के लिए, मैं खुद एक बार माथेरान में था, जब सुबह करीब 10-11 बजे एक बहुत बड़ी खबर फैली। घाटकोपर के मनीष शाह नाम के एक डायरेक्टर की वहां घुड़सवारी के दौरान मौत हो गई थी। वो घोड़े से गिर गए और मौके पर ही उन्हें ब्रेन हैमरेज हो गया। इस घटना ने माथेरान के बारे में कई थ्योरी को जन्म दिया- कि वहां घोड़े पागल हो जाते हैं, लोग हेलमेट नहीं पहनते, और ऐसी कई घटनाओं की वजह से डर का माहौल बन जाता है। पिछले एक-डेढ़ साल में माथेरान में इसी तरह की चार-पांच मौतें हो चुकी हैं।

**क्या आप इस वेब सीरीज के लोकेशन के बारे में और विस्तार से बता सकते हैं?**

ये पूरी तरह से लोकेशन-बेस्ड वेब सीरीज है, जिसमें मुंबई की सबसे हॉन्टेड जगहों को दिखाया जाएगा। 13 जगहें शामिल हैं, जैसे मुकेश मिल, माहिम का चौल, और एक फेमस हाई-फाई बिल्डिंग, जिसमें फिफ्थ फ्लोर पर एक फ्लैट हॉन्टेड बताया जाता है।

## मुझे हॉरर फिल्मों से ज्यादा गेमिंग पसंद है आज भी याद है मारियो : विजय वर्मा

**अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के लिए अक्सर चर्चा बटोरने वाले एक्टर विजय वर्मा बचपन से एनिमेशन, मार्शल आर्ट्स और फिक्शन फिल्मों के फैन रहे हैं। लेकिन इसी के साथ उन्हें गेमिंग का भी खूब शौक था। इसी वजह से आज तक उनके जेहन में रेट्रो गेम मारियो की वह आठ स्टेज बसी हुई हैं। बकौल विजय, हॉरर उन्हें फिल्मों से ज्यादा गेमिंग में पसंद है।**



### आज भी मारियो की वो आठ स्टेज याद हैं

विजय का गेमिंग का शौक बचपन से अभी तक बना हुआ है। वह कहते हैं, मैं गेमिंग का शौकीन हूं। कुछ महीनों में फेमस गेम इंडियाना जोन्स आने वाला है। मैंने बचपन में अमरीश पुरी वाली इंडियाना जोन्स मूवी थिएटर में देखी थी। अभी हाल ही में ब्लैक मिथ: वुकॉन्ग आया है जिसके बारे में मैंने अपने दोस्तों से रिव्यूज लिए हैं। इसकी बहुत तारीफ सुनी है, जिसे खेलने चाहता हूं। मैं ईडन रिंग जैसे गेम नहीं खेलना चाहता क्योंकि उनमें घुसता हूं तो तुरंत मर जाता हूं। गेम खेलने के अलावा मुझे गेम प्ले देखना भी पसंद है। मारियो और कॉन्ट्रा मेरे फेवरिट रेट्रो गेम्स हैं। आज भी मुझे मारियो की आठों स्टेज याद हैं क्योंकि मैंने इसी से गेमिंग की शुरुआत की थी। साइलेंट हिल ऐसा था जिसके बाद मेरे अंदर गेमिंग का जुनून पैदा हुआ। पहले सिर्फ कॉमिक्स में ही अपने आप को खोने का लुत्फ मिलता था। बाद में मैंने गेमिंग में वही मज़ा पाया। यह ऐसा गेम है जहां कोहरा है और कोई नहीं। ऐसी जगह पर आप पत्नी को ढूंढ रहे हैं और लगातार चीजें बदल रही है। ये ऑल्टरनेट रियलिटी के बेहद करीब है। अभी मैं गेमिंग को कम टाइम दे पा रहा हूं, लेकिन ऐसे दिन भी थे जब मैं तीन-तीन दिन तक लगातार खेलता था और बीच में बस चार घंटे सोता था।

### ज़ॉम्बीज़ गेम्स खास पसंद

गेम्स में विजय वर्मा को किस तरह के किरदार पसंद आते हैं। इस सवाल के जवाब में वह बताते हैं, मुझे ओल्ड डिटेक्टिव कैरेक्टर्स पसंद हैं इसलिए मैक्स पाइनी गेम अच्छा लगता है। वैसे हॉरर गेमिंग में ज्यादा दिलचस्पी है। फिर चाहे द लास्ट ऑफ अस हो या रेज़िडेंट इविल। मुझे रेज़िडेंट इविल का चौथा पार्ट सबसे बेहतर लगा क्योंकि यह शानदार ग्राफिक्स, गेम प्ले, जॉम्बीज के पल-पल डर और ढेर सारे लड़ने के मौकों से भरा पड़ा है। इसका री-मास्टर्ड वर्जन भी आया जो सुपरहिट रहा। मुझे फिल्मों की बजाए गेमिंग में हॉरर ज्यादा दिलचस्प लगता है। ज़ॉम्बीज़ के गेम्स इसलिए भाते हैं क्योंकि उनमें दुनिया खत्म हो रही होती है, कुछ बचा नहीं होता है और आपके खिलाड़ी को पानी, बैटरी, औजार सब इकट्ठा करने होते हैं। ऐज एन ऐक्टर भी मुझे गेम्स के किरदार गहराइयों तक ले जाते हैं। हालांकि, ग्रैंड थेफ्ट ऑटो जैसे गेम्स पसंद नहीं जहां गाड़ियां एक-दूसरे को ठोंकती हों और आपका प्लेयर किसी को भी मार देता हो।

### अजूबा और हातिम ताई का फैन रहा हूं

विजय ने यहां बचपन में अपनी पसंदीदा फिल्मों के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया, मेरे जीवन की कुछ फिल्में हैं जिन्हें देखकर मैं बहुत प्रेरित हुआ। मैंने बचपन में एक एनिमेशन फिल्म डायनासोर की देखी थी जिसमें धूमकेतु आने के बाद उनका पूरा परिवार जिंदा रहने के लिए स्ट्रगल करता है। मुझे याद है कि उस फिल्म को देखकर मैं रोए जा रहा था। उस वक्त मैं करीब छह-सात साल का रहा होऊंगा और वीसीआर घर आया था। एक और फिल्म है सदमा जिसे देखकर बहुत हंसा और रोया भी। बचपन में आपको ऐसे ही चुलबुले किरदार पसंद आते हैं। फिल्म के आखिर में जब श्रीदेवी ने कमल हासन को पहचानने से मना कर दिया तो उसे देखकर मेरा दिल टूट गया। उसमें सिल्क स्मिता को देखकर मुझे घबराहट हो गई थी कि यह कौन है। मुझे एक टाइम तक वह विलेन जैसी लगती थी। वैसे मेरे घर में हॉलिवुड खासकर मार्शल आर्ट्स की फिल्मों का क्रेज था क्योंकि पापा ब्रूस ली, जेट ली, जैकी चैन बड़े फैन थे। मेरा लगाव एनिमेशन, मार्शल आर्ट्स, फैंटेसी फिल्मों से बहुत था। फिर अजूबा जैसी फिल्में आईं तो लगा कि ये अपने यहां की सॉलिड फिल्म है। हातिम ताई भी मुझे बहुत पसंद है।

### जो करता, वह रिलीज नहीं होता था

बॉलीवुड में अपने स्ट्रगल के दिनों को भी विजय ने याद किया। उन्होंने कहा, मेरा स्ट्रगल कई साल चला। मैं मुंबई आ गया पर काम करने को बेचैन था। काम मिल जाए बस यही बड़ी बात थी क्योंकि लौटने का रास्ता नहीं बचा था। उस वक्त स्ट्रीमिंग प्लैटफॉर्म थे नहीं और टीवी करना नहीं था। नाटक करता था और उम्मीद थी कि उसे देखकर कोई बुला लेगा। मैंने मॉनसून शूटआउट की, जो Cannes गई लेकिन उसके बावजूद मुझे किसी ने नहीं पहचाना। सीखने वाली चीज यही थी कि इस फिल्म में मेरा लीड रोल था और दोबारा कोई लीड रोल देगा नहीं, ये बात दिमाग में चलती रहती थी। उसी दौरान फिल्म पिंक आई। बीच में चार-पांच साल तिग्मांशु धूलिया के साथ फिल्में कीं, वो समय पर रिलीज नहीं हुईं। मैं वो काम करता था जो बाहर आता ही नहीं था। पिंक पहली फिल्म थी जिसे मार्च-अप्रैल में शूट किया और सितंबर में रिलीज हो गई। दरअसल मैंने देखा था कि जिसकी शूटिंग 2010 में की, वह 2017 तक नहीं आई। उस दौरान खुद को संभाला क्योंकि मेरे भीतर कुछ इमोशंस और इश्यू थे, जिन्हें देख नहीं पा रहा था। मैं घर से भागकर आया कि कुछ करना है और मैं कर नहीं पा रहा था। उससे एक घुटन पैदा हो रही थी, जिससे मुझे खुद को बचाना था। देखा जाए तो मेरे करियर का संघर्ष गली बॉय के बाद कम हुआ।

## लाइफ में पीछे मुड़कर देखती हूं तो रोती हूं गिल्ट महसूस होता है; 2020 में अध्यात्म के लिए छोड़ दी थी फिल्म इंडस्ट्री : सना




बिग बॉस 6, जय हो में काम कर चुकीं एक्ट्रेस सना खान ने 2020 में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को बाय-बाय कह दिया था। वह अध्यात्म की राह पर चल पड़ी थीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस बात का खुलासा करते हुए कहा था कि अब अल्लाह के बताए रास्ते पर चलकर मानवता की सेवा करेंगी। इसके बाद सना ने सूरत के मौलवी अनस सैयद से शादी कर ली थी। अब सना ने एक इंटरव्यू में अपनी चैलेंजिंग जर्नी के बारे में बात की है। उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी पिछली ग्लैमरस लाइफ की वजह से गिल्ट महसूस होता है। सना ने कहा, मैं बहुत घरेलू लड़की थी, सलवार कमीज पहनती थी, मेरे बालों में तेल लगा होता था जब मैं कॉलेज जाती थी। मैं पता नहीं कैसे शॉर्ट स्कर्ट और बैकलेस पहनने वाली स्टेज पर पहुंच गई। जब मैं पीछे मुड़कर अपनी लाइफ देखती हूं तो रो पड़ती हूं। मुझे अपनी गलतियों का एहसास होता है। ग्लैमर इंडस्ट्री छोड़ने के बाद मुझे अपनी पिछली लाइफ को लेकर बेहद गिल्ट महसूस होता है। लाइफ में आए बदलाव के बाद अब मैं बेहद एक्सप्रेसिव हो गई हूं। पहले मैं कंट्रोल करती थी लेकिन अब मुझे खूब रोने का मन करता है। हर कोई मुझसे कहता है कि तुम रोती क्यों रहती हो लेकिन मैं क्या करूं।

### सना ने कहा था-ग्लैमर ने अंधा कर दिया था

इससे पहले भी एक इंटरव्यू में सना ने शोबिज छोड़ने के अपने फैसले के बारे में भी सना ने बात की थी। उन्होंने कहा कि ग्लैमर और प्रसिद्धि ने उन्हें अंधा कर दिया था और वे पहले यह महसूस नहीं कर सकीं कि यह उनके लिए गलत पेशा था। सना ने कहा था- बहुत से लोगों ने पूछा कि मुझे यह महसूस करने में इतना समय क्यों लगा कि मैं गलत पेशे में थी। बहुत चीजें आपको तुरंत ही रियलाइज नहीं होती हैं। आपको इतना ग्लैमर और नाम मिल जाता है, या तो आपको कुछ दिखाई नहीं देता है या फैसला नहीं ले पाते हैं। मेरे केस में यह रोजी का सवाल था; मैं अपने परिवार में कमाने वाली अकेली थी। लॉकडाउन ने मुझे यह महसूस करने में मदद की कि मुझे यह कदम उठाना होगा। मैं जो काम कर रही थी, वह मेरा था ही नहीं। मैं इसके लिए आभारी हूं कि इंडस्ट्री ने मुझे क्या दिया है, लेकिन मुझे एहसास हुआ कि मैं वहां के लिए नहीं थी।

## कोरियोग्राफर जानी मास्टर ने जुर्म कबूला

### 4 साल तक असिस्टेंट का सेक्शुअल हैरेसमेंट किया पुलिस बोली- गलत इरादे से नौकरी पर रखा था



सेक्शुअल हैरेसमेंट के मामले में गिरफ्तार हुए तेलुगु कोरियोग्राफर जानी मास्टर ने अब अपना गुनाह कबूल कर लिया है। जानी पर यह आरोप 21 साल की एक फीमेल कोरियोग्राफर ने लगाया था जो बीते कई सालों से उनकी असिस्टेंट कोरियोग्राफर थी। इसके बाद साइबराबाद पुलिस ने गुरुवार को जानी को गोवा से गिरफ्तार किया। गलत इरादे से ही नौकरी दी थी कोर्ट में मामले की रिपोर्ट पेश करते हुए पुलिस ने कहा कि पीड़िता पहली बार साल 2019 में एक कार्यक्रम के दौरान जानी मास्टर से मिली थी। इसके बाद जानी ने दुर्भावनापूर्ण इरादे से ही पीड़िता को असिस्टेंट कोरियोग्राफर की नौकरी ऑफर की थी, जिसे पीड़िता ने एक्सेप्ट कर लिया। सेक्शुअल हैरेसमेंट के वक्त 16 साल की थी पीड़िता 2020 में, जानी ने मुंबई के एक होटल में अपनी असिस्टेंट का यौन शोषण किया। उस वक्त पीड़िता 16 वर्ष की थी। पुलिस ने रिमांड रिपोर्ट में कहा कि जानी ने चार साल में कई बार पीड़िता का यौन शोषण किया।

करियर खत्म करने की भी धमकी दी जानी ने पीड़िता को उसका करियर खत्म करने की धमकी दी। इतना ही नहीं उन्होंने अपने कॉन्टैक्ट्स का इस्तेमाल करके पीड़िता को फिल्मों में मिलने वाले मौके भी रुकवा दिए। पत्नी ने भी मारपीट की, शादी का दबाव बनाया पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि जानी और उसकी पत्नी ने पीड़िता के घर जाकर उससे मारपीट की। साथ ही धर्म बदलकर शादी करने का दबाव भी बनाया। 'स्त्री 2' और 'पुष्पा' के गाने कोरियोग्राफ कर चुके हैं जानी मास्टर का असली नाम शेख जानी बाशा है। वो 'बाहुबली' और 'पुष्पा: द राइज' जैसी फिल्मों के गानों की डांस कोरियोग्राफी कर चुके हैं। हालिया रिलीज फिल्म 'स्त्री 2' का गाना 'आई नहीं' को भी जानी ने ही कोरियोग्राफ किया है। पवन कल्याण की पार्टी ने नाता तोड़ा सेक्शुअल हैरेसमेंट के आरोप लगने के बाद जानी को तेलुगु फिल्म चेंबर ऑफ कॉमर्स से सस्पेंड कर दिया गया है। इसके साथ ही उन्हें वर्कर्स यूनियन से भी हटा दिया गया है। वहीं जानी के पुराने दोस्त सुपरस्टार और आंध्र प्रदेश के मौजूदा डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने भी जानी को पार्टी की गतिविधियों से दूर रहने का आदेश दिया है। जानी ने पिछले चुनावों में पवन की पार्टी जेएसपी के लिए खूब प्रचार किया था।

दैनिक
बढ़ता राजस्थान
www.badhatarajasthan.in
RNI NO. RAJHIN/2010/35060



दो तरह से देखने से चीज़े छोटी नजर आती है,
एक दूर से और एक गुरुर से!

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# अजमेर के रूपनगढ़ में अंधाधुंध फायरिंग, एक की मौत

## गाड़ियों में तोड़फोड़; जेसीबी को आग लगाई, लोगों को स्कॉर्पियो से कुचलने की कोशिश

बढ़ता राजस्थान

**किशनगढ़ ( अजमेर )।** हॉस्टल के सामने दुकान निर्माण को लेकर दो गुटों में विवाद हो गया। गाड़ियों में भरकर पहुंचे बदमाशों ने अंधाधुंध गोलियां चलाईं। लोगों को गाड़ियों से कुचलने की कोशिश की गई। फायरिंग में एक युवक की मौत हो गई। दहशत के चलते बाजार बंद हो गए। लोगों ने बदमाशों की गाड़ियों में तोड़फोड़ की और एक जेसीबी को आग लगा दी। मामला अजमेर में रूपनगढ़ का रविवार सुबह 11.30 बजे का है।

डीएसपी ग्रामीण सत्यनारायण यादव ने बताया- गोली लगने से रूपनगढ़ निवासी शकील लंगा (25) की मौत हुई है। जबकि नारायण (32) पुत्र नानूराम घायल हुआ है। उसे किशनगढ़ से अजमेर रेफर किया गया है। घटना में शामिल आरोपियों की पहचान कर उनके ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। घटना स्थल पर फोर्स तैनात है।

### डीएसपी बोले- जमीन पंचायत की, कब्जा लंगा परिवार का

डीएसपी ने बताया- जैन छात्रावास के आगे पंचायत की जमीन है। यहां लंगा परिवार का कब्जा है। इस जमीन पर पिछले दिनों पंचायत ने पट्टे दिए हैं। रविवार को यहां लंगा परिवार की ओर से दुकान का निर्माण करवाया जा रहा था। इसी दौरान सुबह बलवा राम चौधरी( बीआरसी) ग्रुप के लोग यहां पहुंचे और दोनों पक्षों में झड़प हो गई। इसके बाद बीआरसी ग्रुप के लोग यहां से चले गए। करीब आधे घंटे बाद वे कुछ अन्य लोगों को लेकर आया। कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। इसके बाद पत्थरबाजी और फायरिंग हो गई।

# मौसम : तीन दिन बाद 6 जिलों में बारिश की संभावना

## आज से शुरू हो सकती है मानसून की विदाई, एक बार हल्की बरसात होगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में अच्छी बारिश के साथ अब मानसून की विदाई का काउंटडाउन शुरू हो गया है। मौसम विशेषज्ञों ने पश्चिमी राजस्थान में 23-24 सितंबर से मानसून की विदाई का दौर शुरू होने की संभावना जताई है। क्योंकि यहां अब परिस्थितियां मानसून की विदाई के अनुकूल बन रही हैं। हालांकि 25 सितंबर को प्रदेश में एक बार फिर हल्की से मध्यम बारिश का दौर शुरू होगा, जो बहुत कम समय के लिए होगा। पूर्वी राजस्थान के उदयपुर, कोटा संभाग के 6 जिलों के लिए इसके लिए येलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विशेषज्ञ इसे मानसून विदाई की आखिरी बारिश का दौर मान रहे हैं। राजस्थान में पिछले 24 घंटे में शनिवार को जयपुर, अजमेर, कोटा, भरतपुर, जोधपुर, बीकानेर संभाग के एरिया में साफ रहा। सबसे केवल उदयपुर संभाग के एरिया में हल्के बादल छाए। उदयपुर के खैरवाड़ा और उसके आसपास बूंदाबांदी भी हुई।

### धूप निकलने के साथ बढ़ा तापमान

जयपुर, जोधपुर समेत कई शहरों में धूप निकलने के साथ दिन के तापमान में इजाफा होने लगा है। जयपुर में कल दिन का अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री सेल्सियस, जैसलमेर में 38.9, जोधपुर में 36.4, कोटा में 35.1, गंगानगर में 37.6, बाड़मेर में 38.1, अजमेर में 34.3 और बीकानेर में कल दिन का अधिकतम तापमान 36.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## ममता की 2 दिन में पीएम को दूसरी चिट्ठी

# आरोप- बंगाल की बाढ़ मैन मेड, पानी छोड़ने से पहले सलाह नहीं ली; बिजली सचिव डीवीसी से हटे

बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में आई बाढ़ पर पीएम मोदी को एक और लेटर लिखा है। 2 दिन के अंदर लिखी दूसरी चिट्ठी में ममता ने आरोप लगाया है कि दामोदर घाटी निगम ने उनसे सलाह लिए बिना पानी छोड़ा, जिससे बंगाल के जिले डूब गए। इससे पहले ममता ने 20 सितंबर को भी पीएम नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी थी। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के तहत आने वाले बांधों से 5 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के कारण बंगाल में बाढ़ आई है।

इधर, बंगाल सरकार और केंद्र के बीच चल रही जुबानी जंग के बीच राज्य के बिजली सचिव शांतनु बसु ने डीवीसी बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है। बसु के अलावा बंगाल के सिंचाई विभाग के चीफ इंजीनियर ने भी रेगुलेशन कमेटी से इस्तीफा दे दिया है।

दामोदर घाटी जलाशय विनियमन समिति में केंद्रीय जल आयोग, पश्चिम बंगाल, झारखंड और दामोदर वैली निगम के प्रतिनिधि होते हैं।

# जापान-कोरिया यात्रा पर घर से खाना लेकर गया : सीएम

## कहा : मैंने 6 दिन वही खाया; जैन समाज के क्षमावाणी पर्व पर क्षमा भी मांगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( एजेंसी )।** राजस्थान जैन सभा की ओर से रविवार को आयोजित सामूहिक क्षमावाणी पर्व समारोह में सीएम भजनलाल शर्मा ने भी क्षमा मांगी। सीएम भजनलाल ने संबोधित करते हुए कहा- गुरु जी मैं कुछ दिन पहले 5-6 दिन की जापान-कोरिया की यात्रा पर गया था। मुझसे कई लोगों ने कहा कि आप तो लहसुन-प्याज भी नहीं खाते हो, आपका भोजन कैसे होगा। मैंने कहा- पहले हमारे पूर्वज 8 से 15 दिन के लिए तीर्थ को जाते थे। वे अपने साथ ही भोजन-प्रसादी लेकर जाते थे। सीएम ने कहा- मैं 6 दिन के लिए गया। मैं घर से खाना बनवाकर ले गया। मुझे कहा कि यह सब्जी तो वहां भी मिल जाएगी, लेकिन वहां तेल किसी और का मिलता है तो मैंने कहा- यह नहीं चलेगा। गुरु जी मैं तो साथ ही अपना पूरा सामान लेकर गया। पूरी यात्रा के दौरान मैंने वही खाया।

सीएम ने कहा- आज क्षमावाणी पर्व पर मैं भी जाने-अनजाने में जो मुझसे गलतियां हुई हैं, उनके लिए आप से क्षमा मांगता हूं। उन्होंने कहा- क्षमा से आत्मा की शुद्धि होती है। गलती होना स्वाभाविक है, लेकिन उस गलती को स्वीकार करते हुए क्षमा मांग लेना बहुत बड़ा मानवीय गुण है। सामने वाले को क्षमा करना उससे भी बड़ी बात है। उन्होंने कहा- जैन समाज क्षमा याचना के महत्व को बढ़ाता है। क्षमा मांगने से कटुता और द्वेष भाव समाप्त हो जाता है। इससे समाज में शांति और सद्भाव का मार्ग प्रशस्त होता है।

### संत-मुनियों को राज्य में स्टेट गेस्ट का दर्जा

सीएम भजनलाल ने कहा- हमारे संत-मुनियों ने देश को दिशा देने, संस्कृति को बचाने और सनातन को मजबूत करने का काम किया है। उन्होंने कहा- मैं तो अध्यात्म से जुड़ा व्यक्ति हूं। मैंने मुख्यमंत्री बनते ही सबसे पहले आदेश जारी किए थे कि प्रदेश में आने वाले संत-मुनियों को स्टेट गेस्ट का दर्जा मिलेगा।



उन्होंने मुनि शशांक सागर, पावन सागर, समत्व सागर महाराज सहित अन्य संतों को स्टेट गेस्ट का दर्जा नहीं मिलने को चूक बताते हुए उनसे क्षमा भी मांगी। इस मौके पर मुनियों ने अपने उद्बोधन में सीएम भजनलाल के व्यक्तित्व को रेखांकित करते हुए उनकी सादगी-सहृदयता की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सेवाभावी हैं। ये नाम और काम, दोनों से झलकता है।

# जयपुर में होगा बॉलीवुड का सबसे बड़ा आईआईएफए अवॉर्ड शो

## दीया कुमारी की मौजूदगी में एग्रीमेंट; इस साल का आइफा आबूधाबी में

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में अगले साल मार्च में बॉलीवुड के सितारों का मेला लगेगा। हिन्दी सिनेमा का सबसे बड़ा अवॉर्ड इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी के आयोजन के लिए रविवार को एग्रीमेंट हुआ। जयपुर के अल्बर्ट हॉल में हुई इस सेरेमनी में राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी भी मौजूद रहीं। इस 25वें आईफा अवॉर्ड शो के लिए पर्यटन कमिश्नर विजय पाल ने एमओयू साइन किया। इस मौके पर आईफा के वाइस प्रेसिडेंट सुरेश अय्यर मौजूद रहे। यह आयोजन अगले साल जयपुर में 7 से 9 मार्च तक आयोजित होगा।

**इंडिया में दूसरी बार आयोजित हो रहा शो**-आईफा अवॉर्ड शो तीन दिन जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में सात मार्च से शुरू होगा। यह इंडिया में दूसरी बार आयोजित हो रहा है, इससे पहले साल 2019 में मुंबई में यह शो हुआ था। आईफा का आयोजन जयपुर में होने से टूरिज्म और इंडस्ट्री की दृष्टि से फायदा होने की उम्मीद है। टूरिस्ट इंडस्ट्रीज के एक्सपर्ट का कहना है कि सेलिब्रिटी के आने से डोमेस्टिक और इंटरनेशनल टूरिस्ट्स की डिमांड बढ़ेगी। जयपुर में अब तक इंटरनेशनल लेवर का जो आयोजन होता है उसमें जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल प्रमुख है।

**डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने कहा**-आईफा का 25वां एडिशन जयपुर में होना



पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण इवेंट है। आज हमने आईफा की टीम के साथ एमओयू साइन किया है। जयपुर इंडिया का दूसरा ऐसा शहर होगा, जहां आईफा आयोजित किया गया है। यह राइजिंग राजस्थान की ही एक पहल है। मार्च में इवेंट होगा। एंटरटेनमेंट और पर्यटन की दृष्टि से कई तरह के निवेश यहां होंगे। यह तीन दिन का अवॉर्ड समारोह होगा। इसमें एक दिन म्यूजिक के अवॉर्ड होंगे। दूसरे दिन फिल्मों के अवॉर्ड आयोजित किए जाएंगे।

**आईफा के सुरेश अय्यर ने कहा**-हमें राजस्थान आकर बेहद खुशी हो रही है। हमारा यह इवेंट ग्लोबल है। मुंबई के बाद अब हम इंडिया में जयपुर की तरफ रुख कर रहे हैं। राजस्थान हमेशा बॉलीवुड के करीब रहा है। इस आयोजन को ऐतिहासिक अनुभव का फायदा मिल जाएगा। राजस्थान के बैकड्रॉप पर यह आयोजन बेहद खास होने वाला है।

**आईफा अवॉर्ड शो को इस साल होस्ट कर रहे हैं शाहरूख-करण**-इस साल 24वें आईफा अवॉर्ड शो का आयोजन आबूधाबी के यास में 27 से 29 सितंबर तक होगा। इस शो के लिए हाल ही में मुंबई एक प्रेस कांफ्रेंस हुई। जिसमें शो के होस्ट करण जौहर व शाहरूख खान के साथ और कई बॉलीवुड सेलिब्रिटी भी मौजूद थे। कांफ्रेंस में किंग खान का मजाकिया अंदाज भी दिखा।

## बेंजामिन नेतन्याहू ने दी चेतावनी

# अगर हिज्बुल्लाह अभी तक नहीं समझा तो वादा है कि...,



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने लेबनान के सशस्त्र समूह हिज्बुल्लाह को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने रविवार को कहा कि तेल अवीव ने हाल के दिनों में हिज्बुल्लाह पर इस तरीके से हमले किए हैं जिसकी वह कल्पना भी नहीं कर सकता। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने नेतन्याहू के हवाले से कहा, अगर हिज्बुल्लाह को मैसेज समझ नहीं आया है, तो मैं वादा करता हूं कि वह जरूर समझेगा। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जब इजरायल ने लेबनान में ईरान समर्थित हिज्बुल्लाह के ठिकानों पर जोरदार हमले किए हैं। हिज्बुल्लाह ने भी पलटवार किया और इजरायल के उत्तर में सैन्य ठिकानों पर रॉकेट दागे हैं। रविवार को ही लेबनान की ओर से इजरायल के उत्तरी इलाकों पर रात भर में 100 से ज्यादा रॉकेट दागे गए। इजरायल रक्षा बलों ने रविवार को कहा अभी तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। इससे पहले दिन में इजरायली टीवी प्रसारक चैनल 12 ने बताया कि पिछले कुछ घंटों में उत्तरी इजरायल के बड़े इलाकों में हिज्बुल्लाह की ओर से गोलाबारी की गई। देश के उत्तरी इलाकों में रात भर में 11 बार अलार्म सायरन बजाए गए।

### इजरायल और हिज्बुल्लाह के एक-दूसरे पर हमले

सेना ने टेलीग्राम पर लिखा, उत्तरी इजरायल के कई इलाकों में सुबह 6ः24 से 07ः00 बजे के बीच सायरन बजे। लेबनान से इजरायली क्षेत्र में घुसने वाले लगभग 85 रॉकेट की पहचान की गई और उनमें से कुछ को रोक दिया गया। आईडीएफ ने कहा कि इजरायली बचाव सेवाएं हमलों के संपर्क में आने वाले क्षेत्रों में अग्निशमन अभियान में लगी हुई हैं। अक्टूबर 2023 में गाजा पट्टी में इजरायल की ओर से सैन्य अभियान शुरू करने के बाद तनाव बढ़ गया है। इजरायली सेना और हिज्बुल्लाह लगभग हर दिन सीमा पार से गोलीबारी कर रहे हैं।

# यूएस के अलबामा में अंधाधुंध गोलीबारी; 4 की मौत और 20 घायल, ग्रुप में आए थे हमलावर

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** अमेरिका के अलबामा में देर रात हुई गोलीबारी में 4 लोग मारे गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटना शहर के सबसे लोकप्रिय मनोरंजन स्थलों में से एक फाइव प्वाइंट साउथ इलाके में हुई। मैगनोलिया एवेन्यू के पास 20वीं स्ट्रीट पर रात 11 बजे के बाद अचानक गोलियों की तड़तड़ाहट सुनाई देने लगी। बताया जा रहा है कि शूटर्स का एक ग्रुप था जिसने भीड़ में अंधाधुंध फायरिंग की। चार मौतों के अलावा 20 लोग घायल भी हुए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, बर्मिंघम अधिकारी ट्रूमैन फिट्जगेराल्ड ने मौतों की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि गोलीबारी के चलते दर्जनों लोग शिकार हुए और 6



लोगों को जानलेवा चोटें आईं जिन्होंने दम तोड़ दिया। अधिकारी ने बताया कि गोली लगने से 2 पुरुषों और 1 महिला की मौत मौके पर ही हो गई, जबकि चौथे ने अस्पताल में दम तोड़ा। पूरे मामले की जांच जारी है। हालांकि, अभी तक किसी भी संदिग्ध को हिरासत में नहीं लिया गया है।

# शिक्षक दें जीवन में उत्तरोत्तर विकास की शिक्षा : राज्यपाल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (उच्च शिक्षा) के विश्वविद्यालय शैक्षिक सम्मेलन में राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि शिक्षकों को विद्यार्थियों के जीवन में उत्तरोत्तर विकास के लिए शिक्षा देनी चाहिए। राज्यपाल श्री बागडे ने रविवार को विश्वविद्यालय शैक्षिक सम्मेलन में अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अपनी मां तथा परिवार से मिली शिक्षा से बच्चे छोटी उम्र में ही विशेष योग्यताओं को अर्जित कर लेते हैं। शिक्षक को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को केन्द्र में रखकर अध्यापन करवाना चाहिए। इससे विद्यार्थी के जीवन में उत्तरोत्तर विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। शिक्षा बौद्धिक क्षमता बढ़ाने वाली हो। पाठयक्रम के अतिरिक्त सहशैक्षिक गतिविधियां भी ज्ञान प्राप्ति की साधन होनी चाहिए। इनसे विद्यार्थी कक्षा




उत्तीर्ण होने के लिए आवश्यक पुस्तकीय ज्ञान से अधिक व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करेगा। राज्यपाल ने कहा कि श्री मा.स. गोलवकर 'गुरूजी' के विचारों पर नई शिक्षा नीति में जोर देना चाहिए। शिक्षा में सुधार के लिए बनी नीतियों, शिक्षा आयोगों एवं कमेटियों के सुझाओं का प्रभाव प्राथमिक शिक्षा पर होने से विद्यार्थियों में राष्ट्र प्रथम का भाव जागृत होगा।

भारतीय शिक्षा पद्धति में हमारी संस्कृति, देवधर्म एवं आदर्शों के आचरण को स्थान देना आवश्यक है। महर्षि दयानन्द सरस्वती जैसे महापुरूषों के मानवीय सद्गुणों युक्त नैतिक शिक्षा को अपनाने से विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास होगा। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ इसी भावना से शिक्षक निर्माण के कार्य में लगा है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com